खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 26°C
न्यूनतम : 23°C

लखनऊ, मंगलवार 22 जुलाई 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 261 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com श्रावण कृष्ण पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 26 मुहर्रम 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



यूपी नीट यूजी का काउंसलिंग पंजीकरण शुरू

पेज 2




चोटिल नीतीश रेड्डी इंग्लैंड सीरीज से बाहर

खेल टाइम्स



मुंबई ट्रेन ब्लास्ट: 19 साल बाद बाइज्जत बरी कौन लौटाएगा 19 साल

सम्पादकीय



ट्रम्प ने ओबामा की गिरफ्तारी का एआई वीडियो किया शेयर

पेज़ 12

## केरल के पूर्व सीएम अच्युतानंदन का 101 वर्ष की उम्र में निधन



**तिरुवनंतपुरम।** केरल के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ मार्क्सवादी नेता वीएस अच्युतानंदन का निधन हो गया है। उनकी उम्र 101 वर्ष थी। माकपा के राज्य सचिव एमवी गोविंदन ने यह जानकारी दी। गोविंदन ने पत्रकारों को बताया कि अच्युतानंदन का निधन यहां एक निजी अस्पताल में हुआ, जहां वह करीब एक महीने पहले दिल का दौरा पड़ने के बाद से उपचार करा रहे थे। अच्युतानंदन माकपा के संस्थापक सदस्यों में से थे और जीवनभर मजदूरों के अधिकारों, भूमि सुधार और सामाजिक न्याय की वकालत करते रहे। उन्होंने 2006 से 2011 तक केरल के मुख्यमंत्री के रूप में सेवा दी और सात बार राज्य विधानसभा के लिए चुने गए।

## दुकानों के विवरण प्रदर्शित करने की याचिका पर केंद्र व राज्यों को नोटिस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दुकानों समेत अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के प्रवेश द्वार पर संबंधित मालिकों के नाम और संपर्क विवरण प्रदर्शित करने की मांग वाली एक जनहित याचिका पर केंद्र के अलावा राज्य सरकारों और भारतीय विधि आयोग को सोमवार को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने भाजपा के नेता और अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय की याचिका पर यह आदेश पारित किया।

## सिद्दारमैया की पत्नी पार्वती को एमयूडीए मामले में राहत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) से संबंधित धनशोधन के एक मामले में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया की पत्नी बीएम पार्वती को राहत देते हुए उनके खिलाफ दायर ईडी की याचिका सोमवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने इस मामले में कर्नाटक उच्च न्यायालय के सात मार्च के उस आदेश में हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया, जिसमें ईडी की ओर से पार्वती व अन्य को जारी समन रद्द कर दिया गया था।

## भाजपा सांसद सूर्या को राहत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कथित तौर पर फर्जी खबरें फैलाने के मामले में भाजपा) सांसद तेजस्वी सूर्या को राहत देते हुए उनके खिलाफ दर्ज आपराधिक मुकदमा रद्द करने के उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली कर्नाटक सरकार की याचिका पर विचार करने से सोमवार को इन्कार कर दिया।

# जस्टिस को 'वर्मा' संबोधित करने वाले वकील को CJI की फटकार

## अदालत ने वकील से पूछा- क्या वह आपके दोस्त हैं, मर्यादा में रहिए

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस बीआर गवई ने सोमवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा को उनके सरनेम से संबोधित करने पर एक वकील को फटकार लगाई।

दरअसल, वकील मैथ्यूज नेदुम्परा सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस वर्मा को सिर्फ 'वर्मा' कहकर संबोधित कर रहे थे। इस पर सीजेआई ने कहा कि क्या वे आपके दोस्त हैं? वे अब भी जस्टिस वर्मा हैं। आप उन्हें कैसे संबोधित करते हैं? थोड़ी मर्यादा रखिए। आप एक विद्वान जज की बात कर रहे हैं। वे अब भी इस अदालत के -शेष पृष्ठ दो पर



### जस्टिस वर्मा को हटाने की प्रक्रिया शुरू

**नई दिल्ली।** न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को उनके पद से हटाने की प्रक्रिया तेज हो गई है। दिल्ली में मौजूद उनके आवास से जली हुई नकदी के बंडल मिलने के बाद विपक्ष और सत्ता पक्ष के सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति को उनके खिलाफ नोटिस सौंपे हैं। यशवंत वर्मा को इस विवाद के बाद दिल्ली हाईकोर्ट से वापस इलाहाबाद हाईकोर्ट भेज दिया गया है। लोकसभा में 145 सांसदों ने एक साथ मिलकर न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने के लिए नोटिस दिया है। इसमें विपक्ष के नेता राहुल गांधी, भाजपा के रविशंकर प्रसाद और अनुराग ठाकुर, कांग्रेस के केसी वेणुगोपाल और के सुरेश, एनसीपी- एसपी की सुप्रिया सुले, डीएमके के टीआर बालू, आरएसपी के एनके प्रेमचंद्रन और आईयूएमएल के ईटी मो. बशीर जैसे कई दिग्गज नेताओं के नाम शामिल हैं।

# उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने दिया इस्तीफा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** जगदीप धनखड़ ने उप राष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने स्वास्थ्य कारणों को इस्तीफे की वजह बताया है।

राष्ट्रपति को पत्र में उन्होंने लिखा कि स्वास्थ्य की प्राथमिकता और चिकित्सकीय सलाह का पालन करते हुए मैं भारत के उपराष्ट्रपति पद से तत्काल प्रभाव से त्यागपत्र दे रहा हूं। पत्र में उन्होंने राष्ट्रपति को उनके सहयोग और सौहार्दपूर्ण संबंधों के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही प्रधानमंत्री और मंत्रिमंडल को भी सहयोग के लिए आभार जताया। 2022 में जगदीप धनखड़ ने 14वें उप राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी। 6 अगस्त 2022 को हुए उप राष्ट्रपति के चुनाव में धनखड़ ने विपक्ष की उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा को हराया था। धनखड़ ने लिखा कि माननीय राष्ट्रपति जी सेहत को प्राथमिकता देने और डाक्टर की सलाह को मानने के लिए मैं संविधान के अनुच्छेद 67 के अनुसार अपने पद से इस्तीफा देता हूं। मैं भारत के राष्ट्रपति में गहरी कृतज्ञता प्रकट करता हूं।



- राष्ट्रपति को भेजे त्यागपत्र में लिखा- स्वास्थ्य कारणों से डाक्टर्स की सलाह पर अपना पद छोड़ रहा हूं

## 7/11 मुंबई लोकल ट्रेन बम धमाका मामले में ऐतिहासिक फैसला

# 19 साल बाद न्याय, मुंबई ट्रेन धमाके के 12 मुस्लिम युवक हाईकोर्ट से बरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** 7/11 मुंबई लोकल ट्रेन बम धमाकों के मामले में सोमवार को बॉम्बे हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया। 19 वर्षों की लंबी कानूनी लड़ाई के बाद जबरन फंसाए गए मुस्लिम युवाओं को इंसाफ मिला।

कोर्ट ने विशेष मकोका अदालत द्वारा पांच अभियुक्तों एहतिशाम कुतुबुद्दीन सिद्दीकी, कमाल अंसारी, फैसल अता उर्रहमान शेख, आसिफ बशीर और नवेद हुसैन को दी गई फांसी की सज़ा को गैरकानूनी करार दिया। इसी के साथ सात अभियुक्तों मोहम्मद अली शेख, सुहैल शेख, उर्रहमान लतीफ उर्रहमान, डा. तनवीर, मुअज्ज़म अता उर्रहमान शेख, माजिद शफी और साजिद मरगूब अंसारी को दी गई उम्रकैद की सजा को भी रद्द कर दिया गया। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच, जिसमें न्यायमूर्ति एएस कुलकर्णी और न्यायमूर्ति श्याम सी. चांदक शामिल थे, ने सुबह साढ़े नौ बजे यह फैसला सुनाया। अदालत ने अभियुक्तों से जबरन लिए गए इक़बाली बयान (कबूलनामे) को पूरी तरह खारिज कर दिया और उसे अवैध बताया। इसके अलावा, सरकारी गवाहों की गवाही को भी अदालत ने स्वीकार नहीं किया।



- हाईकोर्ट बोला- सरकारी वकील दोष साबित करने में नाकाम, ब्लास्ट में 189 लोग मारे गए थे
- कोर्ट ने अविश्वसनीय गवाहों, संदिग्ध पहचान परेड और यातना देकर इकबालिया बयान लेने के लिए भी जांच दल की आलोचना की

> आतंकवाद का आरोप झेलने वाले लोगों के दिल से पूछिए कि उन्हें कैसे-कैसे हालात से गुजरना पड़ता है और जहरीला मीडिया कैसे बड़ी-बड़ी डिबेट कर पूरे धर्म के खिलाफ जहर उगलता है। उसके परिजन, दोस्त और रिश्तेदार कितनी दुश्वारियों का सामना करते हैं, लेकिन सोमवार को जब बेगुनाह करार दिया गया तब कोई डिबेट नहीं है। चारों ओर सन्नाटा पसरा है, जबकि आज भी डिबेटे होनी चाहिए थी कि पुलिस ने नाहक लोगों फंसा रखा था। जब 19 सालों के बाद उन्हें न्याय मिला। ये 19 साल उन्होंने कैसे गुजारे यह सोचने भर से ही कंपन महसूस होती है, ऐसी डिबेट करने वाले क्या देश से माफी मांगेंगे।

### कोर्ट का फैसला न्याय की बुलंदी और सच्चाई की जीत: मौलाना अरशद मदनी

**नई दिल्ली।** जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने इस फैसले को न्याय की बुलंदी और सच्चाई की जीत करार देते हुए कहा कि यह उन परिवारों के लिए बहुत बड़ा दिन है, जिनके बेटे 19 साल से झूठे आरोपों में जेल में सज़ा काट रहे थे।

हम इस दर्दनाक दौर की कल्पना भी नहीं कर सकते, जो इन बेगुनाहों और उनके परिवारों ने 19 साल तक गुजारा। यह जमीयत उलमा महाराष्ट्र लीगल सेल की एक ऐतिहासिक जीत है, जिन्होंने लगातार कानूनी लड़ाई लड़ी और आखिरकार 12 निर्दोषों को बाइज्जत रिहाई दिलाई, जिनमें 5 को फांसी और 7 को उम्रकैद हो चुकी थी। मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि हमारे वकीलों ने दिन-रात मेहनत की और ऐसी ठोस दलीलें दीं कि अभियोजन पक्ष का पूरा झूठ उजागर हो गया। उन्होंने कहा कि यह फैसला एक बार फिर हमारे उस लंबे समय से उठाए जा रहे मुद्दे को साबित करता है कि मुस्लिम युवकों को आतंकवाद के झूठे -शेष पृष्ठ दो पर



- कहा: बेगुनाहों को इंसाफ तो मिल गया, लेकिन जिन लोगों ने उनकी ज़िंदगी तबाह की उन्हें सज़ा दिए बिना इंसाफ अधूरा

# मानसून सत्र के पहले दिन नहीं चल पाई लोकसभा

## ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के लिए सरकार तैयार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के लिए सरकार तैयार हो गई है। अगले हफ्ते इस मुद्दे पर लोकसभा में 16 और राज्यसभा में 9 घंटे बहस होगी। हालांकि विपक्ष का कहना है कि चर्चा सत्र के शुरुआत में होनी चाहिए और पीएम मोदी जवाब दें।

इधर, सत्र के पहले दिन राज्यसभा- लोकसभा में पहलगाम और ऑपरेशन सिंदूर पर हंगामा हुआ। विपक्ष ने इन मुद्दों पर चर्चा की मांग को लेकर नारेबाजी की। दिनभर में लोकसभा 4 बार स्थगित हुई, जिसके बाद शाम 4 बजे सदन को मंगलवार 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। लोकसभा 4 बार स्थगित हुई। विपक्ष ने लोकसभा में पहलगाम-ऑपरेशन सिंदूर पर हंगामा किया। विपक्षी दलों की मांग थी कि सरकार का प्रमुख होने के नाते प्रधानमंत्री इन मुद्दों पर जवाब दें। इसके चलते लोकसभा 4 बार स्थगित हुई। जस्टिस यशवंत वर्मा को हटाने के संबंध में स्पीकर ओम बिरला को ज्ञापन सौंपा गया। लोकसभा में 145 और राज्यसभा में 63 सांसदों ने वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए। राज्यसभा से बिल ऑफ लैडिंग बिल, 2025 पास हुआ। यह 1856 के भारतीय बिल्स ऑफ लैडिंग एक्ट की जगह लेगा।



- सत्र के पहले दिन राज्यसभा- लोकसभा में पहलगाम और ऑपरेशन सिंदूर पर हंगामा
- लोकसभा में 16, राज्यसभा में नौ घंटे बहस होगी

# रामपुर तिराहा मामले में सुनवाई चार अगस्त को

**नैनीताल (शाह टाइम्स ब्यूरो)।** नैनीताल हाईकोर्ट में उत्तराखंड राज्य आंदोलन के चर्चित रामपुर तिराहा मामले में न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ के समक्ष चार अगस्त (सोमवार) को सुनवाई होगी।

आंदोलनकारियों के अधिवक्ता रमन शाह ने बताया कि इस मामले में सात महिलाओं के साथ दुष्कर्म हुआ था जबकि 17 अन्य को प्रताड़ित किया गया था। मामले में मुख्य आरोपी मुजफ्फरनगर के तत्कालीन जिलाधिकारी अनंत कुमार सिंह तथा सात अन्य आरोपियों के मामले सीबीआई की ओर से मुजफ्फरनगर कोर्ट को स्थानांतरित कर दिए गए थे इनकी सुनवाई अभी तक लंबित है। राज्य आंदोलनकारियों की सुप्रीम कोर्ट में अपील पर मामला नैनीताल हाईकोर्ट स्थानांतरित कर दिया गया था। बता दें कि दो अक्टूबर 1994 को पृथक राज्य की मांग को लेकर प्रदर्शन के लिए दिल्ली जा रहे आंदोलनकारियों पर मुजफ्फरनगर के रामपुर तिराहा में पुलिस की ओर से भारी अत्याचार किए गए।

- दो अक्टूबर1994 को पृथक राज्य की मांग करने वालों पर हुआ था अत्याचार

## मुंबई में रनवे से उतरा एयर इंडिया का विमान

**मुंबई।** मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोमवार को एयर इंडिया का एक विमान रनवे से उतर गया। हालांकि हादसे में कोई नुकसान नहीं हुआ। एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने बताया कि उड़ान संख्या एआई2744 केरल के कोच्चि से मुंबई आई थी। मुंबई में भारी बारिश के दौरान लैंडिंग के समय विमान फिसलकर रनवे से उतर गया।

## वकीलों ने दी कानूनी सलाह, ईडी ने समन भेजा

# एजेंसी सारी हदें पार कर रही: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) सारी हदें पार कर रहा है। एक वकील और मुवक्किल के बीच की बातचीत विशेष होती है। भले ही वह गलत हो। उनके खिलाफ नोटिस कैसे जारी किए जा सकते हैं। कुछ तो गाइडलाइन होनी चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने ईडी के उस एक्शन पर चिंता और नाराजगी जताई, जिसमें एजेंसी ने जांच के दौरान कानूनी सलाह देने या मुवक्किलों की तरफ से पैरवी करने वाले वकीलों को समन दिया था। कोर्ट ने इस मामले में दिशा-निर्देश भी मांगे। सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच कानूनी पेशे की स्वतंत्रता पर ऐसी कार्रवाईयों से पड़ने वाले असर से जुड़े एक मामले की सुनवाई कर रही थी।

- कोर्ट ने कहा: इसकी गाइडलाइन बननी चाहिए

# ऑपरेशन सिंदूर से दुनिया ने देखी भारत की ताकत: मोदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से दुनिया ने भारत की सैन्य शक्ति और सामर्थ्य को देखा है और संसद का यह मानसून सत्र राष्ट्र के लिए गौरव और एक तरह से विजय उत्सव का मौका है।

श्री मोदी ने मानसून सत्र शुरू होने से पहले संसद परिसर में संवाददाताओं के समक्ष अपने पारम्परिक संबोधन में पहलगाम आतंकवादी हमले, ऑपरेशन सिंदूर, अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर भारतीय अंतरिक्ष यात्री के जाने तथा देश की बढ़ती अर्थव्यवस्था का विशेष रूप से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यह मानसून सत्र राष्ट्र के लिए बहुत ही गौरवपूर्ण सत्र है। यह सत्र राष्ट्र के लिए एक अपने आप में विजयोत्सव का रूप है, और जब मैं कहता हूं कि ये सत्र राष्ट्र गौरव और विजयोत्सव का सत्र है, तो सबसे पहले तो मैं पहली बार इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर भारत का तिरंगा झंडा वहां लहराना, यह हर देशवासी के लिए गौरव के पल हैं। देश में विज्ञान तकनीक के प्रति, नवाचार के प्रति, नया उमंग और उत्साह भरने वाली यह सफल यात्रा रही है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन सुभांशु शुक्ला के एक्सिओम-4 मिशन के तहत अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर गए थे और 18 दिन वहां रहने के बाद पृथ्वी पर लौटे। पूरी संसद लोकसभा व राज्यसभा दोनों सदन, उस गौरव से एक स्वर से जुड़ेंगे, जिसका देशवासी अनुभव कर रहे हैं।इसका यशगान होगा, जो भारत को अंतरिक्ष में नई ऊंचाइयों पर पहुंचने वाले भावी कार्यक्रम हैं, उनके लिए प्रेरक बनेगा और प्रोत्साहक बनेगा।



- कहा: यह मानसून सत्र राष्ट्र के लिए बहुत ही गौरवपूर्ण सत्र

# हिमाचल में लैंडस्लाइड पति-पत्नी की मौत

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश में रविवार रात से भारी बारिश हो रही है। चंबा जिले की चड़ी पंचायत के सूताह गांव में पहाड़ी से घर पर बड़ा पत्थर गिरने से दंपति की मौत हो गई। इनकी 5 महीने पहले ही शादी हुई थी।

सोमवार को हिमाचल के 4 जिलों के 9 सब डिवीजन में स्कूलों की छुट्टी कर दी गई है। जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में सोमवार सुबह वैष्णो देवी के पुराने रास्ते पर भूस्खलन हुआ, जिसमें एक यात्री की मौत हो गई, 9 श्रद्धालु घायल हो गए।

- वैष्णो देवी के पुराने रूट पर रियासी में भूस्खलन, एक की मौत, नौ घायल

## संक्षिप्त समाचार

### गाजियाबाद और प्रतापगढ़ में खुलेगा समेकित विद्यालय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में समावेशी शिक्षा को धरातल पर उतारते हुए दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालयों की स्थापना की जा रही है। अधिकृत सूत्रों ने सोमवार को बताया कि वर्तमान में प्रदेश के सात जिलों प्रयागराज, कन्नौज, औरैया, आजमगढ़, बलिया, महराजगंज और लखनऊ में ए समेकित विद्यालय संचालित हो रहे हैं। इन विद्यालयों में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान की जा रही है। जबकि गाजियाबाद और प्रतापगढ़ में दो और समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालय प्रस्तावित है। इन विद्यालयों में दिव्यांगजनों के लिए विशेष प्रशिक्षित शिक्षक, सहायक उपकरण, बैरियर-फी इंफ्रास्ट्रक्चर, ब्रेल व ऑडियो सामग्री और थैरेपी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं। साथ ही, सामान्य विद्यार्थियों को भी समान गुणवत्ता की शिक्षा दी जाती है, जिससे समग्र विकास का वातावरण तैयार होता है।

### पांच सांसदों ने ली राज्यसभा की सदस्यता की शपथ

**नई दिल्ली।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री वीरेन्द्र प्रसाद वैश्य सहित पांच सांसदों ने सोमवार को राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली। वैश्य के अलावा पूर्व केन्द्रीय मंत्री कणाद पुरकायस्थ, डा. मीनाक्षी जैन, सी. सदानदन मास्टर और हर्ष श्रृंगला ने उच्च सदन की सदस्यता की शपथ ली। इनमें से तीन सदस्य हाल ही में उच्च सदन के लिए मनोनीत किए गए थे। सबसे पहले असम गण परिषद के नेता और पूर्व केन्द्रीय मंत्री वीरेन्द्र प्रसाद वैश्य ने असमी में राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली। वह राज्यसभा में असम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# प्राइमरी स्कूलों के विलय मामले में हाईकोर्ट में अपील

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के प्राथमिक स्कूलों के विलय मामले में एकल पीठ के फैसले को इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ में दो न्यायाधीशों की खंडपीठ में विशेष अपीलें दाखिल कर चुनौती दी गई है।

मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायाधीश जसप्रीत सिंह की खंडपीठ के समक्ष मंगलवार यानी 22 जुलाई को विशेष अपीलें सुनवाई के लिए सूचीबद्ध हैं। अपीकर्ताओं के अधिवक्ता गौरव मेहरोत्रा ने बताया कि पहली विशेष अपील पांच बच्चों ने और दूसरी 17 बच्चों ने अपने अभिभावकों के जरिए दाखिल की है। इनमें स्कूलों के विलय में एकल पीठ द्वारा बीती सात जुलाई को दिए गए फैसले को रद्द करने का आग्रह किया गया है। इसके बाद मामले में दाखिल एक जनहित याचिका को भी खंडपीठ ने बीती 10 जुलाई को खारिज कर दिया था। बीती सात जुलाई को स्कूलों के विलय मामले में राज्य सरकार को बड़ी राहत मिली थी। एकल पीठ ने प्राथमिक स्कूलों के विलय आदेश को चुनौती देने वाली दोनों याचिकाओं को खारिज कर दिया था। न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने यह फैसला सीतापुर के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूलों में पढ़ने वाले 51 बच्चों समेत एक अन्य याचिका पर दिया था। इनमें बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा बीती 16 जून को जारी उस आदेश को चुनौती देकर रद्द करने का आग्रह किया गया था, जिसके तहत प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों की संख्या के आधार पर उच्च प्राथमिक या कंपोजिट स्कूलों में विलय करने का प्रावधान किया गया है। याचियों ने इसे मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा कानून के प्रावधानों का उल्लंघन करने वाला कहा था।

## मेडिकल में दाखिले को यूपी नीट यूजी का काउंसिलिंग पंजीकरण शुरू

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस एवं डेंटल कॉलेजों में बीडीएस में नीट यूजी 2025 के जरिए दाखिले को लेकर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अभी पहले चरण की प्रवेश प्रक्रिया के लिए रजिस्ट्रेशन होंगे। इसके बावत चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक कार्यालय द्वारा वेबसाइट पर काउंसिलिंग की समय सारिणी जारी कर दी गई है। वही नीट यूजी 2024 की अंतिम चक्र की काउंसिलिंग में सीट आवंटन के बाद दाखिला न लेने वाले कुल 78 अभ्यर्थी, नीट यूजी 2025 की काउंसिलिंग से डिबार कर दिया गया है। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने सोमवार को बताया कि समय सारणी में केवल पंजीकरण व धरोहर राशि जमा करने की तिथि दी गई है। जिसमें 28 जुलाई 2025 तक पंजीकरण कराने के साथ ही प्रपत्र अपलोड करने होंगे। उन्होंने बताया कि मेडिकल काउंसिलिंग कमेटी (एमसीसी) नई दिल्ली द्वारा ऑल इंडिया कोटे की सीटों पर दाखिले के लिए काउंसिलिंग 21 जुलाई से शुरू हो रही है।

# समूचे उप्र में हर-हर महादेव से गूंजे शिवालय

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** देवादिदेव भगवान शिव के प्रिय श्रावण मास के दूसरे सोमवार को समूचे उत्तर प्रदेश में आस्था का समंदर हिलोरें मारता दिखाई पड़ा।

वाराणसी, प्रयागराज, गाजियाबाद, मेरठ, बरेली, लखनऊ, गोरखपुर और कानपुर समेत समूचे राज्य में तड़के से ही शिवालयों में भक्तों की चहल पहल शुरू हो गई थी। बेल पत्र, धतूरा, पुष्प, चंदन, दीप आदि से श्रद्धालु भोलेनाथ का दर्शन पूजन कर रहे हैं। इस दौरान कांवड़ियों ने दूरस्थ क्षेत्रों से गंगा जल और अन्य पवित्र नदियों का जल लाकर अपने आराध्य का जलाभिषेक किया।

श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कई देव स्थानों पर पुलिस बल के अलावा ड्रोन और सीसीटीवी की मदद ली जा रही है। वाराणसी से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार बाबा विश्वनाथ के जलाभिषेक और दर्शन के लिए तड़के तीन बजे से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग चुकी थीं। मंगला आरती के बाद दर्शन-पूजन और जलाभिषेक का सिलसिला शुरू हो गया। 'हर हर महादेव' के उद्घोष से पूरा मंदिर परिसर गूंज उठा। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्वभूषण मिश्र ने बताया कि पुष्प वर्षा के साथ कांवड़ियों और श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। श्रृंगार आरती में भक्तों को देवाधिदेव महादेव गौरी- शंकर (शिव-पार्वती) स्वरूप के दर्शन प्राप्त होंगे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर परिसर में रेड कारपेट बिछाया गया है। पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने बताया कि गंगा के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जल पुलिस और एनडीआरएफ की टीमें निगरानी कर रही हैं। नौकाओं का संचालन पूरी तरह प्रतिबंधित है। गाजियाबाद में दुग्धेश्वर महादेव मंदिर में तड़के से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतार लग गई थीं वहीं लखनऊ में मनकामेश्वर और बुद्धेश्वर समेत अधिसंख्य शिवालय हर हर महादेव के जयघोष से गूंजते रहे।

# संसद में सर्वसमाज के हित में हो सार्थक चर्चा

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ बसपा प्रमुख ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र भी किया

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने संसद के आज से शुरु हुए मानसून सत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष से अपेक्षा की है कि महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी और भाषा विवाद जैसे सर्वसमाज से जुड़े मुद्दों पर सार्थक बहस होगी।

सुश्री मायावती ने सोमवार को एक्स पर लिखा- संसद का आज से शुरू हो रहा बहुप्रतीक्षित सत्र, पिछले सत्रों की तरह देशहित व जनहित के अहम और अति-ज़रूरी मुद्दों पर उचित एवं समुचित बहस तथा किसी बेहतर परिणाम के बिना ही, सरकार और विपक्ष के बीच टकराव, आरोप- प्रत्यारोप, हंगामा तथा देश के करोड़ों ग़रीब व अन्य मेहनतकश बहुजनों के थोड़े 'अच्छे दिन' की ओर सही से आगे बढ़ने के भरोसे के बेग़ैर ज़्यादातर निराश करने वाला ना हो, इसकी सभी देशवासियों को चिन्ता स्वाभाविक। उन्होंने कहा कि वैसे भी देश के सामने ज़बरदस्त महंगाई, ग़रीबी व बेरोज़गारी, महिला असुरक्षा तथा खासकर क्षेत्र व भाषा आदि को लेकर बढ़ता आपसी विवाद व हिंसक टकराव आदि के जनहित की समस्याएं के साथ ही आन्तरिक व बाहरी/सीमा सुरक्षा जैसी देशहित के मुद्दे लोगों की सुख-शान्ति व समृद्धि के संघर्ष को प्रभावित कर रहे हैं, तथा इन मामलों पर सार्थक बहस के आधार पर आगे की दीर्घकालीन ठोस नीति व रणनीति बनाकर उन पर अमल के लिए संसद का सुचारू रूप से संचालन जनता ज़रूरी समझती है, ताकि देश विकास व लोग तरक्की के रास्ते पर सही/आसानी से चल सके, जिसमें ही देश के सर्वसमाज एवं बहुजनों का हित निहित है। बसपा अध्यक्ष ने कहा कि सरकार अगर विपक्ष के माध्यम से पूरे देश की जनता को विश्वास में लेकर आगे बढ़े, तो यह उचित होगा। वास्तव में सरकार और विपक्ष दोनों पार्टी हित से ऊपर उठकर इन मुद्दों पर एकता बनायें, यही देश के बहुजनों की चाहत है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही, संसद के वर्तमान मानसून सत्र के दौरान पहलगाम नरसंहार के मामले में भारत के 'आपरेशन सिन्दूर' पर चर्चा के लिए सरकार को सकारात्मक होना चाहिए, तो यह बेहतर होगा, क्योंकि देश की जनता व सीमाओं की सुरक्षा अन्ततः सरकार का पूर्ण उत्तरदायित्व बनता है।

## पूर्वी पाक से विस्थापित परिवारों को मिलेगा भूमि स्वामित्व: योगी

# अफसरों को दिए ठोस कार्रवाई के निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ पीलीभीत, लखीमपुर व बिजनौर सहित कई जिलों में विस्थापित हैं परिवार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में पूर्वी पाकिस्तान (वर्तमान बांग्लादेश) से विस्थापित होकर राज्य के विभिन्न जिलों में बसाए गए परिवारों को विधिसम्मत भूस्वामित्व अधिकार देने की दिशा में ठोस कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह केवल भूमि के हस्तांतरण का मामला नहीं है, बल्कि उन हजारों परिवारों के जीवन संघर्ष को सम्मान देने का अवसर है, जिन्होंने देश की सीमाओं के उस पार से भारत में शरण ली और दशकों से पुनर्वास की प्रतीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इन परिवारों के साथ संवेदना के साथ-साथ यथोचित सम्मानपूर्वक व्यवहार किया जाए। यह शासन की नैतिक जिम्मेदारी है। अधिकारियों ने बताया कि विभाजन के पश्चात 1960 से 1975 के बीच पूर्वी पाकिस्तान से विस्थापित होकर आए हजारों परिवारों को उत्तर प्रदेश के पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बिजनौर और रामपुर जनपदों में पुनर्वासित किया गया था। प्रारंभिक वर्षों में इन परिवारों को ट्रांजिट कैंपों के माध्यम से विभिन्न गांवों में बसाया गया और भूमि आवंटन भी किया गया, लेकिन कानूनी और अभिलेखीय विसंगतियों के चलते अधिकांश को आज तक वैध भूमिधरी अधिकार प्राप्त नहीं हो सके हैं।

### अब तक नहीं मिल सका वास्तविक कब्जा

मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बिजनौर सहित कई जिलों में पूर्वी पाकिस्तान से विस्थापित होकर आए परिवारों को वर्षों पूर्व बसाया गया था और उन्हें कृषि भूमि भी आवंटित की गई थी। समय के साथ अभिलेखीय त्रुटियां, भूमि का वन विभाग के नाम दर्ज होना, नामांतरण की प्रक्रिया लंबित रहना अथवा भूमि पर वास्तविक कब्जा न होने जैसी कई प्रशासनिक व कानूनी जटिलताओं के चलते इन परिवारों को अब तक विधिसम्मत भूस्वामित्व अधिकार प्राप्त नहीं हो सके हैं। कुछ स्थानों पर अन्य राज्यों से आए विस्थापित भी बसाए गए हैं, जो आज भी भूमि स्वामित्व से वंचित हैं। अद्यतन स्थिति के अनुसार, एक ओर जहाँ कई गांवों में वर्षों से खेती कर रहे परिवारों ने भूमि पर स्थाई आवास बना लिए हैं, वहीं राजस्व अभिलेखों में उनके नाम आज भी दर्ज नहीं हैं। दूसरी ओर कुछ ग्रामों में वास्तव में आज भी उन परिवारों का कोई अस्तित्व नहीं है।



सेंसेक्स 82200.34
निफ्टी 25090.70



सोना रु. 98791
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 112760
प्रति किलो



# लिवाली से शेयर बाजारों में लौटी रौनक

मुंबई, वार्ता



बैंकिंग और धातु सेक्टरों में लिवाली से सोमवार को सप्ताह के पहले दिन घरेलू शेयर बाजारों में तेजी लौट आई। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 442.61 अंक यानी 0.54 प्रतिशत चढ़ कर 82,200.34 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 भी 0.49 फीसदी यानी 122.30 अंक की मजबूती के साथ 25,090.70 अंक पुन: 25000 के स्तर से ऊपर पहुंच गया। अच्छे तिमाही परिणामों के दम पर बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र की कंपनियों के शेयरों में तेजी है। संसेक्स की कंपनियों में आईसीआईसीआई बैंक का शेयर 2.76 प्रतिशत और एचडीएफसी बैंक 2.19 प्रतिशत लाभ में बंद हुआ। तिमाही परिणाम से पहले इटरनल के शेयरों में पांच फीसदी से अधिक का उछाल आया। आज के कारोबार में रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे ज्यादा 3.29 प्रतिशत टूटा। एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टीसीएस और हिंदुस्तान यूनीलिवर में भी गिरावट दर्ज की गई। विदेशों से मिले मिश्रित रुख के बीच शेयर बाजार में शुरू से ही तेजी रही। सेंसेक्स करीब 161 अंक की बढ़त के साथ 81,918.53 अंक पर खुला। हालांकि खुलने के तुरंत बाद कुछ समय के लिए बाजार में बिकवाली हावी रही और एक समय सेंसेक्स गिर कर 81,518.66 अंक तक कमजोर हो गया था। बाद में बैंकिंग और वित्तीय कंपनियों में लिवाली का दौर चलने से यह 82,274.03 अंक के दिन के उच्चतम स्तर तक पहुंच गया था। सेंसेक्स की 30 में से 19 कंपनियों के शेयर लाभ में रहे। निफ्टी-50 भी 31 अंक से अधिक की तेजी में 24,999 अंक पर खुला और नीचे 24,882.30 अंक तथा ऊपर 25,111.40 अंक के दायरे में रहा। एनएसई के अपेक्षाकृत अधिक शेयरों पर आधारित सूचकांक भी हरे निशान में रहे। निफ्टी.100 में 0.48 प्रतिशत, निफ्टी मिडकैप.50 में 0.64 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप.100 में 0.62 प्रतिशत की तेजी रही। वित्तीय सेवा सेक्टर में कुल मिला कर उछाल देखा गया। हालांकि सार्वजनिक बैंकों के सेक्टर में गिरावट रही लेकिन निजी बैंकों के सेक्टर का सूचकांक एक प्रतिशत के अधिक की तेजी में रहा। धातु, रियलिटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और ऑटो जैसे सेक्टरों के सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि तेल एवं गैस, फार्मा और स्वास्थ्य क्षेत्र के शेयरों में गिरावट देखी गई। विदेशों में एशियाई बाजारों में मिलाजुला रुख रहा। जापान का निक्केई 0.21 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। इसके विपरीत हांगकांग के हैंगसेंग में 0.68 फीसदी और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.72 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई।

## सोना और चांदी के दाम में बढ़त दिखी

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी के दाम में सोमवार को बढ़त देखी गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 548 बढ़कर 98,791 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है।

चांदी की कीमत60 बढ़कर 1,12,760 प्रति किलोग्राम हो गई है। वहीं 14 जुलाई को चांदी ने 1,13,867 का ऑल टाइम हाई बनाया था। देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,300 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,950 थी, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,150 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,800 रही। वहीं कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,150 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,800 रही। चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,150 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,800 रही, जबकि भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 100,200 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,850 थी।

# चावल, दालें महंगी, खाद्य तेलों में मिश्रित रुख

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू जिंस बाजारों में सोमवार को चावल, दालों और चीनी के दाम बढ़ गए। गेहूं और गुड़ में मंदी रही, जबकि खाद्य तेलों के भाव में उतार-चढ़ाव रहा। घरेलू थोक बाजारों में ग्राहकी आने से चावल की औसत कीमत 84 रुपए बढ़कर 3,802.93 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं चार रुपए से ज्यादा टूटकर 2,813.27 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा भी करीब 15 रुपए सस्ता हुआ और 3,270.77 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा। खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। मूंगफली तेल 192 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सरसों तेल 22 रुपए प्रति क्विंटल टूट गया। सोया तेल भी 80 रुपए सस्ता हुआ। वनस्पति के दाम भी 165 रुपए प्रति क्विंटल चढ़े। सूरजमुखी तेल में 102 रुपए की तेजी रही। पाम ऑयल लगभग 12 रुपए प्रति टूट गया। दाल-दलहनों में तेजी का रुख रहा। दलहन बाजार में चना दाल करीब 132 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। तुअर दाल का औसत भाव 208 रुपए बढ़ गया। उड़द दाल 27 रुपए प्रति क्विंटल और मसूर दाल में 120 रुपए प्रति क्विंटल से अधिक की नरमी रही। दाल मूंग में भी करीब 121 रुपए प्रति क्विंटल से अधिक की तेजी दर्ज की गई। गुड़-चीनी: बाजार में गुड़ के औसत भाव 75 रुपए से ज्यादा गिर गए। चीनी करीब 44 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई है। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7844.8, मसूर काली 8052.84, मूंग दाल 10151.42, उड़द दाल 10531.58, अरहर दाल 11034.19 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2813.27 रुपए और चावल 3802.93 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4279.01 और गुड़ 4916.98 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17025.85 रुपए, मूंगफली तेल 17876.91 रुपए, सूरजमुखी तेल 15301.68 रुपए, सोया रिफाइंड 13705.79 रुपए, पाम ऑयल 12207.10 रुपए और वनस्पति तेल 14500.61 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**जस्टिस वर्मा...**

जज हैं। वकील ने जवाब दिया कि मुझे नहीं लगता कि उन्हें इतनी इज्जत देनी चाहिए। इस पर सीजेआई ने कहा कि प्लीज, कोर्ट को ऑर्डर मत दीजिए। साथ ही कोर्ट ने कैश बरामदगी मामले में वकील मैथ्यूज नेदुम्परा की उस याचिका को भी खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने जस्टिस वर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की थी। दरअसल, जस्टिस वर्मा के लुटियंस दिल्ली स्थित घर में 14 मार्च की रात आग लगी थी। उनके घर के स्टोर रूम से 500-500 रुपये के जले नोटों के बंडलों से भरे बोरे मिले थे। जस्टिस वर्मा उस समय दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस थे। बाद में उन्हें इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर कर दिया गया था।

**19 साल बाद...** आरोपों में फंसा कर उनकी जिंदगी बर्बाद करना एक सोची-समझी साजिश है। यह न केवल निर्दोषों को जेल की सलाखों के पीछे डालता है, बल्कि एक पूरी क़ौम को बदनाम भी करता है। उन्होंने कहा कि जब तक पुलिस और जांच एजेंसियों की जवाबदेही तय नहीं की जाएगी, तब तक ऐसी घटनाएं दोहराई जाती रहेंगी और निर्दोषों की ज़िंदगियां यूं ही बर्बाद होती रहेंगी। मौलाना मदनी ने यह भी कहा कि मौजूदा राजनीतिक हालात में मुसलमान पुलिस और एजेंसियों के लिए आसान निशाना हैं। पूर्व मुख्य न्यायाधीश उड़ीसा हाईकोर्ट और जमीयत उलमा-ए-हिंद के अधिवक्ता जस्टिस मुरलीधर ने टिप्पणी की कि इस केस की जांच जानबूझकर पक्षपातपूर्ण रखी गई थी। उनका कहना था कि जब जनता की भावनाएं भड़की हों, तो मीडिया ट्रायल के जरिये लोगों को गुनहगार साबित कर दिया जाता है और बाद में सबूत जुटाए जाते हैं। यह टिप्पणी हमारे देश की न्यायिक व्यवस्था की हकीकत को बयां करती है। मौलाना मदनी ने कहा कि कानून लागू करने वाले विभागों को मिली खुली छूट ने उन्हें बेलगाम बना दिया है, जिसका सबसे खराब उदाहरण यह मामला है। 19 साल की सज़ा के बाद रिहाई तो हो गई, लेकिन जिन लोगों ने यह साज़िश की, उन्हें कोई सज़ा नहीं मिली और न ही कोई पूछताछ हुई। उन्होंने कहा कि हम इस फैसले का दिल से स्वागत करते हैं, लेकिन जब तक जिम्मेदारों को सज़ा नहीं मिलती, यह इंसाफ अधूरा समझते है। मीडिया द्वारा मुसलमानों को निशाना बनाकर चलाया जाने वाला दुष्प्रचार अभियान इस देश के लोकतंत्र पर धब्बा है।

अदालत ने अपने फैसले में आदेश दिया कि यदि अभियुक्त किसी और मामले में वांछित नहीं हैं, तो उन्हें तुरंत जेल से रिहा किया जाए। यहां तक कि कमाल अंसारी, जिनकी जेल में मृत्यु हो गई थी, उन्हें भी बाइज्जत बरी कर दिया गया। जब न्यायमूर्ति कुलकर्णी फैसला पढ़ रहे थे, तब फांसी की सज़ा पाए पांच अभियुक्त ऑनलाइन सुनवाई देख रहे थे। पहले उनके चेहरों पर मायूसी थी, लेकिन जैसे ही फैसला उनके पक्ष में आया, वे खुश हो गए और अदालत तथा अपने वकीलों का शुक्रिया अदा किया। सीनियर एडवोकेट योग मोहित चौधरी ने अदालत का धन्यवाद किया और कहा कि आज के फैसले से न्यायपालिका पर जनता का भरोसा बढ़ेगा और कानून की सर्वोच्चता बनी रहेगी। उन्होंने रक्षात्मक अधिवक्ताओं को बहस का पूरा मौका देने के लिए भी धन्यवाद दिया। चौधरी ने भावुक होकर कहा कि अगर इस मुकदमे को बारीकी से देखा जाए, तो साफ़ पता चलता है कि आरोपियों के खिलाफ झूठे सबूत गढ़े गए थे, जिसकी सोमवार को अदालत ने पुष्टि कर दी। जमीयत उलमा महाराष्ट्र लीगल सेल ने इस मुकदमे में देश के नामी क्रिमिनल अधिवक्ताओं की सेवाएं ली थीं जिनमें सीनियर एडवोकेट एस. नागामुथु (पूर्व न्यायाधीश मद्रास हाईकोर्ट), सीनियर एडवोकेट मुरलीधर (पूर्व मुख्य न्यायाधीश उड़ीसा हाईकोर्ट), सीनियर एडवोकेट नित्या रामाकृष्णन (सुप्रीम कोर्ट), एडवोकेट योग मोहित चौधरी और कई अन्य वकील शामिल थे। इनकी मदद के लिए एडवोकेट अब्दुल वहाब खान, एडवोकेट शरीफ, एडवोकेट अंसार तंबोली, एडवोकेट गौरव भवानी, एडवोकेट आदित्य मेहता, एडवोकेट शाहिद नदीम, एडवोकेट अफ़ज़ल नवाज़, एडवोकेट बिलाल आदि को जिम्मेदारियां सौंपी गई थीं। विशेष मकोका अदालत के जज वाईडी शिंदे ने पहले एहतिशाम सिद्दीकी, कमाल अंसारी, फैसल अता उर्रहमान, आसिफ बशीर और नवेद हुसैन को फांसी और 7 अन्य को उम्रकैद की सज़ा सुनाई थी, जबकि एक अभियुक्त अब्दुल वहाब को बाइज्जत बरी किया था। मुंबई की जीवनरेखा मानी जाने वाली लोकल ट्रेन की वेस्टर्न लाइन पर सिलसिलेवार धमाके हुए थे, जिसमें 189 लोगों की मौत और सौ से अधिक लोग घायल हुए थे।

# पहलगाम का सच बताओ गलती न छुपाओ: सपा

## मानसून सत्र के पहले दिन बोले अखिलेश

नई दिल्ली, वार्ता



सोमवार से शुरू हुए संसद के मानसून सत्र के पहले दिन समाजवादी पार्टी के सांसद और सपा मुखिया अखिलेश यादव ने अपने सांसद के साथ सदन में अपना शक्ति प्रदर्शन दिखाया।

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने पहलगाम हमले को लेकर भी सरकार से सवाल पूछते हुए एक्स पर पोस्ट किया। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने सपा नेताओं के साथ तस्वीर शेयर कर लिखा कि पहलगाम का सच बतलाओ, अपनी गलती नहीं छुपाओ! पहलगाम में हुई जो चूक, ये गलती थी या थी भूल! विदेशी नीति में हुए फेल, साथ नहीं अब कोई देश

अखिलेश यादव ने कहा पहलगाम आतंकी हमले का मुद्दा बहुत महत्वपूर्ण है। सभी विपक्षी दल चाहते हैं कि इस पर चर्चा हो। सरकार को बताना चाहिए कि क्या हुआ था और क्या यह खुफिया विफलता थी। प्रधानमंत्री और सरकार को विपक्ष की बात सुननी चाहिए और हम सुनेंगे कि सरकार को क्या कहना होगा। सरकार को इस पर छिपना नहीं रहना चाहिए। सभी विपक्ष के लोग चाहते हैं कि इस पर बहस हो।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर सिरोसिस आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# बिजली संकट के लिए भाजपा जिम्मेदार

## समाजवादी सरकार में ही हुआ था बिजली उत्पादन का विस्तारः अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में लगातार बिगड़ती बिजली व्यवस्था को लेकर समाजवादी पार्टी ने भाजपा सरकार पर बड़ा हमला बोला है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सोमवार को कहा कि भाजपा के नौ साल के कार्यकाल में प्रदेश की बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है।

सरकार ने बिजली संकट दूर करने के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं किया, बल्कि जानबूझकर हालात बिगाड़े ताकि निजीकरण का रास्ता साफ किया जा सके। सपा मुखिया ने आरोप लगाया कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार होते हुए भी बिजली उत्पादन बढ़ाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। प्रदेश में बिजली की मांग तेजी से बढ़ती रही लेकिन उत्पादन शून्य पर ही अटका रहा। आज प्रदेश की बिजली व्यवस्था समाजवादी सरकार द्वारा



लगाए गए बिजलीघरों के उत्पादन के दम पर ही चल रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि वर्तमान में पूरे उत्तर प्रदेश में भारी बिजली संकट है। बड़े शहरों में भी अघोषित कटौती हो रही है जबकि छोटे कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति पूरी तरह चरमराई हुई है। किसानों को धान की रोपाई और सिंचाई के लिए बिजली नहीं मिल पा रही है, जिससे खेती-किसानी की स्थिति प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी लगातार बिजली संकट का मुद्दा उठा रही है लेकिन भाजपा सरकार ने लोगों की दिक्कतों को नजरअंदाज करते हुए निजीकरण को बढ़ावा दिया। हालात यह हैं कि खुद भाजपा सरकार के मंत्री अंधेरे में बैठने को मजबूर हैं।

मुरादाबाद में ऊर्जा मंत्री के कार्यक्रम के दौरान बिजली गुल हो गई, जिससे असलियत का अंदाजा सरकार को भी हो गया होगा। पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि प्रदेश की शिक्षा, स्वास्थ्य, कानून व्यवस्था और बिजली सभी क्षेत्रों में भाजपा सरकार पूरी तरह विफल हो गई है। लाखों लोग हर रोज अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। श्री यादव ने दावा किया कि 2027 में जनता भाजपा सरकार को सत्ता से बाहर कर उत्तर प्रदेश में हर क्षेत्र में सुधार के नये युग की शुरुआत करेगी।

# चोरी के माल के युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** रामपुर कला थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापेमारी की। पुलिस ने मानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम छावन निवासी गोविंद पुत्र सोहन को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक मोबाइल फोन और 820 रुपए नगदी बरामद की है। पुलिस का कहना है कि बरामद मोबाइल उसने रामपुर कला थाना क्षेत्र के कंदुनी स्थिति मोबाइल की दुकान से चोरी किया था। इसके अलावा रामपुर कला थाना क्षेत्र के ग्राम कमुवापुर स्कूल से इनवर्टर और बैटरा चोरी किया था। चोरी किया गया बैटरा उसने बेच दिया था। बरामद रुपए उसी के हैं। पुलिस ने संबंधित मामले में धाराओं की बढ़ोतरी करते हुए आरोपी को न्यायालय में पेश किया है।

# घायल खिलाड़ी आदित्य कश्यप के इलाज में मदद को सामने आई स्मृति ईरानी

### भाजपा नेताओं ने सौंपी 25 हजार की सहायता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गौरीगंज ( अमेठी )।** जनपद के सराय भागमानी गांव निवासी युवा खिलाड़ी आदित्य कश्यप कुछ दिनों पूर्व एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

हादसे में उन्हें गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद उन्हें लखनऊ के कमांड अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल आदित्य का इलाज वहीं चल रहा है।खिलाड़ी की इस पीड़ा की जानकारी अमेठी की पूर्व सांसद एवं केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को सोशल मीडिया के माध्यम से हुई। सोशल मीडिया पर जैसे ही यह मामला सामने आया, पूर्व सांसद ने त्वरित संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन और भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला को निर्देशित किया कि आदित्य कश्यप के इलाज में कोई भी कमी न आने पाए और हरसंभव मदद सुनिश्चित की जाए। पूर्व सांसद की संवेदनशीलता और निर्देशों के क्रम में भाजपा नेताओं और जिला प्रशासन की ओर से एक प्रतिनिधिमंडल आदित्य के घर पहुंचा। इस प्रतिनिधिमंडल में भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, ब्लॉक प्रमुख उमेश सिंह, जिला उप क्रीड़ाधिकारी मुहम्मद मुशर्रफ खान, सहायक क्रीड़ाधिकारी शमीम अहमद, भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विषुव मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य अभिषेक चंद्र कौशिक, मंडल अध्यक्ष अजय सिंह गौर, अरुण मिश्रा, राजा संतोष द्विवेदी, पूर्व मंडल अध्यक्ष समेत कई कार्यकर्ता शामिल रहे। प्रतिनिधिमंडल ने आदित्य कश्यप के परिजनों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और जिला खेल एवं प्रोत्साहन समिति की ओर से 25,000 की आर्थिक सहायता का चेक प्रदान किया।

इसके लिए भाजपा और जिला प्रशासन मिलकर हर संभव सहायता करेंगे।भ ाजपा प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने बताया कि स्मृति ईरानी ने व्यक्तिगत रुचि लेते हुए यह सुनिश्चित किया कि एक होनहार खिलाड़ी को उसकी कठिन घड़ी में सरकार और संगठन का पूरा सहयोग मिले।

# करंट की चपेट में आकर बालिका की मौत

### परिजनों ने शव को सड़क पर रखकर किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** तंबौर थाना क्षेत्र के ग्राम नवीनगर निवासी जमुना की 14 वर्षीय पुत्री सुनीता देवी सुबह के वक्त शौच के लिए खेतों की तरफ गई थी। बताया जा रहा है कि गांव के हरीश के खेत में लगी बाड़ में करंट दौड़ रहा था। बालिका जैसे ही खेत के करीब से निकली वह करंट की चपेट में आ गई।

इससे पहले की कोई मदद को पहुंचता बालिका की मौके पर ही झुलस कर मौत हो गई। घटना की जानकारी होते ही बिजली विभाग ने बिजली सप्लाई बंद की। इसके बाद बालिका के शव को वहां से हटाया गया। घटना के बाद परिजनों ने क्षेत्र के चकपुरवा के निकट रेउसा -



तंबौर मार्ग पर शव रखकर जाम लगा दिया। परिजन खेत स्वामी पर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग कर रहे थे। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंचे तंबौर थानाध्यक्ष राकेश सिंह ने परिजनों को कार्रवाई का भरोसा देकर शांत किया।

जिसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटना के सम्बंध में बिजली विभाग के तंबौर उपकेंद्र के अवर अभियंता आकाश वर्मा ने खेत स्वामी हरीश के विरु) तंबौर थाने में तहरीर दी है। इसमें लिखा गया है कि हरीश के खेत के पास एलटी लाइन निकली है। पेड़ों की कटाई छटाई को लेकर बिजली आपूर्ति बंद थी। हरीश ने लाइन का तार निकालकर खेत में लगी बाड़ को कसने के लिए बांध लिया था।

# सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** हरगांव थाना इलाके के बक्साहिया गाव निवासी कमलेश मिश्रा उम्र 17 वर्ष किसी काम से हरगांव कस्बा आए थे। हरगांव कस्बे में महोली तिराहे पर उन्हें एक तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से कमलेश मिश्रा गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों ने उन्हें आनन-फानन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरगांव पहुंचाया। यहां पर डॉक्टरों ने उनकी नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें ट्रामा सेंटर ओयल रेफर कर दिया। ओयल जाते समय कमलेश मिश्रा ने रास्ते में दम तोड़ दिया। ट्रामा सेंटर पहुंचने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# हर पीड़ित को मिले न्याय, जनता दर्शन में उप मुख्यमंत्री ने दिए सख्त निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार आमजन को न्याय दिलाने और उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसी संकल्प को दोहराते हुए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को अपने कैम्प कार्यालय पर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में विभिन्न जनपदों से आए सैकड़ों लोगों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए। जनता दर्शन में महिलाओं, वृद्धजनों, युवाओं सहित बड़ी संख्या में फरियादी पहुंचे। भूमि विवाद, राजस्व संबंधित समस्याओं के अलावा चिकित्सा सहायता, पेंशन, आवास, सड़क, बिजली -पानी, पुलिस कार्यवाही, शिक्षा और रोजगार से जुड़े प्रकरण अधिक संख्या में आए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता दर्शन सीधा संवाद और जमीनी हकीकत जानने का सबसे सशक्त माध्यम है।

उप मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि जहां आवश्यकता हो वहां अधिकारी स्वयं मौके पर जाएं और समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता यह है कि कोई भी फरियादी निराश न लौटे, हर पात्र व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ मिले। जनता दर्शन के दौरान फरियादियों से सीधा संवाद करते हुए उप मुख्यमंत्री ने उन्हें भरोसा दिलाया कि सभी समस्याओं का त्वरित, प्रभावी और संतोषजनक समाधान कराया जाएगा। अधिकारियों को चेतावनी दी कि यदि किसी प्रकरण में लापरवाही या शिथिलता पाई गई तो जवाबदेही तय की जाएगी। जमीन सम्बन्धी विवादों पर उन्होंने जिलाधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने और राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए। जनता दर्शन में फर्रुखाबाद, बस्ती, बाराबंकी, बदायूं, सुल्तानपुर, कौशाम्बी, बरेली सहित तीन दर्जन से अधिक जनपदों से आए लोगों की समस्याओं को लेकर उप मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों और पुलिस कमिश्नर आगरा से दूरभाष पर बात कर त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं, दिव्यांगजनों और बुजुर्गों की समस्याओं पर संवेदनशीलता से कार्यवाही करने को कहा। श्री मौर्य ने स्पष्ट किया कि सरकार की सोच साफ है, समस्याग्रस्त व्यक्ति को न्याय, सम्मान और संतोषजनक समाधान मिले, कोई बार-बार भटके नहीं और जनहित सर्वोपरि रहे।

# लखनऊ में शातिर चोर सूरज पुलिस मुठभेड़ में, गिरफ्तार

### उन्नीस मामलों में था वांछित, आठ साल से पुलिस से हो रही थी आंख मिचौली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी के कृष्णानगर थाना क्षेत्र में रविवार देर रात पुलिस ने संगठित चोरी गिरोह के मुख्य आरोपी सूरज पुत्र सोनी निवासी ग्राम नहरवाल, थाना रामपुर मथुरा, जनपद सीतापुर को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया।

सूरज के खिलाफ लखनऊ, सीतापुर और अन्य जनपदों में चोरी, लूट और गैंगस्टर एक्ट समेत कुल उन्नीस मुकदमे दर्ज हैं। दिन में इसी गिरोह के तीन अन्य सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया था, जिनकी निशानदेही पर सूरज को देर रात दबोचने के लिए पुलिस ने घेराबंदी की। खुद को घिरा देख सूरज ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी, जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली उसके पैर में लगी, जिसके बाद उसे घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया। सूरज के कब्जे से पुलिस ने चोरी का माल और अवैध हथियार बरामद किए हैं। डीसीपी दक्षिण निपुण अग्रवाल और एसीपी कृष्णानगर विकास पांडेय के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार सूरज वर्ष दो हजार सत्रह से सक्रिय था और सुनसान कॉलोनियों में बंद मकानों की रेकी कर चोरी की वारदातों को अंजाम देता था। उसकी गिरफ्तारी से राजधानी और आसपास के क्षेत्रों में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगने की उम्मीद जताई गई है। पुलिस ने सूरज के पास से एक तमंचा, जिंदा और खोखा कारतूस, चोरी के जेवरात, कुछ नकदी और अपराध में प्रयुक्त एक बिना नंबर प्लेट की टीवीएस स्पोर्ट्स बाइक बरामद की है।

बरामद जेवरात में चार सिक्के, आठ बिछिया, एक जोड़ी पायल, एक अंगूठी, दो नाक की कील, एक जोड़ी कान की बाली, एक जोड़ी टॉप्स और चार सौ सत्तर रुपये नकद शामिल हैं। इसके अतिरिक्त ताला तोड़ने के उपकरण भी बरामद हुए हैं। इससे पहले रविवार दोपहर पुलिस ने सूरज के गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में उन्होंने कबूल किया कि वे दिन में कॉलोनियों का जायजा लेकर बंद मकानों की रेकी करते थे और रात में सुनसान इलाकों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। उनके कब्जे से भी चोरी का सामान, बाइक और ताला तोड़ने के उपकरण बरामद किए गए। सूरज की गिरफ्तारी इन तीनों की निशानदेही पर हुई। डीसीपी निपुण अग्रवाल ने बताया कि सूरज शातिर अपराधी है, जिसके खिलाफ उन्नीस मुकदमे दर्ज हैं और उस पर लगातार पुलिस की निगरानी थी। उसके खिलाफ कई बार गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई भी हो चुकी है। रविवार देर रात सूरज को ख्रष्णानगर क्षेत्र के अनौरा मोड़ के पास घेराबंदी कर पकड़ा गया। पुलिस को देखते ही उसने फायरिंग की, जिसके जवाब में पुलिस ने भी कार्रवाई की और उसे पैर में गोली लग गई। घायल सूरज को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसीपी कृष्णानगर विकास पांडेय ने बताया कि सूरज लंबे समय से लखनऊ में किराए पर रहकर अपराध को अंजाम दे रहा था। उसकी गिरफ्तारी से चोरी की घटनाओं में निश्चित रूप से कमी आएगी। पुलिस ने पूरे गिरोह का नेटवर्क तोड़ दिया है और अन्य घटनाओं की भी जांच की जा रही है। बरामद जेवरात और नकदी के बारे में संबंधित थानों से मिलान कराया जा रहा है, ताकि पीड़ितों को उनका सामान लौटाया जा सके। पुलिस का कहना है कि सूरज के खिलाफ आगे भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# कैंप में सुनी उपभोक्ताओं की समस्याएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** जहांगीराबाद में पावर कार्पोरेशन द्वारा मेगा कैंप का आयोजन किया गया। इस कैम्प में सैंकड़ों बिजली उपभोक्ताओं ने अपनी समस्याओं का समाधान करवाया। बकाया बिल जमा किया। इस कैंप में बिजली विभाग के उच्चाधिकारियों ने उपभोक्ताओं की समस्याओं को सुना और उनका समाधान किया। कई उपभोक्ताओं ने गलत बिजली बिल को सही करवाया और मीटर खराब होने की शिकायत की। जिस पर जांच के बाद मीटर बदलवाने का आश्वासन दिया गया। एसडीओ पवन कुमार ने बताया कि उच्चाधिकारियों के आदेश पर मेगा कैंप का समय दो दिन और बढ़ाया गया है । ताकि अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को लाभ मिल सके

# अमेठी में पुलिस पर गंभीर आरोप

## बकरी व्यापारी और उसके बेटे को थाने में पीटा

### एक लाख रुपये लेकर छोड़ा गया

**जामों ( अमेठी )।** जनपद अमेठी के थाना जामों क्षेत्र की पुलिस पर एक बकरी व्यापारी ने रिश्वत लेने और शारीरिक प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगाए हैं।

पीड़ित व्यापारी का कहना है कि बिना किसी कानूनी प्रक्रिया के उसे और उसके बेटे को थाने लाकर बेरहमी से पीटा गया और एक लाख रुपये की मांग की गई। मामला अब पुलिस प्रशासन और जिले की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहा है।पीड़ित के अनुसार, 10 जुलाई को थाना जामों पुलिस ने उसके पुत्र इरशाद को खौंपुर गांव से उठा लिया। जब वह स्वयं बेटे को छुड़ाने थाने गया, तो उसे भी अंदर बैठा लिया गया। पीड़ित का आरोप है कि बिना एफआईआर दर्ज किए, थाने में दोनों को पटे, लात-घूंसों से बुरी तरह पीटा गया, जिससे व्यापारी को कमर के नीचे गंभीर चोटें आईं।व्यापारी के मुताबिक, इस दौरान गांव के प्रधान उमापति तिवारी की मध्यस्थता से मामला सुलझाया गया और थाने के हेड मोहर्रिर दिनेश को एक लाख रुपये की राशि दी गई। इसके बाद दोनों को शांति भंग की धारा में चालान कर थाने से छोड़ा गया।यह पहला मामला नहीं है। पीड़ित ने दावा किया कि 26 जून को भी उसे एसओजी टीम द्वारा उठाया गया था और उस समय सवा लाख रुपये लेकर छोड़ दिया गया था। तब भी प्रधान उमापति तिवारी ने ही मध्यस्थता की भूमिका निभाई थी।परिवार का कहना है कि अब पुलिस की ओर से उनके बेटे को जेल भेजने की धमकी दी जा रही है। थाने के दरोगा और हेड मोहर्रिर लगातार फोन करके उसे थाने बुला रहे हैं, जिससे परिवार दहशत में है।पीड़ित ने इस मामले की लिखित शिकायत अमेठी पुलिस अधीक्षक (एसपी) से करते हुए न्याय की मांग की है। उन्होंने दोषी पुलिसकर्मियों के विरु) सख्त कार्रवाई और रिश्वतखोरी व मारपीट की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

# कांग्रेस का संगठन सृजन अभियान जोरों पर

### कार्यकर्ता जनता के सिपाही बनकर करेंगे संघर्षः अविनाश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत प्रदेश भर में सक्रियता के साथ कार्य हो रहा है। कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट किया है कि बनाए जा रहे सभी पदाधिकारी जनता के सिपाही बनकर उनके हितों की रक्षा करेंगे और हर स्तर पर संघर्ष करेंगे।

बैठक में पूर्व सांसद पी एल पुनिया, ए पी गौतम, रविप्रकाश वर्मा, विधायक वीरेन्द्र चौधरी, पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष योगेश दीक्षित, निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह, निवर्तमान प्रदेश महासचिव (संगठन) अनिल यादव और प्रदेश कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठन प्रभारी प्रमोद कुमार पाण्डेय प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

बैठक में बताया गया कि संगठन सृजन अभियान में कार्यकर्ताओं का उत्साह चरम पर है। पूर्वांचल जोन के गोरखपुर में आयोजित बैठक में जनपद आजमगढ़ के पल्हना ब्लॉक अध्यक्ष लल्लन मौर्य मोटरसाइकिल से शामिल होने के लिए रवाना हुए थे। अत्यधिक बारिश के कारण रास्ते में दुर्घटना हो गई, जिससे उन्हें चोट आई और अस्पताल में भर्ती होना पड़ा।

# श्रावण मास का दूसरा सोमवार

### शिवालयों में श्रद्धा का सैलाब, बुद्धेश्वर से लेकर चंद्रिका देवी तक भक्ति का उत्सव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** श्रावण मास के दूसरे सोमवार को राजधानी लखनऊ सहित आसपास के जनपदों में शिवभक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला।

अलसुबह से ही शिवालयों में भक्तों का रेला उमड़ पड़ा। बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में तड़के से ही लंबी कतारें लगी रहीं, जहां श्रद्धालुओं ने बेलपत्र, दूध, जल व पुष्प से शिव का जलाभिषेक किया। मंदिर प्रशासन व जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। बड़ी संख्या में पुलिस बल और महिला सुरक्षा दल की तैनाती रही। चंद्रिका देवी मंदिर में भी भक्तों का तांता दिनभर लगा रहा। लखनऊ के मनकामेश्वर, झूलेलाल पार्क स्थित प्राचीन शिवालय, आलमबाग के पंचमुखी शिव मंदिर और जानकीपुरम स्थित त्रिपुरेश्वर महादेव मंदिर में सुबह से रात्रि तक श्रद्धालुओं का निरंतर आना-जाना जारी रहा। आसपास के जनपदों में भी शिव भक्ति का विशेष उत्साह रहा। बाराबंकी के लोधेश्वर महादेव मंदिर, उन्नाव के बाबा बुढ़वा महादेव, सीतापुर के नैमिषारण्य, हरदोई के राधेश्वर महादेव, रायबरेली के महेश्वरनाथ मंदिर और हैदरगढ़ के ऐतिहासिक शिव मंदिरों में भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने बम बम भोले के जयकारों के बीच जलाभिषेक किया। जगह-जगह भंडारे व शिव चर्चा का आयोजन किया गया। कांवड़ यात्रा का उत्साह भी चरम पर रहा। लखनऊ के कैसरबाग, चौक, गोमतीनगर व जानकीपुरम क्षेत्रों से सैकड़ों कांवड़िए विभिन्न शिवधामों के लिए प्रस्थान करते देखे गए। श्रद्धालुओं ने तीन दिन बाद जलाभिषेक के लिए गंगाजल भरने की तैयारियां शुरू कर दी हैं। पूरे शहर में सावन के उल्लास का वातावरण छाया रहा। शिवालयों के आसपास मेले जैसा नजारा देखने को मिला। सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही, जगह-जगह स्वास्थ्य शिविर, जलपान व्यवस्था व ट्रैफिक व्यवस्था का भी विशेष ध्यान रखा गया।

# दिनभर में सात से आठ बार 33 केवीए लाइन हो रही फेल

### रोस्टिंग फिर हाइटेंशन व एलटी तार टूट कर गिरना अब हो गई है आम बात

**लक्ष्मण प्रसाद**

**जायस/अमेठी।** एक तो उमस भरी गर्मी, दूसरी तरफ खरीफ की फसल की सिंचाई में बिजली विभाग की उदासीनता के चलते जनमानस और किसान त्रस्त है। रोजाना सात से आठ बार 33 केवीए लाइन फेल होना अब दिन चर्या में शामिल हो गया है।

इसके अलावा रोस्टिंग फिर हाइटेंशन और एलटी तार का टूट कर गिरना अब आम बात हो गई है। बिजली विभाग की इस आंख मिचौली से किसान के साथ साथ आम जनमानस भी अब त्रस्त हो चुका है। विद्युत विभाग भले ही बिजली आपूर्ति को लेकर लाख दावे करता हो, लेकिन हकीकत ठीक उसके विपरीत ही है। विद्युत उपखंड जायस से सलोन, जलनिगम, तिलोई, जायस और बहादुरपुर फीडर से क्षेत्र की



आबादी को सुचारू रूप से बिजली आपूर्ति का जिम्मा है। जिसमें बहादुरपुर और जायस के लिए 21 घंटे और सलोन, तिलोई, जलनिगम फीडर से 18 घंटे बिजली आपूर्ति करना रहता है। लेकिन बिजली विभाग के हालत ऐसे हो गए हैं कि रोजाना सात से आठ बार 33 केवीए लाइन फेल हो जा रही है। शनिवार को 11 बजकर 2 मिनट, 21 बजकर 17 मिनट, वहीं रविवार को 11 बजकर 30, 17 बजकर 2, 19 बजकर 47, 20 बजकर 19 और 21 बजे 33 केवीए लाइन फेल होने की वजह से बिजली आपूर्ति बाधित रही।

कमोवेश यही हाल अब हर दिन का हो गया है। इसके अलावा हाइटेंशन और एलटी तार टूट कर गिर जाने के चलते अनगिनत बार आपूर्ति बाधित कर दी जाती है। ऊपर से रोस्टिंग से आम जनमानस को पीने के लिए पानी के साथ किसान खरीफ की फसलों की सिंचाई के लिए त्रस्त है। हद तो तब हो जाती है जब एलटी तार टूट कर गिर जाने के बाद पूरे फीडर की आपूर्ति बाधित कर दी जाती है। लाइनमैनो की मनमानी की वजह से लाइन मेंटिनेंस का काम रोस्टिंग के समय में न करके बिजली आपूर्ति के समय शटडाउन लेकर किया जाता है।

# मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के तहत रोजगार मेले में 59 अभ्यर्थियों का चयन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रोजगार सृजन की नीति को मजबूती मिल रही है। इसी क्रम में राजधानी लखनऊ के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), अलीगंज में सोमवार को आयोजित रोजगार मेले में उनसठ अभ्यर्थियों का विभिन्न कंपनियों में चयन किया गया।

रोजगार मेले में टाटा मोटर्स, इयूजीनिक्स मेडी साइंस प्राइवेट लिमिटेड, वी विन लिमिटेड, डीलक्स बियरिंग, पेटीएम तथा एजेस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों ने प्रतिभाग किया। कुल एक सौ बाईस अभ्यर्थियों ने रोजगार मेले में भाग लिया, जिसमें से नब्बे अभ्यर्थी पात्र पाए गए और साक्षात्कार प्रक्रिया के उपरांत उनसठ युवाओं को रोजगार का अवसर प्राप्त हुआ। चयनित अभ्यर्थियों को प्रतिमाह दस हजार रुपए से लेकर इक्कीस हजार रुपए तक का वेतन प्राप्त होगा। राजकीय आईटीआई के प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने कहा कि रोजगार मेले का आयोजन मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार प्रदेश के युवाओं को अधिकतम रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में अहम कदम है। उन्होंने उपस्थित कंपनियों से युवाओं को अधिक से अधिक अवसर देने की अपील की तथा चयनित अभ्यर्थियों को शीघ्र नियुक्ति ग्रहण करने के लिए प्रोत्साहित किया। ट्रेनिंग, काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट ऑफिसर एम. ए. खां ने जानकारी दी कि आगामी रोजगार मेला इकतीस जुलाई को राजकीय आईटीआई, अलीगंज, लखनऊ में आयोजित किया जाएगा, जिसमें अधिक से अधिक युवा लाभान्वित हो सकेंगे। रोजगार मेले की सफलता में मकबूल कादिर और ज़ेड रहमान जैसे प्रशिक्षकों के साथ-साथ ग्रेसिम फाउंडेशन तथा क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के स्टाफ का भी महत्वपूर्ण योगदान बताया जा रहा है ।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# मां की डांट से नाराज युवक ने की आत्महत्या

## बिना कार्रवाई के किया अन्तिम संस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। मां की डांट से नाराज युवक ने फांसी के फंदे पर झूल कर अपनी जीवन लीला को समाप्त कर लिया। बिना कानूनी कार्रवाई किये लाश का अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

कोतवाली क्षेत्र के हल्का नंबर चार के एक गांव में बीती रात 20 वर्षीय युवक ने अपनी मां द्वारा फोन चलाने से मना करने पर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। युवक ने अपने दो मंजिला मकान की छत पर जाकर लोहे के गाटर से प्लास्टिक की रस्सी के सहारे लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक हसनपुर नगर के एक निजी अस्पताल में कंपाउंडर के पद पर कार्यरत था। वह अपने चार भाई-बहनों में सबसे बड़ा था। जिससे परिवार पर गहरा सदमा पहुंचा है। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने बिना किसी कानूनी कार्यवाही के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। यह घटना परिवार और आसपास के क्षेत्र में शोक का माहौल पैदा कर गई है। और एक छोटे से विवाद के दुखद अंत को दर्शाती है।

# चाचा की अंत्येष्टि में आया युवक गंगा में डूबा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। रिश्ते के चाचा की अंतयेष्टि में आया युवक नहाते समय गंगा में डूब गया। स्थानीय गोताखोरों ने उसकी तलाश की मगर समाचार लिखे जाने तक वह नहीं मिल सका था। घटना से ग्रामीणों व परिजनों में दुख की लहर दौड़ गई।

**हादसा**

**● देर शाम तक तलाश में जुटे थे स्थानीय गोताखोर**

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र धनौरा के ग्राम शहबाजपुर निवासी राजवीर नामक व्यक्ति का देहांत हो गया था। परिजन व ग्रामीण उनकी अंतयेष्टि करने के लिये तिगरी आए थे। राजवीर के रिश्ते का भतीजा राजपाल (30) पुत्र कैलाश भी अंत्येष्टि में आया था। सोमवार को करीब तीन बजे गंगा स्नान करते समय वह गहरे पानी में डूब गया। आसपास नहा रहे लोगों ने शोर मचाया तो स्थानीय गोताखोर उसकी तलाश के लिये गंगा में कूद गए, वहीं ग्रामीण भी एकत्र हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन भी पहुंच गए। शाम तक कई घंटे तक राजपाल की तलाश की गई मगर उसका कुछ नहीं पता चला। घटना से ग्रामीण व परि. जनों में दुख की लहर है।

बता दें कि इस समय पहाड़ो पर हो रही बारिश और बिजनौर बैराज से छोड़े जा रहे पानी के चलते गंगा में पानी का बहाव तेज चल रहा है। कहीं कहीं पर गंगा कटान भी कर रही है। तिगरी में यूं भी कच्चे घाट हैं और यहां पर गंगा के तल का अंदाज नहीं लग पाता कि कहीं पर गहरा है और कहीं पर नहीं। ऐसे में इस तरह की घटनाएं अक्सर होती रहती हैं। स्थानीय गोताखोर डूबे हुए लोगों को ढूंढने में काफी मदद करते हैं।



गजरौला। युवक के डूबने के बाद गंगा तट पर लगी लोगों की भीड़।

# धनौरा मार्ग पर दूर-दूर तक नजर आए कांवड़ियों के जत्थे

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। शिवरात्रि पर भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिये सोमवार को धनौरा मार्ग से हजारों कांवड़िए नगर की सीमा से होकर निकले। दूर दूर तक नजर केवल और केवल कांवड़ियों के जत्थे ही दिखाई पड़ रहे थे। कांवड़ियों की सुरक्षा में पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट रहा। जगह जगह पुलिस की पिकैट तैनात रहीं तो वहीं ड्रोन के जरिये भी पुलिस ने कांवड़ मार्गो की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। एसपी अमित कुमार आनंद ने रात में भी कांवड़ मार्ग पर घूमकर कांवड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सोमवार को धनौरा मार्ग पर कांवड़ियों की संख्या शाम तक बनी रही। शाम होते होते ज्यादातकर कांवड़िए गजरौला सीमा से निकल गए थे।

**आस्था**

**● शिवरात्रि पर करेंगे भगवान शिव का जलाभिषेक**



वहीं डाक कांवड़े भी काफी संख्या में रहीं। मंगलवार को भी डाक कांवड़ रहेंगी। 23 जुलाई को शिवरात्रि के पर्व पर कांवड़िए भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे।

# चोरों ने पांच ट्यूबवैलों से स्टार्टर व केबिल चुराए

## घटना से किसानों में रोष, तहरीर दी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। बेखौफ चोरों ने थाना क्षेत्र के दो गांवों में पांच ट्यूबवेल से स्टार्टर और केबिल चोरी कर लिए। पीड़ित किसानों ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है। रविवार रात चोरों ने पहले गांव असावर में किसान किरतपाल सिंह, शीशपाल सिंह के नलकूपों के ताले तोड़कर केबल व स्टार्टर चोरी किया। इसके बाद गांव गजरौला प्रभुवन में किसान देवराज सिंह, सोनाथ सिंह व केदार सिंह के ट्यूबवेल से ताले तोड़कर केबिल व स्टार्टर पर हाथ साफ कर लिया। किसानों को घटना की जानकारी सोमवार सुबह खेत पहुं. चने पर हुई। कोठरी के ताले टूटे देख उनके होश उड़ गए। खेती-किसानी से जुड़ा सामान भी गायब मिला। वहीं,चोरी की लगातार बढ़ती घटनाओं से किसानों का रोष बढ़ रहा है। पीड़ित किसानों ने थाने में तहरीर देते हुए रिपोर्ट दर्ज कर घटनाओं का जल्द खुलासा करने की मांग की है।

**एक नजर**

## शिविर में कांवड़ियों के दो मोबाइल चोरी



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। गंगाजल लेकर आ रहे शिव भक्तों की सेवा के लिए लगाये गये शिविर में अज्ञात चोरों द्वारा दो मोबाइलों को चोरी कर लिया गया। शिविर में चोरी होने की सूचना से पुलिस में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ितों से जानकारी ली। नगर के गजरौला मार्ग स्थित खान कोल्ड स्टोर पर व्यापारियों द्वारा शिव भक्तों की सेवा के लिए शिविर लगाया गया है। सोमवार को शिविर में सभी सेवा कर रहे थे इसी दौरान एक अज्ञात युवक आया और उसने पहले शिविर में सेवा की और उसके बाद ग्राम रामपुर भूड़ निवासी धीरज पुत्र हरकेश से मोबा. इल मांगा। उसके बाद नगर निवासी डीजे संचालक विवेक पुत्र सतवीर से कॉल करने की बात करते हुई उसका मोबाइल मांग लिया। इसी दौरान दोनों का ध्यान हटा कर मोबाइल लेकर वहां से भाग गया। जब मोबाइल चोरी का पता चला तो शिविर में हड़कंप मच गया। शिव भक्त अंकुर अग्रवाल द्वारा मोबाइल चोरी होने की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई।

## माफियाओं ने एक दर्जन आम के पेड़ काटे

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। लकड़ी माफियाओं ने रात के अंधेरे में बिना अनुमति के आम के एक दर्जन हरे भरे पेड़ों को काट लिया। वन विभाग पेड़ काटने वालों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने की तैयारी कर रहा था। क्षेत्र में आम के हरे-भरे पेड़ों का कटान रुकने का नाम नहीं ले रहा है। सरकार की लाख बंदिशो के बावजूद भी स्थानीय अधिकारियों की मिली भगत से माफिया आम के हरे भरे पैरों पर कटर चलाकर उनका नामों निशान मिटा रहे हैं। माफिया हसनपुर क्षेत्र की हरियाली को हरे-भरे पेड़ों को काटकर उसको समाप्त कर रहे हैं। जिस तरह से आम के पेड़ों पर कुल्हाड़ी चला कर उनको खत्म किया जा रहा है। यदि यही हाल रहा तो आने वाले समय में हसनपुर क्षेत्र में आमों के बागों का होना सपना साबित होगा। किसी को पता ना चले इस उद्देश्य से माफिया आम के पेड़ों को रात में काटते हैं। गांव चकोरी मार्ग पर महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज के समीप माफियाओं ने आम के एक दर्जन हरे पेड़ों को काटकर उनका अस्तित्व समाप्त कर दिया। वन विभाग की टीम सूचना मिलने पर सुबह मौके पर पहुंच गई। वन क्षेत्राधिकारी नरेश कुमार ने बताया कि आम के पेड़ काटने वालों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जा रही है।

## अम्बेडकर युवक संघ में बनाएंगे नए सदस्य

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। अखिल भारतीय अम्बेडकर युवक संघ की एक बैठक टीचर्स कालोनी में महामंत्री विनोद कुमार गौतम के आवास पर आयोजित की गई। बैठक में संगठन की मजबूती पर बल दिया गया और संगठन में अधिक से अधिक नये सदस्य बनाने का निर्णय लिया गया। अखिल भारतीय अम्बेडकर युवक संघ हसनपुर के अध्यक्ष रामवीर सिंह ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ताओं को संगठन को मजबूती प्रदान करते हुए बड़े पैमाने पर शहर के लोगों को अखिल भारतीय अम्बेडकर युवक संघ की सदस्यता दिलानी है।संगठन का मुख्य उद्देश्य अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को संगठन की मुख्य धारा से जोड़ना है। घर घर जाकर लोगों को संगठन की नीतियों के बारे में जागरूक करना है। अखिल भारतीय अम्बेडकर युवक संघ हसनपुर के महामंत्री विनोद कुमार गौतम ने कहा कि बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर के संदेशों को हर घर तक पहुंचाना ही संगठन का प्रमुख लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि जल्द ही किन्हीं कारणों से शिक्षा की मुख्य धारा से वंचित गरीब बच्चों की मदद हेतु संगठन सूची बद्ध कर मदद का कार्य करेगा। इस अवसर पर महामंत्री विनोद कुमार गौतम, कोषाध्यक्ष करणवीर सिंह, सुरेन्द्र प्रकाश व्यास,सुरेश सिंह, अशोक सिंह, सुरेश चन्द्र,संजीव कुमार,सोम सिंह,दिनेश कुमार,डा. महेश कुमार, जसवंत सिंह आदि मौजूद रहे।

# निशाने हिमालय अवार्ड से सम्मानित होंगे मुशर्रफ

## नेपाल की राजधानी काठमांडू में होगा कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। मेकवे ग्रुप दुबई व युनिटेक ग्रुप नई दिल्ली के अध्यक्ष तथा साहित्यिक संस्था कलम साधना फाउंडेशन के अध्यक्ष मुशर्रफ अली खान कल (आज) नेपाल के काठमांडे में निशाने हिमालय एवार्ड से सम्मानित किये जायेंगे। यह पुरस्कार नेपाल के उपराष्ट्रपति राम सहाय यादव द्वारा खान के साहित्य और सामाजिक योगदान की मान्यता में प्रदान किया जायेगा। नेपाल साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शाकिब हारूनी के मुताबिक यह पुरस्कार कल (आज) होटल अल्पता काठमांडू में विश्व उर्दू संगोष्ठी व अन्तर्राष्ट्रीय मुशायरे के साथ आयोजित किया जायेगा। इस कार्यक्रम में कई देशों के साहित्यिक हस्तियों, कवियों व लेखकों के हिस्सा लेने की उम्मीद जतायी जा रही है। साहित्यिक एकादमी ने मुशर्रफ अली को निशाने हिमालय पुरस्कार के लिए चुना है। क्योंकि उन्होंने वैश्विक स्तर पर उर्दू और हिन्दी साहित्य को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अन्य उल्लेखीय प्रतिभागियों में प्रोफेसर अफजल मंगरौली, डा. एजाज अली, अरशद व सपना अहसास शामिल हैं।



# शिव पुराण कथा के शुभारंभ पर निकाली कलश यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**आस्था**

**● पंडित देवेन्द्र शर्मा द्वारा किया जाएगा कथा का वाचन**

**गजरौला**। नगर के लक्ष्मीनगर में स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में 21 से 27 जुलाई तक आयोजित होने वाली संगीतमय शिव पुराण की कथा के शुभारंभ के अवसर पर कलश यात्रा निकाली गई। श्री खाटू श्याम मंदिर में प्रतिदिन सांय सात से दस बजे तक पं0देवेन्द्र शर्मा के द्वारा कथा सुनाई जाएगी।

सोमवार को नगर के हसनपुर रोड स्थित शिव मंदिर से कलश यात्रा प्रारंभ होकर श्री खाटू मंदिर पर जाकर समाप्त हुई। कथावाचक पंडित देवेन्द्र शर्मा ने कलश यात्रा के महत्व का वर्णन करते हुए बताया कि कलश में ब्रह्मा, विष्णु, महेश एवं समस्त तीर्थो, नदियों, सप्त सागरों, चारों वेदों एवं 33 कोटी देवी देवताओं का वास होता है। इसलिए प्रत्येक यज्ञ, पूजन व कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के माध्यम से किया जाता है। इस अवसर पर प्रबंधक राजीव मित्तल, प्रीति मित्तल, तेजपाल सिंह, रीना चौधरी, निशा, अंकुर नागर, प्रिंस, दीप्ति जैन, रूपल मित्तल, रश्मि गर्ग, रमा चौधरी, सरिता देवी, सरिता जैन मौजूद रहे।



# हाइवे पर हादसों में 16 कांवरिये घायल

## बेहतर इलाज के लिए आठ कांवरिये हायर सैंटर रैफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला**। हाईवे पर रविवार की देर रात अलग-अलग हादसों में मुरादाबाद, रामपुर व अमरोहा के 16 कांवड़िए घायल हो गए। सभी को सीएचसी में भर्ती कराया गया। आठ कांवड़ियों की हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया।

मुरादाबाद के थाना नागफनी क्षेत्र के लालबाग काली मंदिर निवासी मंयक व अभिषेक राजप. ूत रविवार की रात बाइक से कांवड़ लेने के लिए बृजघाट आ रहे थे। हाइवे पर मोहम्मदाबाद के निकट गलत दिशा से आए सीएनजी ट्रक से बचाने के चक्कर में उनकी स्कूटी फिसल गई। जिसमें दोनों लोग घायल हो गए। वहीं चौपला के ओवरब्रिज पर दो बाइकों की आमने सामने की टक्कर में मुरादाबाद के मूंडापांडे थाना क्षेत्र के नब्बू नगला मोंटी व उसका चचेरा भाई गोविंद घायल हो गया। मुरादाबाद अकबर का किला आवासीय कालोनी निवासी अनिकेत सिंह, गुरुदेव मौर्य व स्पर्श मोर्य बाइक से कांवड़ लेने जा रहे थे। हाईवे पर जलालपुर के निकट सामने से आ रही बाइक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें तीनों लोग घायल हो गए। वहीं अशोक नगर जेल के पीछे मुरादाबाद निवासी अमन व ताड़ीखाना निवासी विवेक कुमार, अमन सैनी व उसका दोस्त गौरव निवासी गुलाबवाडी फाटक थाना कटघर, रामपुर के थाना सिविल लाइन बाबा दीप सिंह नगर निवासी मुकेश व उसका दोस्त कुणाल, सागर निवासी नाला पार मोरी गेट थानागंज जनपद रामपुर, शुभम व अंकित कुमार निवासी ग्राम पृथ्वीपुर कला थाना अमरोहा देहात भी हादसे में घायल हो गए। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि सभी हादसे कांवड़ियों वाली लाइन में हुए हैं। सभी को सीएचसी में भर्ती कराया गया

## चार कांवरिये हुए घायल, परिजनों में मचा कोहराम

# बाइकों की टक्कर में कांवरिये की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। हाइवे पर बाइकों की आमने सामने भिड़ंत में एक कांवरिये की मौत हो गयी जबकि चार कांवरिये गंभीर रूप से घायल हो गये।

मुरादाबाद जिले के मूंढापांडे थाना क्षेत्र के गांव लाला टीकर निवासी संजय सिंह का 17 वर्षीय बेटा हिमांशु व रामपुर क्षेत्र के पटवई थाना क्षेत्र के गांव भय्यानगला निवासी साथी आकाश पुत्र मुनेश के साथ बाइक पर सवार होकर जल भरने बृजघाट जा रहा था, इसी दौरान संभल जिले के असमोली थाना क्षेत्र के गांव हरथला निवासी कमल सिंह का बेटा विपिन कुमार अपने साथी शनि कुमार के साथ बृजघाट जल भरकर लौट रहा था। डिडौली क्षेत्र में कांवड़ मार्ग पर दोनों बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे की सूचना पर डिडौली पुलिस मौके पर पहुंची और चारों घायलों को चौधरपुर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां हिमांशु की हालत नाजुक देखते हुए उसे पाकबड़ा स्थित एक अस्पताल में रेफर किया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने हिमांशु के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक हिमांशु तीन भाई और दो बहनों में सबसे छोटा था। मौत की सूचना पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए थे, जिनका रोते बिलखते बुरा हाल है। वहीं, घायल कांवड़ियों का अभी उपचार चल रहा है, उनकी हालत भी गंभीर बनी है। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने परिजनों की तहरीर के आधार पर कार्रवाई की बात कही। बताया कि हादसा कांवड़ियों के लिए हाईवे की सुरक्षित लेन पर हुआ है।



# इमाम जैनुल आबेदीन का शबी-ए-ताबूत बरामद

## मजिलस व मातम का सिलसिला जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। हजरत इमाम हुसैन के बेटे हजरत इमाम जैनुल आबेदीन की शहादत पर रविवार रात अमरोहा शहर से लेकर नौगावां सादात तक शिया समुदाय में फिजा गमगीन रही। विभिन्न स्थानों पर मजलिस के साथ-साथ मातम का दौरा जारी रहा। जिसमें हजरत इमाम जैनुल आबेदीन की जिंदगी पर रोशनी डाली गई। वहीं, अलग-अलग शहरों से पहुंचीं मातमी अंजुमनों ने नौहा पेश किया। अजादारों ने मातम करके इमाम जैनुल आबेदीन को खिराजे अकीदत पेश किया।

देर रात शहर के मोहल्ला शफातपोता में इमाम जैनुल आबेदीन का शबीह-ए-ताबूत बरामद होकर इमामबारगाह शफातपोता पहुंचा। मौलाना डा.अहसन अख्तर ने इमाम की जिंदगी पर रोशनी डाली। कहा कि इमाम की जिंदगी से हमें समाज में लोगों की खिदमत करने, इंसानियत के लिए कार्य करने और इबादत-ए-इलाही करने का पैगाम मिलता है। मजलिस के बाद मातमी अंजुमनों ने नौहा पेश किया, लोगों ने ताबूत की ज्यारत की। वहीं, नौगावां सादात की तारीखी शब्बेदारी बाद नमाज-ए-ईशा इमाम बारगाह हजरत अली शाह फरीद से शुरू होने के बाद कर्बला पहुंचकर संपन्न हुई। मुजफ्फरनगर, जानसठ, मेरठ, मंगलौर, मेमन सादात, समेत पंद्रह मातमी अंजुमनों ने इमाम जैनुल आबेदीन की शान में नौहे पेश किए। अल्लामा सैयद फतेह मोहम्मद ने शिया समुदाय के चौथे इमाम जैनुल आबेदीन की शहादत का बयान पेश किया। इसके बाद नम आंखें के दरमियान गमगीन फिजा में ताबूत बरामद किया गया। दूर-दराज से आए लोगों ने इस ताबूत की ज्यारत की। शब्बेदारी में लखनऊ से आए नौहेखान शहजाद अली ने नौहे पेश किए। नाबीना शहजाद अली की पुरदर्द आवाज में नौहे सुनकर अजादार जार-ओ-कतार रोने लगे।

# नई व्यवस्था को लागू नहीं होने देंगे

## तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार का निंदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। तहसील बार एसोसिएशन की आपात बैठक में तहसील व चकबंदी के कार्यालयों व न्यायालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार तथा अनियमिताओं की कड़े शब्दों में निंदा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से बढ़ते भ्रष्टाचार अनियमिताओं तथा कर्मचारियों की लापरवाही पर रोष प्रकट किया गया। अधिवक्ताओं द्वारा बार- बार शिकायत करने तथा अधिकारियों से वार्ता करने के बावजूद समस्याओं का निराकरण न होने पर भी चिंता व्यक्त की गई। अधिवक्ताओं ने एक स्वर में सर्वसम्मति से भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के विरुद्ध संघर्ष का ऐलान किया। 22 जुलाई को समस्त अधिवक्तागण तहसील भवन में धरना देकर अपनी मांगों के निराकरण की मांग करेंगे। इस अवसर पर अध्यक्ष चन्द्र सैन अग्रवाल, मदन कुमार, गंगा सरन खड़गवंशी, मुजाहिद चौधरी, महीपाल सिंह,वीर सिंह, शिवचरन सिंह, श्यौराज सिंह राणा आदि मौजूद रहे।

**खोया-पाया**

मेरी हाईस्कूल वर्ष 2013 अनुक्रमांक 0856302 व प्रमाण पत्र क्रमांक-2204691 व इंटरमीडिएट वर्ष 2015 अनुक्रमांक 0685449, प्रमाण पत्र क्रमांक 12507902 है की मूल अंकतालिका कहीं गुम हो गये हैं।

योसिन्द्र पुत्र श्री अजब सिंह नि. ग्राम व पोस्ट तोमड़ा, थाना बछरायूं, अमरोहा

# संचारी रोगों के प्रति लोगों को करें जागरुक

## एडीओ पंचायत का वेतन रोकने के निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत जनपद में चलाये जा रहे संचारी रोग नियंत्रण अभियान व जन जागरूकता कार्यक्रम की अब तक की विभिन्न गतिविधियों व कार्यों की गहनता से समीक्षा की है। जिलाधिकारी श्रीमती निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में संचारी रोगों पर नियंत्रण के लिए अंतर्विभागीय समन्वय समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डीएम ने मुख्य वेक्टर वार्न डिजीज सहित अन्य संचारी रोगों की स्थिति एवं बचाव व जागरूकता के लिए चलाये जा रहे अभियान एवं प्रयासों में जनपद की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए सभी सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों एवं चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने जिन ग्राम पंचायतों में अभियान की खराब प्रगति है। एडीओ पंचायत के वेतन रोकने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ये महत्वपूर्ण समय है, अगर इस समय सावधानी बरत ली गई तो आने वाले समय में किसी बड़ी परेशानी से बचा जा सकता है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सत्यपाल सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 एके भंडारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आभा दत्त, पंचायत राज अधिकारी पारुल सिसौदिया सहित समस्त सीएचसी एवं पीएचसी से चिकित्सक मौजूद रहे।

# उप्र के पांच जिले बाढ़ से प्रभावित

## पिछले 24 घण्टे में प्रतापगढ़ और गोंडा में एक-एक जनहानि हुई



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप्र में बारिश के चलते नदियों के जलस्तर में वृ( देखने को मिल रही है। वर्तमान में प्रदेश के पांच जिले बाघ से प्रभावित हैं जबकि पिछले 24 घण्टे में प्रतापगढ़ और गोंडा में एक-एक जनहानि हुई है। बाढ़ आपदा राहत विभाग की तरफ से प्रभावित जिलों में एनडीआरएफ की टीम की तैनाती के साथ ही सभी जरूरी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

नदियों के जलस्तर से वृद्धि के चलते प्रदेश में बालियां, बांदा, मिर्जापुर, प्रयागराज और वाराणसी जैसे जिले प्रभावित हैं। बलिया में गंगा खतरे के निशान से 1-505 मीटर ऊपर बह रही हैं जबकि धौलपुर में चंबल नदी खतरे के निशान से 90 सेमी ऊपर बह रही है। वहीं गाजीपुर और बदायूं में गंगा का बहाव खतरे से ऊपर है। आने वाले 24 घंटे में गंगा, चंबल, सोन और घाघरा के जलस्तर में वृ( न होने का अनुमान है। राहत आयुक्त भानू चंद्र गोस्वामी के मुताबिक प्रदेश में 26 जिले ऐसे हैं, जहां पर 120 फीसद से अधिक बारिश हुई है। वहीं 19 जनपद ऐसे हैं जहां पर 120 से 80 प्रतिशत तक बारिश दर्ज की गई है। 12 जनपद ऐसे हैं जहां पर 80 से 60 प्रतिशत तक बारिश हुई है। इसी तरह 9 जिले ऐसे हैं, जहां पर अत्यधिक कम बारिश दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि बाढ़ के चलते बलिया जिले की दो तहसील के साथ गांव प्रभावित है। यहां पर एनडीआरएफ की एक टीम तैनात की गई है। बांदा में दो तहसीलों के दो गांव प्रभावित हैं। यहां पर भी पीएसी की एक टीम तैनात की गई है। जबकि मिर्जापुर में दो तहसीलों के कुल 6 गांव प्रभावित है। यहां पर बाढ़ पीड़तों की मदद के लिए पीएससी की एक टीम के साथ ही एसडीआरएफ की भी टीम लगाई गई है। प्रयागराज की चार तहसीलों के कल 27 गांव प्रभावित हैं। यहां पर भी लोगों की मदद के लिए एसडीआरएफ, एनडीआरफ की एक-एक टीम व पीएससी की दो टीम तैनात की गई है। जबकि वाराणसी में पांच गांव प्रभावित है। यहां पर बाढ़ पीड़तों की मदद के लिए एनडीआरएफ की एक टीम तैनात की गई है। शेष किसी भी जनपद में अभी तक बाढ़ की स्थिति नहीं है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में बाढ़ के चलते कुल 13 तहसील में प्रभावित हैं। जिनके अंतर्गत 52 गांव आते हैं। नदियों के जल स्तर में वृ( के चलते कुल 2995 लोग प्रभावित हैं। राहत आयुक्त ने बताया कि प्रदेश में कुल 1013 बाढ़ चौकियां स्थापित की गई है। यहां पर क्लोरीन और ओआरएस के वितरण के साथ ही खाद्यान्न और लंच पैकेट का वितरण कराया जा रहा है। वही 1750 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया है। राहत आयुक्त ने बताया कि बाढ़ पीड़तों की मदद के लिए 504 मेडिकल टीम गठित की गई है।

### प्रयागराज में गंगा यमुना उफान पर निचले इलाकों में बाढ़ का पानी पहुंचा

**प्रयागराज।** उत्तर भारत में लगातार हो रही बारिश का असर अब संगम नगरी प्रयागराज में भी साफ नजर आने लगा है। यहां गंगा और यमुना नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है और अब यह नदियां उफान पर हैं। शहर के निचले और रिहायशी इलाकों में बाढ़ का पानी घरों तक पहुंच गया हैं। बाघ के चलते लोगों की दिनचर्या पूरी तरह प्रभावित हो गई है। प्रयागराज शहर से करीब 15 किलोमीटर दूर स्थित बदरा सनौटी गांव की स्थिति सबसे ज्यादा गंभीर बनी हुई है। यह गांव अब पूरी तरह टापू में तब्दील हो चुका है। गांव की सड़कों पर जहां गाध्यिां चलती थी अब वहां नावें चल रही हैं। लोग रोजमर्रा की जरूरतों जैसे दूध, दवा और काम पर जाने के लिए नाव का सहारा ले रहे हैं। यहां तक कि साइकिल और जरूरी सामान भी नाव से ही इधर-उधर पहुंचाया जा रहा है। राहत की बात यह है कि नावों की व्यवस्था प्रशासन द्वारा की गई है। गांव के मकान बाढ में डूब गए हैं।

# पोस्टमार्टम रिपोर्ट अब मिलेगी सिर्फ पांच घंटे में: पाठक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गोरखपुर।** उप्र के उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि अब दुर्घटना या अन्य मेडिको लीगल मामलों में पोस्टमॉर्टम की रिपोर्ट पांच घंटों के भीतर परिजनों को सौंप दी जाएगी।

साथ ही टेलीमेडिसिन और नर्सिंग सेवा को और समृद्ध किया जा रहा है। श्री पाठक ने आज बात. चीत में कहा कि स्वास्थ्य सेवा के प्रति जनता का विश्वास बढ़ा है तथा डबल इंजन सरकार में उतर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवा बेहतर हुई है। पूर्वांचल को दिमागी बुखार से छुटकारा मिला है और जिसके कारण जनता का सरकारी अस्पतालों पर विश्वास बघ है। दस्तक कार्यक्रम के द्वारा संक्रमित रोगों के विरुद्ध अभियान भी सफल रहा है और मच्छर जनित बीमारी डेंगू आदि से निपटने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों को तैयार रहने को कहा गया है। साथ की बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में डॉक्टरों को काम करने और आवश्यक दवा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। उन्होने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रो के साथ ही शहरी क्षेत्रों में आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्थापित किए गए हैं जहां पैदल की दूरी पर आमजन स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त कर सकते हैं। जटिल रोगों के लिए इन केन्द्रों पर टेलीमेडिसिन और विशेषज्ञ रेफरल की सुविधा भी उपलब्ध है। इन केन्द्रों का ध्येय वाक्य -आरोग्यम परमं धनम- रखा गया है। उन्होने कहा कि प्रदेश में अब तक 5 करोड़ 20 लाख से अधिक आयुष्मान गोल्डन कार्ड जारी किए जा चुके हैं जिनकी मदद से निम्न आय वर्ग के लोगों का सरकारी और चुने हुए निजी अस्पतालों में पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज किया जा रहा है। उन्होने बताया कि अब तक गोल्डन कार्ड के लाभार्थियों के 83 प्रतिशत क्लेम सेटल किए जा चुके हैं। श्री पाठक ने कहा कि चिकित्सा को अत्याधुनिक तकनीक से जोड़ा जाएगा साथ ही आयुष्मान कार्ड से सभी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल जोड़े जाएंगे। वर्तमान में एमपैनल्ड अस्पतालों की संख्या 5854 है। प्रदेश में दुर्घटना से मौत में पांच घंटे में पोस्टमार्टम रिपोर्ट परिजनों को उपलब्ध कराने के निर्णय का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा और अस्पतालों में पैरमफोकल स्टाफ की कमी पूरा करने पर सरकार विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि लगभग सभी जिलों में मेडिकल कालेज की स्थान के बाद प्रदेश 6500 डाक्टर हर वर्ष पास हो कर जनता सेवा में जाएंगे। उन्होंने कहा कि नर्सेज चिकित्सक से कम महत्वपूर्ण नहीं है।

### भतीजे ने की चाचा की पीट-पीटकर हत्या

**कानपुर।** उप्र में कानपुर जिले के सेन पश्चिमपारा क्षेत्र के ग्राम नयापुरवा कोठघर में रविवार को पारिवारिक विवाद के चलते एक युवक ने अपने चाचा की पीट पीट कर हत्या कर दी। पुलिस ने नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, नयापुरवा कोठघर निवासी शिव बालक (50) का अपने भतीजे नीरज (30) से पारिवारिक विवाद को कहासुनी हो गयी। इस दौरान नीरज ने डंडे से चाचा पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल शिव बालक को परिजन इलाज के लिए अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों द्वारा घटना की सूचना थाना पुलिस को दी गई।

# सपा राज में कांवड़ियों पर मुसलमान बरसाते थे फूल: अवधेश प्रसाद



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता और फैजाबाद लोकसभा सांसद अवधेश प्रसाद ने कांवड़ यात्रा को लेकर भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार धर्म के नाम पर समाज में नफरत फैला रही है, जबकि समा. जवादी पार्टी के शासन में सभी धर्मों के लोग मिलकर आपसी सौहार्द के साथ त्यौहार और यात्राएं मनाते थे। सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि कांवड़ यात्रा कोई नई परंपरा नहीं है।

अखिलेश यादव के मुख्यमंत्री रहते समय भी भव्य कांवड़ यात्राएं निकलती थीं। मुसलमान भाई उन यात्राओं में कांवरियों पर फूल बरसाते थे, स्टाल लगाकर उन्हें शरबत व पानी पिलाते थे। उन्होंने भाजपा पर आरा. `प लगाया कि मौजूदा सरकार चाहती है कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर मुसलमानों की दुकानें न रहें। ह्भाजपा नफरत का बीज बो रही है। यह देश केवल किसी एक धर्म का नहीं, बल्कि सभी धर्मों का है। आज़ादी की लड़ाई में हर मज़हब के लोगों ने बलिदान दिया है। फैजाबाद जेल में शहीद अशफाक उल्ला खां को फांसी दी गई थी। क्या हम उनकी कुर्बानी को भूल सकते हैं। अवधेश प्रसाद ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा गंगा-जमुनी तहज़ीब की पक्षधर रही है। हमने हमेशा एकता और भाईचारे की बात की है।

### कांवड़ियों से झड़प दो हिरासत में

**बाराबंकी।** उप्र में बाराबंकी के मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र में नशे में धुत्त कुछ लोगों ने कांवड़ियों पर हमला कर दिया। अपने बचाव में कांवड़िये भी मुखर हुए। पुलिस ने किसी तरह से मामला शांत कराया। हमलावरों में शामिल छह लोगों में से दो को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। जत्थे को शांति पूर्वक लोधेश्वर महादेवा की ओर रवाना किया। इस घटना के बाद पूरे मार्ग पर पुलिस की पेट्रोललग बढ़ा दी गई। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि कल देर रात थाना मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र अंतर्गत सीतापुर जिले के कांवड़ियों का जत्था भगौली तीर्थ में प्रसन्न नाथ महादेव के जलाभिषेक के बाद लोधेश्वर महादेवा की ओर जा रहा था। चंदूरा गांव के निकट एक दुकान पर खड़े कुछ युवकों ने टिप्पणी की, जिसके बाद विवाद हो गया। जत्था आगे बढ़ा ही था कि रायपुर से चंदूरा गांव के बीच पेट्रोल पंप के निकट छह युवक पहुंच गए और कांवड़ियों पर हमला कर दिया। क्षेत्राधिकार फतेहपुर जगत. राम कनौजिया ने बताया कि एक दुकान पर कुछ युवकों से कहासुनी व झड़प की बात सामने आई है।

# झांसी में लगातार हो रही बारिश से गांव बना टापू, फंसे ग्रामीण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**झांसी।** उप्र के झांसी जनपद में इन दिनों लगातार हो रही बारिश ने ग्रामीण इलाकों में हालात काफी खराब कर दिए हैं। बांधों के जलाश्यों के भरने के बाद छोड़ा गया अतिरिक्त पानी कई गांवों के लिए बड़ी मुसीबत बन गया है।

मऊरानीपुर तहसील के पंचवई गांव में टापू जैसे हालात बन गये हैं और गांव का जिला मुख्यालय सहित अन्य से संपर्क पूरी तरह से टूट गया है। भारी बारिश के कारण गांव को जिला मुख्यालय से जोड़ने वाली सड़क बह गयी है और इस कारण लगभग 1200-1500 की आबादी का संपर्क जनपद के बाकी हिस्सों से पूरी तरह से टूट गया है। ऐसे में ग्रामीणों को जबरदस्त परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे बुरे हालातों का सामना कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि यह हर साल की बात है। हर साल मानसून के समय बारिश के कारण गांव का संपर्क जिला मुख्यालय से टूट जाता है। अधिकारी आते हैं और हर बार सड़क बनने तथा अगले साल ऐसा नहीं होने का आश्वासन देते हैं लेकिन धरातल पर कुछ नहीं होता और लगभग छह माह गांव का संपर्क टूटा रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि न तो गांव में बाजार है न ही अस्पताल की कोई सुविधा। ऐसे में बच्चों का स्कूल जाना संभव ही नहीं हो रहा है। फिलहाल गांव में कोई बीमार हो जाए या किसी गर्भवती को चिकित्सीय मदद की जरूरत हो तो लोगों को कड़ी मशक्कत कर चारपाई आदि पर बैठाकर उसे पानी से निकालना पड़ता है। इसके बाद ही प्रभावित को अस्पताल तक पहुंचाना संभव हो पाता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मदद पहुंचाने और इस समस्या का स्थायी समाधान करने की अपील की है। ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए पुल निर्माण का काम अभी से शुरू होना जरूरी है क्योंकि गर्मियों में काम शुरू किया जायेगा,यह आश्वासन उन्हें लंबे समय से दिया जा रहा है लेकिन एक बार बरसात खत्म होने और पानी उतरने के बाद हर कोई समस्या को भूल जाता है और फिर अगले साल बरसात में गांव के लोगों को ऐसे ही हालातों का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में उपजिलाधिकारी अजय कुमार यादव ने आज बताया कि पंचवई गांव का मुख्य मार्ग पर रिपटे पर काफी पानी आ गया है लेकिन गांव से बाहर आने के दो वैकल्पिक मार्ग हैं। लगातार बारिश के कारण वैकल्पिक मार्ग की स्थिति भी खराब है। उन्होंने क्षेत्राधिकारी के साथ कल भी मौका मुआयना किया था और आज गांव को अन्य स्थानों से जोड़ने के लिए वैकल्पिक मार्गो को ठीक कराने का काम किया जा रहा है ताकि ग्रामीणों की समस्या का समाधान हो सके। इसके अलावा उन्होंने बताया कि रिपटें की जगह पर पुल बनाये जाने को लेकर जनप्रतिनिधियों सहित उनकी ओर से भी शासन को अवगत कराया गया है। फिलहाल वैकल्पिक मार्गो को ठीक कर ग्रामीणों की समस्या कम करने का काम किया जा रहा है।

# सावन के दूसरे सोमवार पर शिवमय हुआ अमेठी

### तपेश्वर नाथ, बाबा दत्तहरेश्वर धाम समेत शिवालयों में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** सावन मास के दूसरे सोमवार पर जनपद अमेठी के सभी प्रमुख शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारों के बीच श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

जिले के बहादुरपुर पीढ़ी स्थित तपेश्वर नाथ मंदिर, सिंहपुर विकासखंड क्षेत्र के बाबा दत्तहरेश्वर धाम मंदिर, जामो के बूढ़े बाबा शंकर मंदिर सहित सैकड़ों शिवालयों में विशेष पूजा-अर्चना और रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया।सावन के सोमवार को लेकर भक्तों में विशेष उत्साह देखा गया। तड़के चार बजे से ही मंदिरों में लंबी कतारें लग गईं। भक्तजन सिर पर गंगाजल की कांवड़ लेकर पहुंचे और विधिविधान से भगवान शंकर का अभिषेक किया। महिला श्रद्धालु भी व्रत रखकर शिव आराधना में लीन दिखीं।बहादुरपुर पीढ़ी का तपेश्वर नाथ मंदिर अपनी चमत्कारी मान्यताओं के लिए जाना जाता है। मान्यता है कि यहां शिवलिंग पर जलाभिषेक करने से परिवार में सुख-शांति बनी रहती है। मंदिर के पुजारी ने बताया कि आज दिनभर रुद्राभिषेक, शिव चालीसा पाठ और भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ।इसी तरह सिंहपुर विकासखंड क्षेत्र के बाबा दत्तहरेश्वर धाम मंदिर में भी हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

मंदिर समिति की ओर से विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। स्थानीय युवाओं और स्वयंसेवी संगठनों ने जल वितरण, प्रसाद वितरण और दर्शन व्यवस्था में सहयोग किया।प्रशासनिक प्रबंध भी रहे चाक-चौबंद। श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने मंदिर परिसरों में सुरक्षा बलों की तैनाती की।

# अभिभावकों की सहमति के बगैर स्कूलों के मर्जर चिंताजनक: राजीव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता और घोषी से सांसद राजीव राय ने कहा कि छात्रों के अभिभावकों की सहमति के बगैर प्राथमिक विद्यालयों का मर्जर चिंताजनक है।

श्री राय ने इस संबंध में अपर मुख्य सचिव बेसिक दीपक कुमार को लिखे पत्र में कहा है कि बेसिक शिक्षा विभाग के अधीन संचालित प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कई विद्यालयों को बंद करके अन्य विद्यालयों में में मर्जर अर्थात पेयरिंग किया जा रहा है। यह प्रक्रिया उनके संसदीय क्षेत्र में भी चल रही है। पिछले दिनों एक जुलाई को इस मामले को लेकर महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा से बात हुई थी जिसमें उन्होंने स्पष्टतौर पर आश्वस्त किया था कि विद्यालयों को बंद करने या मर्जर करने से पहले उस विद्यालय में पघ्ने वाले छात्रों के परिजनों से सहमति पत्र लिया जाना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि यह भी आश्वा. सन दिया गया था कि जिन स्कूलों के परिजनों की ओर से सहमति पत्र नहीं दिया जाएगा उन विद्यालयों को बंद या पेयरिंग नहीं किया जाएगा। लेकिन पिछले दिनों कई मामले संज्ञान में आए हैं कि अभिभावकों की बिना सहमति के ही जबरन विद्यालयों का मर्जर किया जा रहा है जिसके चलते तमाम बच्चे शिक्षा से वंचित होने के कगार पर पहुंच गए हैं। श्री राय ने मांग की कि अभिभावकों के बिना सहमति के जिन स्कूलों का मर्जर किया गया है उनको दोबारा मूल स्वरूप में लाकर उन स्कूलों को संचालित करने का निर्देश जारी किया जाए जिससे बच्चों को अपने नजदीकी स्कूलों में आसानी से शिक्षा प्राप्त हो सके। समाजवादी पार्टी के इस आरोप को लेकर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अवनीश त्यागी ने कहा कि सपा जानबूझकर हर मुद्दे को बघ बनाने की कोशिश करती है और लोगों को गुमराह करने का काम करती है। स्कूलों के मर्जर को लेकर इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने सरकार की मंशा को सही ठहराया था।

# पीडीए समाज का मान सम्मान खतरे में: श्यामलाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने कहा कि पीडीए समाज का मान सम्मान और भविष्य आज खतरे में है। सामंतियों, प्रभुत्व वादियों को संरक्षण देने वाले आज पीडीए समाज को शोषण कर रहे हैं। प्रदेश में स्कूल बंद किए जा रहे हैं ताकि पीडीए समाज के बच्चे शिक्षा ना प्राप्त करें।

जिले में विधानसभा क्षेत्र मुंगराबादशाहपुर के सरायबीका में एक स्कूल में आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए उन्होने कहा कि सामंती जानते हैं कि जब पीडीए समाज के लोग शिक्षित होंगे तो सत्ता से अपने हक अधिकार के लिए सवाल करेंगे, ऐसे में उन्हें उनका हक अधिकार, आरक्षण, भागीदारी देनी पड़ेगी। उन्होने कहा कि आज पीडीए समाज विशेषकर प्रजापति समाज को एकजुट होकर समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत बनाना होगा, तभी जाकर संविधान आरक्षण और पीडीए समाज का मान सम्मान और गौरव वापस आएगा। श्री पाल ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार में सर्वाधिक पीडीए समाज का उत्पीड़न हो रहा है, पीडीए समाज का हक अधिकार सुरक्षित नहीं रह गया है, बाबासाहब डॉ भीमराव अंबेडकर के संविधान और उनके द्वारा दिए गए पीडीए समाज के आरक्षण को समाप्त किया जा रहा है।

# पूर्व विधायक के घर के बाहर पुलिस ने कबाड़ गाड़ियों को खड़ा कराया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**शाहजहांपुर।** उप्र में शाहज. हांपुर जिले के निगोही क्षेत्र में पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा के घर के सामने पुलिस ने कबाड़ की गाड़ियां खड़ी कर दी। पुलिस जमीन को अपना बता रही है जबकि पूर्व विधायक पुलिस पर जबरन उनके घर के सामने की जमीन पर कब्जा करने की बात कर रहे हैं।

पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा ने बताया कि भाजपा छोड़कर सपा में आने के बाद से लगातार उनका उत्पीड़न किया जा रहा है। इस दौरान सपा के प्रतिनिधिमंडल से पुलिस की जमकर नोक झोंक भी हुई है। कबाड़ न हटने पर सपा नेताओं ने आंदोलन की चेतावनी दी है। निगोही थाने के सामने पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा का घर है। पूर्व विधायक ने आरोप है कि भाजपा छोड़कर सपा में शामिल होने के बाद से लगातार उनका उत्पीड़न किया जा रहा है। देर रात पुलिस ने थाने में खड़ी कबाड़ की गाड़ियोंको उनके घर के सामने खड़ा करवा दिया और वहां कबाड़ भर दिया।

पूर्व विधायक का कहना है कि पुलिस जिस जगह को अपना बता रही है वह उनके घर से 200 मीटर दूर है लेकिन स्थानीय भाजपा विधायक के दबाव में पुलिस ने उनकी निजी जमीन पर कब्जा करके वहां कबाड़ भर दिया है। उन्होने आरोप लगाया कि इससे पूर्व में भी छह बार जमीन की नाप हो चुकी है और उनके मकान पर बुलडोजर की कार्रवाई तक की जा चुकी है। देर रात पुलिस ने उनके मकान से लेकर आगे 300 मीटर तक खंबे लगा दिए थे। लेकिन कबाड़ सिर्फ उनके आवास के बाहर ही भरा गया है। बाकी लोगो ने पुलिस के खंभे उखाड़ दिए। सपा नेता राजपाल कश्यप का कहना है कि अब तो पुलिस भी सपा नेताओं की जमीनों पर कब्जा कर रही है। उन्होंने कहा है कि अगर पूर्व विधायक की मकान के सामने से पुलिस ने कबाड़ नहीं हटाया तो वह एक बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# जायस में जनपद स्तरीय खरीफ उत्पादकता कृषक गोष्ठी आयोजित, राज्य मंत्री ने किया शुभारंभ



**राम धीरज यादव**

**गौरीगंज/अमेठी।** खरीफ फसलों की उत्पादकता को बढ़ावा देने एवं किसानों को नवीनतम ख्रषि तकनीकों से जोड़ने के उद्देश्य से सोमवार को राजीव गांधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान, जायस में जनपद स्तरीय खरीफ उत्पादकता कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय राज्य मंत्री ने फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान, कृषि विशेषज्ञ और अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विभिन्न विभागों जैसे कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता एवं कृषि यंत्र प्रदाय इकाइयों द्वारा प्रदर्शनी स्टॉल लगाए गए। इन स्टॉलों में किसानों को उन्नत बीज, खाद-उर्वरक, जैविक खेती, जल संरक्षण, फसल बीमा, एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।राज्य मंत्री ने स्टॉलों का अवलोकन करते हुए किसानों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की आय दोग. ुनी करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है और इसी उद्देश्य से इस प्रकार की गोष्ठियों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने किसानों से वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाने और सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया।कार्यक्रम में अमेठी के जिलाधिकारी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रमुख रूप से जिलाधिकारी अमेठी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह,सीडीओ सूरज पटेल, उप ख्रषि निदेशक, ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, ख्रषि विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञ एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी कार्यक्रम में मौजूद रहे।गोष्ठी में कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को मृदा परीक्षण, कीट प्रबंधन, फसल चक्र, और मौसम आधारित खेती के विषय में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही जलवायु परिवर्तन के चलते खेती में आ रही चुनौतियों से निपटने के उपाय भी बताए।

# पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र में युवाओं को कैरियर बनाने का मौका दे रहा एमकेआईटीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के युवाओं के लिए पर्यटन और आतिथ्य उद्योग में करियर बनाने का सुनहरा अवसर खुला है। पर्यटन विभाग द्वारा संचालित मान्यवर कांशीराम इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म मैनेजमेंट (एमकेआईटीएम), लखनऊ में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए बीबीए इन टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी कोर्स में प्रवेश प्रक्रिया जारी है।

त्रिवर्षीय यह कोर्स लखनऊ विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त है, जो विद्यार्थियों को पर्यटन उद्योग की बारीकियों से परिचित कराने का अवसर देगा। एमकेआईटीएम में नामांकन की प्रक्रिया 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर संचा. लित हो रही है। जिन विद्यार्थियों से लखनऊ विश्वविद्यालय का प्रवेश फॉर्म भरना छूट गया है, वे सीधे संस्थान में आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश की अंतिम तिथि अगस्त मध्य तक तय की गई है। विस्तृत जानक. ारी के लिए संस्थान की वेबसाइट पर संपर्क किया जा सकता है। छात्रों को होटल प्रबंधन, संगठनात्मक व्यवहार, लेखांकन और वित्त, ट्रैवेल एजेंसी प्रबंधन, हाउसकीपि. ंग, खाद्य उत्पादन और व्यक्तित्व विकास जैसे व्यावसायिक विषयों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। एमकेआईटीएम का उद्देश्य युवाओं को रोजगारपरक शिक्षा प्रदान कर पर्यटन उद्योग में आत्मनिर्भर बनाना है। नामांकन के लिए सामान्य और ओबीसी वर्ग के विद्यार्थियों को इंटरमीडिएट में न्यूनतम पचास प्रतिशत अंक अनिवार्य किए गए हैं, जबकि अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के लिए न्यूनतम पैंतालीस प्रतिशत अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक सेमेस्टर का शुल्क उनतीस हजार रुपए है तथा पंजीकरण शुल्क पांच सौ रुपए रखा गया है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि एमकेआईटीएम देश के प्रतिष्ठित पर्यटन प्रबंधन संस्थानों में शामिल है। संस्थान ने अपने शैक्षणिक और व्यवसायिक प्रशिक्षण के जरिए पर्यटन उद्योग में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है।

### योगी से मिलने पहुंचे बृजभूषण शरण सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप्र की राजधानी लखनऊ में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व सांसद और कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष ब्रजभूषण शरण सिंह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करने पहुंचे। हालाकि यह जानकारी सामने नहीं आयी है कि यह मुलाकात किस मुद्दे को लेकर है। जानकारी के अनुसार, भाजपा के पूर्व सांसद और कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करने सीएम आवास 5 केडी पहुंच चुके हैं। बृजभूषण शरण के सीएम आवास पहुंचने से प्रदेश की राजनी. ति में नई चर्चाएं तेज हो गई हैं।

# कांवड़तियों की डीसीएम केबल से टकराई

## विद्युत पोल ट्रांसफार्मर सहित सड़क पर गिरा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंदक।** आज सुबह कांवड़ियों से भरी डीसीएम सड़क से गुजर रहे विद्युत पोल ट्रांसफार्मर सहित सड़क पर गिर गया। ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारियों से अफरा-तफरी मच गई। डीसीएम से निकलकर कांवड़ियों में भगदड़ मच गई। गनीमत रही कि कोई कांवड़िया या राहगीर करंट की चपेट में नहीं आया। वर्ना बड़ा हादसा हो सकता था।

प्राप्त समाचार के अनुसार सुबह करीब दस बजे हरिद्वार जल लेने जा रहे कांवरतियों से भरी डीसीएम बिजलीघर के सामने विद्युत तार से टकरा गई। डीसीएम पर ऊंचा डीजे बंधा था। वाहन के टकराने से सड़क के दोनों ओर के खंबे गिर गये। खंबों पर रखा कस्बे को सप्लाई देने वाला विद्युत ट्रांसफार्मर भी सड़क किनारे गिर गया। उस समय बिजली आपूर्ति चल रही थी और बारिश भी हो रही थी, जिससे जबरदस्त फाल्ट हुआ। कांवरतियों में अफरा-तफरी और भगदड़ मच गई। गनीमत रही कि कोई करंट की चपेट में नहीं आया। वर्ना बड़ा हादसा हो सकता था। सूचना पर चंदक चौकी इंचार्ज और बिजली कर्मचारी मौके पर पहुंचे और सड़क से तार हटवाया।

### पुरानी घटना हुई ताजा

**चंदक।** आज सुबह कांवड़ियों की डीसीएम बिजली के तार से टकराने से लोगों के जहन में वर्षों पुरानी घटना ताजा हो गई, जब बिजलीघर के पास ही कांवरतियों का वाहन बिजली के तार से टकरा गया था और कई कांवड़ियों की करंट से मौत हो गई थी।

### विद्युत आपूर्ति ठप

**चंदक।** विद्युत पोल और ट्रांसफार्मर के गिरकर क्षतिग्रस्त हो जाने से कस्बे की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई है, जिससे लोगों को परेशानी हा सामना करना पड़ रहा है।

## टैंट हाउस में आग लगने से लाखों का नुकसान

**नजीबाबाद।** कस्बा साहनपुर के मौहल्ला जरूफसाजान में बीती रात रईस टैंट वाले के गोदाम में अचानक भीषण आग लगने से लाखों रुपए का टैंट का सामान जल गया। आग लगने की वजह बिजली के तारों में फाल्ट होना बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही टैंट व्यापार एसोसिएशन के अध्यक्ष मौहम्मद अख्तर तथा साहनपुर के चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने मौके पर पहुंच कर घटना पर अफसोस जताते हुए प्रशासन से आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की। चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने मौके पर हलका लेखपाल विजय चौधरी को बुलाकर मुआयना कराते हुए रिपोर्ट तैयार कराई।

# सहनशक्ति की कमी और तनाव की मार

## आखिर किस दिशा में जा रहा है हमारा युवा?

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** आज का युवा मान. सिक रूप से किस कशमकश से गुजर रहा है, इसका अंदाजा आए दिन सामने आ रही आत्महत्या की खबरों से लगाया जा सकता है। मामूली नाराजगी, परिजनों की डांट-फटकार या छोटी-सी असहमति भी अब कई बच्चों को ऐसा घातक कदम उठाने के लिए प्रेरित कर रही है, जिसकी भरपाई न परिवार कर सकता है और न ही समाज।

हाल ही में किरतपुर क्षेत्र में शनिवार को एक बेहद दुखद घटना घटी, जहां एक किशोर ने परिवार में हुए हल्के-फुल्के मनमुटाव के चलते आत्महत्या जैसा गंभीर कदम उठा लिया। यह कोई पहली घटना नहीं है देश के कोने-कोने से ऐसे समाचार लगातार सामने आ रहे हैं, जो हमें सो. चने पर मजबूर करते हैं। सामाजिक व दानिश्वर लोगों का मानना है कि बच्चों में सहनशक्ति की गिरावट, सोशल मीडिया की अंधी दौड़ और पारिवारिक संवाद की कमी इसके प्रमुख कारण हैं। आज का बच्चा छोटी-छोटी बातों को सम्मान और अपमान के तराजू में तोलता है। जो बातें पहले मार्गदर्शन समझी जाती थीं, अब उन्हें टोकाटाकी और हस्तक्षेप माना जाने लगा है।

समाज के दानिश्वर लोगों का कहना है कि सिर्फ स्कूल या कॉलेजों की नहीं, बल्कि मां बाप और पूरे समाज की जिम्मेदारी है कि वे बच्चों को मानसिक रूप से मजबूत बनाएं। बच्चों को हर बात में हाँ कहना, उन्हें हर असफलता से बचाने की कोशिश करना और आलोचना से दूर रखना यह सब उन्हें जीवन की सच्चाइयों के लिए कमजोर बना रहा है।

### बच्चों से खुलकर बात करें

अनुशासन में संतुलन हर बात में सहमति देना सही नहीं, जरूरी है सीमाओं को स्पष्ट करना। स्कूलों और कॉलेजों में मानसिक स्वास्थ्य को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाए। यह वक्त सिर्फ बच्चों को डिग्री या नंबर दिलाने का नहीं है, बल्कि उन्हें जीवन की चुनौतियों से जूझने का हौसला देने का है। अगर अब भी हम नहीं चेते, तो अगली पीढ़ी को एक खोखली मानसिकता और भावनात्मक अस्थिरता का बोझ उठाना पड़ेगा, जिसका अंजाम बहुत भयावह हो सकता है।

# हवन यज्ञ में आहुतियां देने से मनोकामनाएं होती हैं पूर्ण : आचार्य राजेंद्र वशिष्ठ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** बड़ी मंडी स्थित राजगढियों की धर्मशाला में आयोजित मोक्षदायिनी श्री शिव महा. पुराण कथा मंदाकिनी कथा के समापन पर हवन यज्ञ में आहुतियां डलवाते हुए कथा व्यास पीठाधीश्वर आचार्य पंडित राजेंद्र प्रसाद वशिष्ठ ने हवन-यज्ञ कराते हुए कहा कि जो हवन यज्ञ में आहुतियां देता है और हवन यज्ञ की परिक्रमा करता है, उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी होती है।

शिव महापुराण कथा के समापन अवसर पर आयोजित हवन यज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे। हवन-यज्ञ के मुख्य यजमान विकल गुप्ता एवं उनकी धर्मपत्नी मोनिका गुप्ता, सार्थक गुप्ता, नयना गुप्ता रहे। हवन यज्ञ में राजीव धनोरिया, शिखा धनोरिया, मुकेश कौशिक, मदन राणा, हरिओम अग्रवाल, उमा अग्रवाल, राधा अग्रवाल, उषा अग्रवाल, कल्पना जैन, अनुज वर्मा, रीना वर्मा, मान्य वर्मा, संजय अग्रवाल, राधा अग्रवाल, कुसुम लता, रजनीश चौहान, आदर्श सक्सेना, आयुषी अग्रवाल, मधु, प्रीति, दीपा, निर्मला, डिंपल आदि शामिल रहे। मोक्षदायिनी श्री शिव महापुराण कथा मंदाकिनी का हवन यज्ञ के साथ समापन हो गया। अंत में आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। सब ने प्रसाद ग्रहण का धर्म लाभ उठाया।

# अफजलगढ़ में भाकियू सामाजिक की बैठक

## किसानों और स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर उठाई गंभीर समस्याएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** भारतीय किसान यूनियन (सामाजिक) की एक अहम बैठक रविवार को भारतीय स्टेट बैंक के पास आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष आरेंद्र कुमार ने की, जबकि संचालन नगर अध्यक्ष अब्दुल बारी ने किया। बैठक में संगठन को मजबूती देने के साथ-साथ क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर गंभीर चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सचिव ज्ञानचंद प्रजापति ने कहा कि अफजलगढ़ की द्वारिकेश मिल से किसानों को कृषि कार्य के लिए गुणवत्तापूर्ण दवाइयां नहीं मिल पा रही हैं। उन्होंने मांग की कि किसानों का गन्ने का भुगतान समय से किया जाए और मिल को समय पर शुरू किया जाए, ताकि गेहूं की बुवाई में देरी न हो। उन्होंने अफजलगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की खराब स्थिति पर भी रोष जताया। उन्होंने कहा कि सीएचसी में डॉक्टर समय पर नहीं आते और कई बार ड्यूटी से गायब रहते हैं। वार्ड बॉय और फार्मासिस्ट मरीजों का उपचार करते नजर आते हैं, जो कि नियमों के विरुद्ध है। उन्होंने आरोप लगाया कि एक डॉक्टर सरकारी सेवा में रहते हुए निजी अस्पताल चला रहा है।

प्रजापति ने बताया कि सीएचसी में तैनात पांच डॉक्टरों में से केवल एक ही मरीजों को देखता है, जिससे लंबी कतारें लगती हैं और मरीजों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। फार्मासिस्ट द्वारा मरीजों को बाहर रेफर करने की प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि कुछ एंबुलेंस संचालक फार्मासिस्ट के द्वारा कमीशन के लालच में मरीजों को काशीपुर के निजी अस्पतालों में भेज रहे हैं। उन्होंने कहा कि फार्मासिस्ट डॉक्टर की कुर्सी पर बैठकर उपचार करता है तथा सीएचसी से मरीजों को बाहर से दवाई लिखी जाती है। उन्होंने जिला अधिकारी और सीएमओ से सीएचसी का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की। बैठक में जिला उपाध्यक्ष आरेंद्र कुमार ने क्षेत्र में गुलदार (तेंदुए) के बढ़ते हमलों पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि वन विभाग की निष्क्रियता के चलते ग्रामीण और किसान भयभीत हैं, लेकिन विभाग की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। नगर अध्यक्ष अब्दुल बारी ने कहा कि अगर किसी भी व्यक्ति को विभागीय स्तर पर अनावश्यक रूप से परेशान किया गया, तो संगठन उसका पुरजोर विरोध करेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय किसान यूनियन (सामाजिक) किसानों और आम जनता की समस्याओं को गंभीरता से उठाता रहा है और आगे भी जनहित में संघर्ष करता रहेगा।

बैठक में राष्ट्रीय सचिव ज्ञानचंद प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष आरेंद्र कुमार, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. इकरार, नगर अध्यक्ष अब्दुल बारी, मास्टर सलाउद्दीन, युवा नेता शेख मोहम्मद जैद, नगर उपाध्यक्ष मोहम्मद इब्राहिम, शफीक अहमद, मोहम्मद अहसान, मोहम्मद फारूख, फहद शाहिद, मोहम्मद इमरान, मोहम्मद शमशाद, मोहम्मद अनीस, मोहम्मद शमीम सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सोमवार को भोलेनाथ का रुद्राभिषेक किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** अनन्त श्री शिव शक्तिपीठ एवं संस्कार शाला आश्रम पर श्रावण कृष्ण पक्ष के प्रथम दिन से मास पर्यन्त चल रहे रुद्राभिषेक तथा आध्यात्मिक प्रवचन कार्यक्रम में मुख्य यजमान धामपुर चेयरमैन रवि कुमार सिंह ज्योति सिंह रहीं एवं राजवर्धन सिंह, देव वर्धन सिंह अपने दोनों पुत्रों के साथ भगवान भोलेनाथ का दिव्य अभिषेक कराया।

आश्रम के संस्थापक संस्कृत के प्रकाण्ड विद्वान आचार्य डा. दिनेश चन्द्र भारद्वाज के सानिध्य में सुन्दर कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। आचार्य श्री ने बताया कि शिव पूजन करने से मनुष्य को लौकिक तथा पारलौकिक सुख प्राप्त हो जाता है। धन के इच्छुक को धन, विद्यार्थी को विद्या प्राप्त होती है। रोग-शोक-दु:ख की निवृत्ति होती है। विधि-विधान से षोडशोपचार पूजन सम्पन्न हुआ। दिव्य स्तोत्रों का पाठ सुनकर सभी उपस्थित जन भव विभोर हो गए।

अनन्त नियति वर्ल्डपीस चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष आचार्य डा. दिनेश चन्द्र भारद्वाज ने वर्तमान चेयरमैन रवि कुमार सिंह को परिवार सहित अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। परिवार ने आचार्य श्री से आशीर्वाद लिया।

इस अवसर पर टीकाराम जैन,सौरभ रस्तोगी, निशि रस्तोगी, पप्पू चौहान, अर्चना सिंह, राजेश जोशी, ज्योतसना जोशी, प्रमोद भारद्वाज, मास्टर विनय चौहान, प्रणव भारद्वाज, अनन्त भारद्वाज, शिव हरि माहेश्वरी आदि उपस्थित रहे।

# सांसद इकरा का अपमान निंदनीय और चिंतनीय : मौहम्मद सालिम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** सपा जिला महासचिव यूथ ब्रिगेड मौहम्मद सालिम ने जारी अपने बयान में कहा कि सांसद इकरा हसन का एक अधिकारी द्वारा अपमान करना प्रोटोकॉल के अनुसार न्याय संगत नहीं सिर्फ निंदनीय बल्कि चिंतनीय भी है।

उन्होंने कहा कि जब एक सांसद का अपमान एक अधिकारी कर सकता है तो अंदाजा लगाया जा सकता है तो फिर आम नागरिकों, प्रधानों, ब्लाक सदस्यों, विधायकों, जिला पंचायत सदस्यों आदि की कहां सुनवाई और उनका सम्मान करते होंगे। मौहम्मद सालिम ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जनता की तो बात छोड़िए अब जनप्रतिनिधियों की भी अधिकारी सुनवाई नहीं कर रहे हैं और जिसकी वजह से अक्सर समस्याओं का समाधान नहीं हो पाता हैं और जनता में निराशा का भाव और माहौल पैदा हो रहा है और जिसका हिसाब किताब जनता आगामी चुनाव में चुकता कर करेगी। मौहम्मद सालिम ने कहा कि सांसद इकरा हसन एक सुशील, शिक्षित और सभ्य व्यक्तित्व की मालिक हैं, उनको यह सब चीज अपने परिवार से विरासत में मिली हैं। वह हमेशा ही सर्व समाज का सम्मान करती हैं। लिहाजा अधिकारी को उनका भी सम्मान करना चाहिए था क्योंकि लाखों लोगों ने उन्हें अपना प्रतिनिधि चुनकर संसद में भेजा है। उन्होंने उक्त अधिकारी के विरुद्ध सरकार से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# दीक्षांत समारोह में आशुतोष सम्मानित

## मास्टर ऑफ टेक्नोलॉजी की डिग्री सौंपी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कहा जाता है कि जीवन में सफलता का मिलना कोई कठिन कार्य नहीं होता है। जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए मनुष्य के अंदर हौसला, हिम्मत व कठिन परिश्रम करने के साथ - साथ जीवन में एक निश्चित लक्ष्य चुनने की क्षमता होनी चाहिए। यदि किसी मनुष्य में ये सब गुण उपलब्ध हैं तो सफलता निश्चित ही उनके कदम चूमेगी।

जनपद बिजनौर के बिजनौर नगर की श्याम विहार कॉलोनी किरतपुर रोड निवासी साधारण परिवार में जन्मे आशुतोष राजपूत ने इसी कथन को सार्थक कर दिखाया है। आपको बता दे की बिजनौर नगर की श्याम विहार कॉलोनी किरतपुर रोड निवासी विनीत राजपूत एवं सुरेखा राजपूत के होनहार बेटे के व्यक्तित्व में उसके माता-पिता को उसके बाल्यकाल से ही आशुतोष राजपूत के द्वारा जीवन में कुछ कर गुजरने के गुण दिखाई देने लगे थे। आशुतोष की प्रारंभिक शिक्षा सेंट मैरी स्कूल बिजनौर में आरंभ हुई जहां पर आशुतोष राजपूत द्वारा इंटरमीडिएट की शिक्षा पूर्ण की गई। इसके उपरांत आशुतोष राजपूत के मन में टेक्नोलॉजी क्षेत्र को अपनाने की भावना जागृत हुई। इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरांत आशुतोष राजपूत ने रुड़की (उत्तराखंड) के लोकप्रिय इंस्टिट्यूट कोर कॉलेज से कंप्यूटर साइंस में बीटेक की डिग्री प्राप्त की। बीटेक की डिग्री प्राप्त करने के उपरांत आशुतोष राजपूत द्वारा गेट की परीक्षा उत्तीर्ण कर आईआईटी हैदराबाद में एडमिशन लेकर एमटेक की परीक्षा उत्तीर्ण की गई।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान हैदराबाद को चौदहवें दीक्षांत समारोह में आशुतोष राणा को मुख्य अतिथि केंद्रीय रेल मंत्री, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री भारत सरकार अश्वनी वैष्णव की गरिमामयी उपस्थिति में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान हैदराबाद के निदेशक प्रोफेसर बी.एस मूर्ति द्वारा आशुतोष राजपूत को सम्मानित करते हुए कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट से नेटवर्क एंड इनफॉरमेशन सिक्योरिटी में मास्टर ऑफ टेक्नोलॉजी की डिग्री प्रदान की गई। वर्तमान समय में आशुतोष राजप. ूत सैमसंग कंपनी में कार्यरत हैं। इस अवसर पर आशुतोष राजपूत ने कहा है कि उनकी इस सफलता के पीछे उनके माता-पिता के आशीर्वाद एवं सहयोग तथा गुरुजनों की प्रेरणा एवं आशीर्वाद है।

## एक नजर

### श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक



नजीबाबाद। श्रावण मास के दूसरे सोमवार को बारिश के बीच श्रद्धालुओं ने मोटा महादेव मंदिर पर पूजा अर्चना की। बारिश की रिमझिम फुव्वारों के बीच भी हरिद्वार से गंगा जल लेकर आने वाले कांवड़तियों का आवागमन जारी रहा। श्रावण मास का महीना बड़ा ही पवित्र महीना माना जाता है। आज श्रावण मास के दूसरे सोमवार को क्षेत्र के मोटा महादेव मंदिर पर श्रद्धालुओं ने काफी संख्या में सुबह सवेरे से ही जलाभिषेक किया। कांवड़तियों ने बारिश में भी लाइन में लगकर मोटा महादेव मंदिर पर बाबा का गुणगान करते हुए पूजा-अर्जना की। शिव भक्तों ने सोमवार को व्रत रखकर शिव चालीसा का पाठ किया। सुरक्षा की दृष्टि से काफी संख्या में मोटा महादेव मंदिर पर मंडावली पुलिस मौजूद रही। मंदिर के पुजारी शशिनाथ श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना कराने में लगे रहे।

### स्कूटी सवार गंभीर घायल



**अफजलगढ़।** रविवार की देर शाम द्वारिकेश शुगर में कार्यरत कर्मचारी पंडित सनातन त्रिपाठी का पुत्र शशांक पुत्र सनातन त्रिपाठी स्कूटी द्वारा कहीं जा रहा था कि राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित पुलिस क्षेत्राधिकार कार्यालय के सामने खालसा ढाबा के समीप आवारा पशु गौवंश आ जाने से स्कूटी सवार गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को राहगीरों की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहा उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई।

### सड़क हादसे में दो कांवरती घायल



**अफजलगढ़।** जनपद मुरादाबाद के कस्बा नाखूनका निवासी सोनू चंद्र और आकाश कुमार बाइक द्वारा हरिद्वार से कांवड़ लेकर वापसी कर रहे थे। जैसे ही वह भूतपुरी के पास पहुंचे, तो सड़क हादसे का शिकार हो गए। उनकी बाइक अचानक सड़क पर जमी हुई मिट्टी पर फिसल कर अनियंत्रित होकर गिरने से दोनों युवक घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से पीएचसी अस्पताल कासमपुर गढ़ी भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद दोनों कांवरियों को छुट्टी दे दी गई।

### गुलदार ने कुत्ते को बनाया निवाला

**कोतवाली देहात।** ग्राम पमडावली निवासी रोहित चौधरी की गांव के बाहर डेयरी है। डेयरी में उन्होंने गाय पाल रखी है। रोहित चौधरी के यहां डेयरी पर एक कुत्ता भी रहता था। शनिवार की रात्रि एक गुलदार डेयरी में घुस गया। वह वहां मौजूद पशुओं को तो नुकसान नहीं पहुंचा पाया, लेकिन कुत्ते पर हमला करके उसे उठा लिया तथा निवाला बना लिया। सारी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। गुलदार के आने की खबर सुनकर ग्रामीण भयभीत है। ग्रामीणों ने पिंजरा लगाने की मांग की है। ग्रामीण शैंकी चौधरी ने बताया कि पहले भी कई बार गुलदार देखा जा चुका है। ग्रामीणों ने गुलदार को पकड़वाने की मांग की है।

# मंडलीय गजेटियर लेखन समिति के लेखक सम्मानित



## जिलाधिकारी ने लेखकों को प्रशस्ति पत्र सौंपे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी कार्यालय में स्थित विदुर सभागार में आयोजित एक सादे समारोह में जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा मुरादाबाद मंडलीय गजेटियर लेखन समिति के साहित्यकारों, इतिहासकारों एवं विद्वान लेखकों अशोक मधुप, डॉ. निशांत यादव, चंद्रमणि रघुवंशी, इंजी. हेमंत कुमार, डॉ. महेंद्र सिंह त्यागी, चंद्रहास सिंह, स्वाती मिश्रा, वंदना कनौजिया, डॉ. ऋचा शर्मा, आत्माराम, वीरेंद्र कुमार, मनोज कुमार यादव को प्रशस्ति पत्र एवं अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि मुरादाबाद मंडलीय गजेटियर भाग 1 एवं भाग 2 का प्रकाशन मंडल आयुक्त आन्जनैय कुमार के कुशल निर्देशन में संपन्न हुआ। जनपद बिजनौर की ऐतिहासिक सांस्कृतिक, पौराणिक, धार्मिक एवं राजनीतिक पृष्ठभूमि पर आधारित अति प्रसंसनीय एवं सारगर्भित लेख लिखने हेतु समिति के सभी सदस्यों का विशेष योगदान रहा है। उन्होंने लेखकों से आह्वान किया कि वे अपने जनपद के संबंध में अपना शोध कार्य जारी रखें।

जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरण यादव ने कहा कि मंडलीय गजेटियर टीम का कार्य बहुत ही प्रशंसनीय एवं महत्वपूर्ण रहा है। मुरादाबाद मंडलीय गजेटियर भाग 2 एक महत्वपूर्ण ग्रंथ है जो विद्वान लेखकों एवं अधिकारियों के बौद्धिक एवं शारीरिक परिश्रम का प्रतिबिंब है।

इस अवसर पर सह जिला विद्यालय निरीक्षक जितेंद्र कुमार, जीआईसी बिजनौर प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह एवं शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉक्टर निशांत कुमार यादव ने किया।

डॉ. ऋचा शर्मा ने जिला अधिकारी जसजीत कौर को पेंटिंग भेंट की।

# लो वोल्टेज से नगरवासी परेशान

**अफजलगढ़।** नगर में इन दिनों बार-बार बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या ने आमजन की परेशानी बढ़ा दी है। खासतौर पर बुजुर्गों और छोटे बच्चों को गर्मी और अंधेरे के कारण भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मौहल्ला मियां जी मौखा, मौहल्ला जैनुल आबिदीन और मौहल्ला बेगम सराय के निवासियों ने बताया कि पिछले कई दिनों से रोजाना कई बार बिजली गुल हो रही है और जब आती भी है, तो वोल्टेज इतना कम होता है कि पंखे और कूलर भी ठीक से नहीं चल पाते।

# सुंदर झाकियां बनीं आकर्षण का केंद्र

**नजीबाबाद।** श्रावण मास का महीना कांवड़ का महीना शिव की आराधना का विशेष महीना माना जाता है। दूर दराज से शिव भक्त हरिद्वार कांवड़ लेने जाते है। सुंदर-सुंदर आकृतियों की कांवड़ बड़ी ही मनमोहक लग रही हैं। बारिश के बीच मंडावली में सुन्दर आकृति की कांवड़ निकली जिले सभी ने सराहा। बरेली निवासी सुरेश, हरिओम, राधेश्याम, कमल, मिंटू ने बताया कि उनकी ये पांचवीं पैदल कांवड़ यात्रा है। भोले बाबा के आशीर्वाद से बारिश में भी हम कदम से कदम मिलाकर शिव महिमा का गुणगान करते हुए चल रहे है।

# ...दवा मरीज को इतनी न दे के मर जाये

## शेरी नशिस्त में शायरों ने पेश किए उम्दा कलाम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** बज्म ए जिगर नजीबाबाद की ओर से मशहूर शायर मौसूफ अहमद वासिफ के नाम से जश्न ए सोज व महफिल ए मुशायरे का आयोजन किया गया। इस मौके पर शायरों ने उम्दा कलाम पेश कर खूब दाद हासिल की।

रविवार को मौहल्ला रमपुरा में काफी दिनों से बीमार चल रहे मशहूर उस्ताद शायर मौसूफ अहमद वासिफ की सेहत में सुधार होने पर बज्म ए जिगर नजीबाबाद की ओर से जश्न ए सेहत मौसूफ अहमद वासिफ व महफिल ए मुशायरे का आयोजन शाम 6 बजे किया गया। इस मौके पर शेरी नशिस्त से पहले सभी शायरों ने शायर मौसूफ अहमद वासिफ के लिए अल्लाह से उनकी सेहतमंदी की दुआ की। इस मौके पर उस्ताद बुजुर्ग शायर डा. रईस भारती ने कहा कि मौसूफ अहमद वासिफ जहां एक बाकमाल शायर है, वहीं बेहद गरीब परवर भी है। वो हमेशा मजबूर और जरूरत मंदों की मदद को आगे रहते हैं।

इस मौके पर महफिल ए मुशायरे का आगाज तरन्नुम के बेहतरीन शायर अकरम जलालाबादी ने हम्द ए पाक से कुछ यूं किया- कही चांद तारो में है चमक, कही पे जलवा ए तूर है, ये शजल हजल ये बहार ए गुल, तेरा जर्र जर्र में नूर है।

शायर सूफीयान मुल्तानी ने कहा - रब के इस खजाने में और भी करिश्मे है, सिर्फ इस समंदर में मछलियाँ नही होती। शायर आसिफ मिर्जा ने कहा- जरा ठहर के तबीअत मेरी सुधर जाये, दवा मरीज को इतनी न दे के मर जाये। शायर उबैद नजीबा. बादी ने कहा- हमारे जख्म भर जायेंगें यार आहिस्ता आहिस्ता, खिजा पर जैसे आती है बहार आहिस्ता आहिस्ता। सहाफी और शायर शादाब जफर शादाब ने कह- जब कभी इश्क पे संवाद करेगी दुनियां, हा मेरे अज्म को बुनियाद करेगी दुनियां। नगर के मशहूर शायर डाक्टर तैय्यब जमाल ने कहा- अजब ये इश्क में आशिक का हाल ए जार होता है, जरा सी देर में शिकवा घड़ी में प्यार होता है। जलालाबाद से आये उम्दा तरन्नुम के मालिक शायर अकरम जलालाबादी ने कह- प्यार जब पहली बार होता है, वो समा पुरबहार होता है। शायर मौसूफ अहमद वासिफ ने गजल के दौर में पढा... एक लड़की फीदा चांद पर हो गई। बैठे बैठे उसे रात भर हो गई। शेरी नशिस्त की सदारत कर रहे उस्ताद शायर डाक्टर रईस अहमद भारती ने कहा- छाव मैं बैठ के कुछ देर सुस्ताले गरीब, दिल के विराने में वो पेड़ ऊगा दो यारों।

शेरी नशिस्त में नसीम खां, जुबैर खां, मोनिस खां, फैसल खां, अब्दुल तालिब आदि सामइन मौजूद रहे। शेरी नशिस्त की अध्यक्षता डा. रईस अहमद भारती ने की व संचालन आसिफ मिर्जा ने किया।

# साइबर ठग ने युवक के खाते से उड़ाए 4.90 लाख रुपये, रिपोर्ट दर्ज




शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** एक युवक को जनसेवा केंद्र साइबर ठग ने अपना शिकार बनाया है। पुरूषोतम पुत्र ओमप्रक. ाश निवासी ग्राम खिरनी थाना बहेड़ी का आरोप है कि सुनील कुमार पुत्र वीरेंद्र निवासी ग्राम चुरैला थाना बहेड़ी ने उसके खाते से 4,90,000 रुपये निकाल लिए हैं।

पुरूषोतम के मुताबिक, सुनील कुमार पर उसका काफी भरोसा था और उसने अपना आधार कार्ड सुनील को दे दिया था। सुनील ने आधार स्कैन करके उसके खाते से रुपये निकाल लिए। जब पुरूषोतम ने अपने खाते से पैसे निकालने बैंक गया तो पता चला कि उसके खाते से 4,90,000 रुपये निकाल लिए गए हैं। युवक ने सुनील कुमार ने पैसों के बारे में पता किया तो पहले तो टालमटोल करने लगा, और बाद में अपने जनसेवा केंद्र को बंद करने की बात कही। पुरूषोतम ने कोतवाली बहेड़ी में सुनील कुमार के खिलाफ साइबर क्राइम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। साइबर ठगी के मामलों में बैंकों की लापरवाही भी सामने आई है, जहां डेटा लीक होने से लेकर तुरंत खाता ब्लॉक नहीं करने तक की समस्याएं हैं।

### साइबर ठगी से बचाव

साइबर ठगी से बचने के लिए लोगों को अपने खातों की जानक. ारी सुरक्षित रखनी चाहिए, और किसी भी अनजान व्यक्ति को अपना आधार कार्ड या अन्य व्यक्तिगत जानकारी नहीं देनी चाहिए। इसके अलावा, बैंक खातों में लेनदेन की निगरानी रखना और संदिग्ध गतिविधियों की रिपोर्ट तुरंत करनी चाहिए।

# दूसरा सोमवार : उमड़ा आस्था का सैलाब

## डीएम –एसएसपी ने धोपेश्वर नाथ मंदिर में किया जलाभिषेक

**प्रशासन द्वारा आयोजित भंडारों में जाकर अधिकारियों ने शिव भक्तों को परोसा भोजन, पुष्प वर्षा कर कांवड़ियों को गंतव्य को किया रवाना**



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह ने एसएसपी अनुराग आर्य के साथ सावन के पवित्र माह के दूसरे सोमवार पर धोपेश्वर नाथ मंदिर में पूजा अर्चना कर जलाभिषेक किया।

इस अवसर पर डीएम ने कहा कि कांवड़ियों का जत्था पूरी श्रद्धा व आस्था के साथ कछला, हरिद्वार से जल लाकर भोलेनाथ को अर्पित करते हैं। उन्होंने कहा कि कांवड़ियों को मार्ग में किसी प्रकार की समस्या न हो, इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा जगह–जगह पर विश्राम गृह बनाये गये हैं। वहां पर प्रत्येक रविवार तथा सोमवार को लगातार भंडारे चल रहे हैं, तथा कांवड़ियों के जत्थे को वहीं पर उपचार मिल सके, इसके लिये स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैम्प भी लगाये गये हैं, व पुलिस सहायता केंद्र भी खोले गए हैं।

एसएसपी अनुराग आर्य ने कहा कि बरेली जनपद को नाथ नगरी के नाम से भी जाना जाता है। बरेली जनपद में जितने भी नाथ मन्दिर हैं, वहां पर पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा की पूर्ण व्यवस्था की गयी है। उन्होंने बताया कि इस बार महिलाओं की संख्या कांवड़ियों में अधिक होने के कारण पुलिस प्रशासन द्वारा हर मन्दिरों में अलग से महिला हैल्प डैस्क की स्थापना भी की गयी है, तथा हर मन्दिर में ड्रोन कैमरे के माध्यम से निगरानी भी की जा रही है।

इसके पश्चात डीएम ने मंदिर परिसर में वृक्षारोपण भी किया और कांवड़ियों के लिये की गयीं तैयारियों व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया, और सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए। उक्त के उपरांत डीएम द्वारा मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को प्रसाद स्वरूप पौधों को वितरित किया गया। इसके पश्चात डीएम द्वारा भमौरा थाना क्षेत्र में पुलिस प्रशासन द्वारा बनाए गये कांवड़ सहायता पुलिस चौकी का निरीक्षण किया गया, जहां पर सम्बन्धित को यह निर्देश दिये गये कि जो भी कांवड़ियों का जत्था यहां से गुजरे उसकी रजिस्टर में एण्ट्री की जाये। उन्होंने निरीक्षण में पाया कि वहां पर कैमरे नहीं लगे हुए हैं। जिसपर नाराजगी व्यक्त करते हुए शीघ्र कैमरे लगवाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जो भी पुलिसकर्मी यहां पर बैठें उनके चाय–पानी की पूर्ण व्यवस्था की जाये।

इसके पश्चात डीएम तथा एसएसपी द्वारा ग्राम नितोई एवं रामगंगा में प्रशासन द्वारा आयोजित भंडारों में कांवड़ियों को प्रसाद वितरण किया गया, और कांवड़ियों को पुष्प माला पहनाकर पुष्प वर्षा कर उन्हें आगे की यात्रा के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारीगण व बड़ी संख्या में कांवड़िये व शिव भक्त उपस्थित रहे।

## एक नजर

### पिकअप ने युवक को रौंदा, मौत



शाह टाइम्स संवाददाता

**फतेहगंज पश्चिमी।** घर से काम करने जा रहे युवक को रोड़ पार करते समय तेजरफ्तार पिकअप ने मारी टककर ईलाज के दौरान मौत घर में मचा कोहराम पुलिस ने शव पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा।

मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के खरकपुर निवासी अरुन पुत्र बनवारी लाल उम्र 34 बर्ष तेल के ट्रक (टैंकर) पर हेल्फर की नौकरी करता था। सोमवार की सुबह साढ़े पांच बजे ट्रक पर जाने के लिए पट्टी पेट्रोल पम्प पर खड़े ट्रक पर जा रहा था। पेट्रोल पम्प के सामने रोड़ पार करते समय रामपुर की तरफ से आती तेज रफ्तार पिकअप ने उसे टक्कर मार दी जिससे अरुन गंभीर रूप से घायल हो गया। पेट्रोल पंप के लोगों ने उसे पास के मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पिकअप का ड्राइवर गाड़ी छोड़कर फरार हो गया पुलिस ने पिकअप को कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। अरुन की मौत से घर में को. हराम मच गया पत्नी शिवानी एवं लड़की गौरी और बेटा शांतनु का रो रो कर बुरा हाल है।

### सहकारी समिति पर खाद बांट रहे कर्मचारी के साथ मारपीट

शाह टाइम्स संवाददाता

**शीशगढ़।** चौकी क्षेत्र मानपुर के गांव बनइया में सहकारी समिति पर किसानों को उर्वरक बाँट रहे कर्मचारी के साथ गाँव के एक व्यक्ति ने हाथापाई कर थप्पड़ मार दिया पीड़ित कर्मचारी ने सरकारी कार्य में बाधा डालने,ग्रामीणो के सामने अपमानित करने आदि का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है।शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जाँच शुरू कर दी है।

पीड़ित सत्येन्द्र कुमार पुत्र राजेन्द्र कुमार निवासी ग्राम रम्पुरा ने पुलिस को वताया कि बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड शाहपुर,बांसखेड़ा बिकास खण्ड शेरगढ़ की शाखा ग्राम बनइया में स्थित है।समिति पर वह कर्मचारी है।समिति पर सुबह लगभग 10 बजे वह अध्यक्ष हरीश कुमार की मौजूदगी में किसानों को उर्वरक बांट रहे थे, तभी गाँव का ओमा शंकर पुत्र मदन लाल आया और उसनें आते ही हाथापाई कर थप्पड़ जड़ दिया, जिससे उर्वरक बितरण में बाधा उत्पन्न हो गई। उर्वरक लेने लाइन में लगे सैकड़ों किसानों को बिना उर्वरक के लौटना पड़ा।

### हर हर महादेव के जयघोष के साथ शिवभक्तों ने किया जलाभिषेक

शाह टाइम्स संवाददाता

**शीशगढ़।** सावन मास के द्वितीय सोमवार को भोर से ही कस्बा व देहात क्षेत्र के शिव मंदिरों में श्रद्धांलुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।भक्तों ने गंगाजल,दूध,धतूरा,बेलपत्र,फल,फूल से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक कर हर हर महादेव का उद्घोष किया।मंदिरों के वाहर महिलाओ और पुरुष श्रद्धांलुओं की अलग अलग कतारे लगी हुई थी।श्रद्धांलुओं ने दिन भर उपवास रखकर शाम को शिव को भोग लगाकर उपवास खोला।क्षेत्र के मानपुर,शहपुरा,बंजरिया,टांडा छंगा व शीशगढ़ कस्बे के शिव मंदिरों में काबड़ियों ने हरिद्वार व कछला से काबड़ लाकर गाँव के शिव मंदिरों में गंगाजल से शिव का अभिषेक किया।हर ओर भक्ति भाव का नजारा दिखाई दिया।सुरक्षा की दृस्टि से मंदिरों पर पुलिस बल तैनात रहा।

# रजवी परचम से होगा उर्स-ए-रजवी का आगाज, सुब्हानी मियां करेंगे परचम कुशाई की रस्म अदा

**उर्स का आधिकारिक पोस्टर किया गया जारी**

शाह टाइम्स ब्यूरो


**बरेली।** आला हजरत फाजिले बरेलवी का 107वां विश्व विख्यात तीन रोजा उर्स–ए–रजवी का आगाज बरेली में परचम कुशाई की रस्म के साथ होगा। पारंपरिक उर्स–ए–रजवी बरेली के इस्लामिया मैदान में मनाया जाता है। जिसमें देश विदेश से लाखों जायरीन शिरकत करने बरेली पहुंचते है। उर्स का आगाज परचम कुशाई की रस्म से होता है। इस्मालिया मैदान के रजा गेट पर 18 अगस्त को शाम 5 बजे दरगाह प्रमुख हजरत मौलाना सुब्हान रजा खान (सुब्हानी मियां) सज्जादानशीन बदरूशरिया मुफ्ती अहसन रजा कादरी (अहसन मियां) के साथ देश विदेश से आए उलेमा की मौजूदगी में रजवी परचम लहराकर आगाज करेंगे। इसी के साथ तीन रोजा उर्स का विधिवत ऐलान होगा। दरगाह आला हजरत से लेकर इस्लामिया मैदान तक जितने भी कार्यक्रम होंगे, सभी दरगाह प्रमुख हजरत सुब्हानी मियां की सरपरस्ती सज्जादानशीन बदरूशरिया मुफ्ती अहसन मियां की सदारत और सय्यद आसिफ मियां की देखरेख में सम्पन्न होंगे।

दरगाह से जुड़े नासिर कुरैशी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज दरगाह मुख्यालय पर उर्स का आधिकारिक पोस्टर दरगाह प्रमुख हजरत मौलाना सुब्हान रजा खान (सुब्हानी मियां) सज्जादानशीन बदरूशरिया मुफ्ती अहसन मियां ने उलेमा की मौजूदगी जारी कर दिया। पोस्टर जारी होने के बाद इसको देश विदेश में भेजने का सिलसिला शुरू हो गया। डाक के अलावा सोशल मीडिया के माध्यम से भी दुनिया भर में अकीदतमंदों को भेजा जा रहा है। उर्स के पहले दिन उर्स स्थल इस्लामिया मैदान में अंतराष्ट्रीय नातिया मुशायरा होगा। मुशायरा का मिसरा होगा ष्पीते हैं तिरे दर का खाते हैं तिरे दर का।ष दूसरा मिसरा ष्हम तो खुद्दार है खुद्दारी है शेवाह अपना।ष जिसमें देश विदेश के शोहरा अपने कलाम पेश करेंगे।

अंतिम दिन 20 अगस्त को आला हजरत के कुल शरीफ के साथ उर्स का समापन होगा। दरगाह के वरिष्ठ मुफ्ती सलीम नूरी बरेलवी ने बताया कि इसके अलावा उर्स के दौरान मुफ्ती–ए–आजम हिंद, हुज्जातुल इस्लाम, मुफस्सिर–ए–आजम और रेहान–ए–मिल्लत के कुल शरीफ की रस्म भी अदा की जाएगी। साथ ही उर्स का पोस्टर दो भाषाओं उर्दू और इंग्लिश में छपवाया गया है। पोस्टर में दरगाह प्रमुख हजरत सुब्हानी मियां का पैगाम भी जारी किया गया है।

सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां ने टीटीएस के वालंटियर्स पूरे शहर में जायरीन की खिदमात अंजाम देंगे। जायरीन की सहूलियत के लिए अभी सभी टीटीएस रजाकारों से जुटने को कहा गया है।

इस मौके पर मुफ्ती आकिल रजवी, मुफ्ती अय्यूब नूरी, मुफ्ती मोइनुद्दीन बरकाती, मुफ्ती सय्यद कफील हाशमी के अलावा औरंगजेब नूरी, हाजी जावेद खान, अजमल नूरी, शाहिद नूरी, परवेज नूरी, शान रजा, ताहिर अल्वी, मंजूर रजा, मुजाहिद रजा, नाजिम रजा, नफीस खान, इशरत नूरी, आलेनबी, काशिफ रजा, सय्यद माजिद, डॉक्टर अब्दुल माजिद, सुहैल रजा, जुहैब रजा, गौहर खान, हाजी शरिक नूरी, तारिक सईद, इरशाद रजा, युनुस गद्दी, नईम रजा, साजिद नूरी, सबलू अल्वी, जीशान कुरैशी, सय्यद एजाज, आरिफ रजा, फैज कुरैशी, अमान रजा, अरबाज रजा, मुस्तकीम रजा, साकिब रजा, आदिल रजा, अश्मीर रजा, अजमल रजा, समी खान, हसीन खान आदि लोग मौजूद रहे।



### सावन के दूसरे सोमवार पर कांवड़ियों को किया प्रसाद वितरण



शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** श्रावण मास के दूसरे सोमवार के पवित्र अवसर पर मुंडिया टोल प्लाजा के पास ग्राम मुड़िया मुकर्रमपुर में राजकीय राजमार्ग पर कांवड़ियों के लिए बनाए गए विश्रामालय और शिविर में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व और एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव ने कांवड़ियों को प्रसाद वितरित किया।

मुंडिया मुकर्रमपुर टोल प्लाजा पर प्रशासन की तरफ से कांवड़ियों के लिए शिविर लगाया गया है, जहां नाश्ते और भंडारे की व्यवस्था की गई है। एडीएम वित्त एवं राजस्व और एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव, तहसीलदार भानू प्रताप ने सावन के दूसरे सोमवार को कांवड़ियों को प्रसाद बांटा। प्रशासन की इस पहल से कांवड़ियों को काफी राहत मिली है, और वे अपने गंतव्य तक सुरक्षित पहुंच सकें।

# तेज आवाज से डीजे बजाने को लेकर कांवड़ियों में मारपीट, एक घायल



शाह टाइम्स संवाददाता

**फतेहगंज पश्चिमी।** हरिद्वार घाट से गंगा जल लेकर बरेली स्थित नाथ मंदिर जा रहे भरतौल गांव के कांवडियों व फतेहगंज पश्चिमी के मोहल्ला भिटौरा के कांवड़ियों मे टोल प्लाजा स्थित कांवरिया मंदिर के पास तेज आवाज मे डीजे बजाने को लेकर मारपीट हो गयी। जिसमे एक कांवड़िए प्रकाश निवासी भिटौरा घायल हो गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने कांवड़ियों को समझाकर दोनो पक्षों मे समझौता कराकर रवाना किया।

थाना कैंट क्षेत्र के गांव भरतौल निवासी ग्रामीण कांवड़ लेकर हरिद्वार गए थे। सोमवार को हरिद्वार से गंगाजल लेकर डीजे पर डांस करते हुए जा रहे थे। वही फतेहगंज पश्चिमी के भिटौरा के कांवड़ियों मे तेज आवाज मे डीजे बजाने को लेकर विवाद हो गया। मामला इतना बढ़ गया कि मारपीट व गाली गलौज हो गयी। जिसमे एक कांवड़ियां घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल भिजवाया।

पुलिस ने दोनो जत्थो को समझा कर रवाना कर दिया। फतेहगंज पश्चिमी का जत्था भिटौरा के शिव मंदिर पर जल चढ़ाया। इंस्पेक्टर सुरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि दोनों जत्थो मे हरिद्वार से आते समय कही डीजे बजाने को लेकर कहासुनी हो गयी जो फतेहगंज पश्चिमी मे आकर मारपीट हो गयी। मारपीट मे एक कांवड़ियां के चोट लगी जिसका उपचार कराकर दोनों जत्थो को समझा कर रवाना कर दिया।

# बहेड़ी पुलिस की पहल

## कोतवाली परिसर में भव्य मंदिर का निर्माण



शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** बहेड़ी में एक अनोखी पहल की शुरुआत हुई है, जहां पुलिस विभाग ने आमजन के सहयोग से कोतवाली परिसर में एक भव्य मंदिर का निर्माण कराया है। इस मंदिर का शुभारंभ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अनुराग आर्य ने किया।

इस मंदिर का निर्माण कुछ दिन पहले शुरू हुआ था। प्रभारी निरीक्षक संजय तोमर ने कोतवाली परिसर के मंदिर के जीर्णोद्धार का बीड़ा उठाया था। इसके बाद नए शिव परिवार के मंदिर का निर्माण शुरू कराया गया, और लाला अतुल गर्ग के सहयोग से मंदिर को भव्य स्वरूप प्रदान किया गया।

मंदिर में शिव परिवार की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गई, जिसमें मुख्य पंडित सीताराम दुबे और हृदेश पंडित शामिल थे। इस अवसर पर कस्बे के गणमान्य लोगों के साथ पुलिस के आला अधिकारी भी मौजूद रहे, जिनमें एसपी देहात मुकेश मिश्र, एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव, सीओ अरुण कुमार और अन्य अधिकारी शामिल थे।

### कोतवाली में भंडारे का आयोजन

मंदिर निर्माण के बाद भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने भाग लिया, और पुलिस को साधुवाद दिया। यह आयोजन न केवल धार्मिक महत्व का था, बल्कि पुलिस और आमजन के बीच के संबंधों को भी मजबूत करने का एक प्रयास था।

### सावन के दूसरे सोमवार को शिवालयों में उमड़ी भीड़, कराया भंडारा

शाह टाइम्स संवाददाता

**फतेहगंज पश्चिमी।** सावन मास के दूसरे सोमवार को कस्बा फतेहगंज पश्चिमी के शिवालयों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया। शाम तक शिवालयों में भक्त पहुंचते रहे और उन्होंने हर–हर बम–बम के जयकारों के साथ भगवान शंकर का जलाभिषेक व दुग्ध अभिषेक कर पूजन अर्चन किया। वहीं शिवभक्तों ने इस मौके पर भंडारे का भी आयोजन किया। सोमवार को मंदि. रों व शिवालयों में भक्तों की अच्छी खासी भीड़ नजर आई। कस्बे के टोल प्लाजा स्थित कांवडियां मंन्दिर पर भक्तों ने विशेष रूप से शिवभक्तों ने शिवलिग मे बेलपत्र, फल, फूल, भांग अर्पित कर जलाभिषेक व दुग्धाभिषेक किया।



इसके अलावा साहूकारा स्थित मढ़ी मंदिर, ठाकुरद्वारा मंदिर, बगिया मंदिर, भिटौरा स्थित शिव मंदिर सहित कस्बे के अन्य मंदिरों पर शिवभक्तों की भीड़ देखी गई। महिलाओं ने भी भारी संख्या में आकर पूजा अर्चना की। मंदिर समिति के सदस्य व्यवस्था मे लगे रहे। कांवडियां मंदिर पर सभासद पति प्रेमकुमार कोरी, महंत गौरव श्रीवास्तव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मंजू कोरी, डॉ राजीव सहित अन्य के शिवभक्तों के सहयोग से भंडारा कराया।

# हर–हर महादेव के जयघोष से गूंजा शहर, प्रशासन ने संभाली कमान

**डीआईजी बोले– उपद्रवियों पर होगी कार्रवाई**



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** श्रावण मास के दूसरे सोमवार को शिवभक्ति में डूबा बरेली शहर हर–हर महादेव और बम–बम भोले के उद्घोष से गूंज उठा। श्रद्धालुओं की आस्था का ऐसा दृश्य था कि अलखनाथ मंदिर समेत तमाम शिवालयों में आधी रात से ही जलाभिषेक के लिए लंबी कतारें लग गईं। मंदिरों के आसपास श्रद्धालु ओम नम: शिवाय और जय शिव शंकर के जाप में लीन नजर आए।

सोमवार सुबह चार बजे से ही अलखनाथ मंदिर, धोपेश्वरनाथ, तपेश्वरनाथ, मढ़ीनाथ, त्रिवेटीनाथ, पशुपतिनाथ और बनखंडी नाथ मंदिर जैसे प्रमुख शिवालयों में श्रद्धालुओं का रेला उमड़ पड़ा। शिवभक्तों ने जल चढ़ाकर बाबा भोलेनाथ से परिवार, सुख–समृद्धि और मंगलकामना की प्रार्थना की।

कांवड़ यात्रा और सोमवार की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने व्यवस्था पूरी तरह अपने हाथ में ले ली थी। कमिश्नर सौम्या अग्रवाल, डीआईजी अजय कुमार साहनी और एसपी सिटी मानुष पारीक ने खुद अलखनाथ मंदिर व अन्य स्थलों का भ्रमण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वहीं डीएम अविनाश कुमार सिंह और एसएसपी अनुराग आर्य ने धोपेश्वरनाथ मंदिर पूर्जा–अर्चना व जलाभिषेक कर पौधारोपण किया। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और भीड़ प्रबंधन पूरी तरह सुचारु रखा जाए। डीआईजी अजय साहनी ने स्पष्ट संदेश दिया कि जो भी व्यक्ति अव्यवस्था या उपद्रव फैलाने की कोशिश करेगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस–प्रशासन ने निभाया सेवा भाव, तैनात रही फोर्स

कांवड़ यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं की सेवा के लिए पुलिस विभाग और स्थानीय प्रशासन ने विभिन्न स्थानों पर सेवा शिविर लगाए थे। इन शिविरों में फल, पेय पदार्थ और आराम की व्यवस्था की गई थी। बदायूं रोड स्थित शिविर में एसपी सिटी मानुष पारीक ने स्वयं शिवभक्तों को फल व शरबत वितरित किए। वहीं शहर के संवेदनशील इलाकों में पुलिस की चाक–चौबंद व्यवस्था रही। जगह–जगह पुलिस पिकेट, निगरानी ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों की मदद से सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य बनाया गया। ट्रैफिक पुलिस ने वन–वे यातायात की व्यवस्था लागू की, जिससे कांवड़ यात्रा में किसी प्रकार की बाधा न हो

# बाइक लेकर फरार हुए लुटेरे

शाह टाइम्स संवाददाता

**फतेहगंज पश्चिमी।** थाना शाही के गांव सुकली निवासी इकबाल पुत्र मान खां रविवार की रात्रि नौ बजे बरेली से अपने गांव जा रहे थे। टोल प्लाजा के पास बाइक खड़ी कर खेत में लघु शंका करने के लिए गये।

इतने में पीछे से आए तीन अज्ञात लुटेरे बाइक लेकर रामपुर की ओर फरार हो गए। पीछा किया तो हाथ नहीं आए पीड़ित ने बताया बाइक में फोन भी रखा हुआ था। थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया है टीम लगाकर सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

# बम बम भोले के जयकारों के साथ भक्तों ने किया जलाभिषेक

शाह टाइम्स संवाददाता

**देवरनियां।** भगवान भोलेनाथ को समर्पित श्रावण मास के दूसरे सोमवार को आज शिव भक्तों ने क्षेत्र के शिव मंदिरों में हरिद्वार व कछला से लेकर आए गंगाजल से भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। कांवड़ियों के जत्थे बम बम भोले का जयकारा करते हुए क्षेत्र के प्रसिद्ध सेमीखेडा के शिव मंदिर तथा सिंगतरा शिव मंदिर सहित सभी शिवालयों में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया।



भोलेनाथ का जयकारा करते हुए सभी भक्त जन मंदिर पहुंचे, और परिक्रमा कर जलाभिषेक किया। एसपी उत्तरी मुकेश चन्द्र मिश्र, क्षेत्राधिकारी बहेड़ी अरुण कुमार ने कोतवाली पहुंचकर कांवड़ यात्रियों की सुविधाओं व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इसके अलावा थाना प्रभारी देवरनियाँ आशुतोष द्विवेदी मय फोर्स के क्षेत्र में भ्रमण शील रहे। थाना प्रभारी के द्वारा शिवभक्तों की सुविधाओं के मद्देनजर वेरिकटिंग कराई, तथा सुरक्षा व्यवस्था में मन्दिरों तथा जगह–जगह पुलिस फोर्स को तैनात किया गया।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# डीएम ने शाहबाद के विभिन्न मार्गों एवं स्थलों का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** सोमवार को जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने सावन के तीसरे सोमवार में कांवड़ियों के बाधा रहित आवागमन को लेकर तहसील शाहाबाद को जाने वाले मार्ग का पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र एवं अन्य अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया।
निरीक्षण के दौरान विभिन्न स्थानों पर अतिक्रमण पाया गया जिसे हटाने के लिए जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी शाहबाद एवं अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को आवश्यक निर्देश दिए।
उन्होंने पटवाई मार्ग पर खाली कराई गई ग्राम समाज की भूमि पर अवैध रूप से लगाई गई सब्जी फड़ एवं अन्य खोखा को हटाने के लिए भी खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया और कहा कि इस भूमि पर प्लांटर लगाये जायें। जिलाधिकारी ने शाहाबाद नगर के मुख्य प्रवेश द्वार पर किये गये अवैध रूप से अतिक्रमण को तत्काल हटाने एवं सौंदर्यीकरण कराने के निर्देश अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत को दिये और कहा कि मार्ग के चारों ओर रिक्त शासकीय भूमि पर वृहद वृक्षारोपण कराया जाए।
इस दौरान उन्होंने लकी बाग स्थित प्राचीन शिव मंदिर का निरीक्षण कर कानून एवं शांति व्यवस्था हेतु ड्यूटी पर लगाए गए मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल को आवश्यक निर्देश दिए और मंदिर में जलाभिषेक किया।
जिलाधिकारी ने शाहबाद में स्थित राजकीय इंटर कॉलेज के पास रिक्त पड़ी शासकीय भूमि पर राजकीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सालय के निर्माण हेतु प्रस्तावित भूमि का निरीक्षण कर एसडीएम शाहबाद को भूमि का सीमांकन कराने एवं जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी को डीपीआर तैयार करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने स्थानीय निवासियों को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित कराये जाने हेतु नगर पंचायत शाहबाद क्षेत्र में ओवरहेड टैंक के निर्माण हेतु प्रस्तावित भूमि का भी निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।
जिलाधिकारी ने ताज बहेटा ग्राम में प्रगति मॉल के निर्माण हेतु प्रस्तावित भूमि का निरीक्षण किया और उप जिलाधिकारी को भूमि का सीमांकन कराने व अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत को डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिये।
इसके अतिरिक्त उन्होंने बड़ागांव और राणा शुगर मिल के पास स्थित शासकीय भूमि पर पुलिस चौकी की स्थापना हेतु प्रस्तावित भूमि का भी निरीक्षण किया।



# बेरुआ चौराहे पर हर्ष ट्रेडर्स की दुकान का हुआ उद्घाटन

शाह टाइम्स संवाददाता

**सैफनी/रामपुर।** चंद्रपुरकला मार्ग पर बेरुआ चौराहे पर सोमवार को हर्ष ट्रेडर्स दुकान का हुआ उद्घाटन दुकान के स्वामी रामप्रताप ठाकुर पुत्र सत्यम ठाकुर ने बताया कि हर्ष ट्रेडर्स दुकान का हवन पूजा अर्चना कर बाहर से आए प्रतिष्ठित व्यक्तियों सहित उपस्थित लोगों को जलपान कराकर मिठाई वितरण की और कहा कि पार में बसे लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता था।
जिसमें मैने सरिया सीमेंट बजरी बजरफुट बजरी आदि का सामान मिलने में सुविधा उपलब्ध रहेगी दुकान खुलने से लोगों के चेहरों पर मुस्कान देखने को मिली।
जिसमें उपस्थित चौधरी संजय सिंह, भूरे सिंह ठाकुर, कृष्णपाल सिंह, गौरव भटनागर शाहाबाद नगर मंत्री ,ठाकुर रामवीर सिंह, ठाकुर रामवीर सिंह यूसुफ आदि मौजूद रहे।



## दो बाइकों की भिड़ंत में दो घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**शहजादनगर/रामपुर।** शहजाद नगर क्षेत्र के जीरो पाइंट शाहजाद नगर से भमरौआ मार्ग पर हुए दो बाइकों की भिड़ंत में सोमवार की दोपहर दो लोग घायल हो गए। हादसे की जोरदार आवाज सुनकर मौके पर राहगीरों की भीड़ लग थाना। क्षेत्र के भंड़पुरा के मझरा कानपुर निवासी वेद प्रकाश और थाना क्षेत्र के मगरमऊ निवासी रामवीर की बाइक की आपस में भिड़ंत हो जाने से दोनों बाइक सवार घायल हो गए। जिन्हें पुलिस ने 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया तथा दोनों घायलों के परिजनों को सूचना दे दी सूचना मिलते ही परिजन भी घायलों के पास जिला अस्पताल पहुंच गए।

# शिक्षक चुनाव में देर नहीं, सभी कार्यकर्ता चुनाव में लगें : हरि सिंह ढिल्लों

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** सोमवार को जनपद में भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर शिक्षक चुनाव को लेकर बैठक आयोजित की गई, बैठक में मुख्य अतिथि के तौर पर विधान परिषद के सदस्य हरि सिंह ढिल्लों उपस्थित रहे।
बैठक में हरि सिंह ढिल्लों ने बैठक में उपस्थित जिला पदाधिकारी और शिक्षक वा स्नातक चुनाव के संयोजकों, विधानसभा संयोजकों को संबोधित करते हुए कहा, आप सभी को ज्ञात है अगले वर्ष शिक्षक चुनाव होना है और हम सभी को मैं बताना चाहता हूं की चुनाव का प्रथम चरण आरंभ हो चुका है जल्दी ही हम सबको वोट बनाने की प्रक्रिया में तेजी लानी है।
मतदाता पंजीकरण के लिए हम सभी को प्रत्येक विधानसभा के विद्यालयों में शिक्षकों को फार्म प्रदान करने हैं और हम कार्यकर्ताओं की यह जिम्मेदारी है की फार्म सही तरीके से भरवा जाए और उन में कोई त्रुटि न रहे। जल्दी ही वाटर पंजीकरण आरंभ होगा इसीलिए बेहतर है कि हम सब लोग अपनी तैयारी को पूर्ण करें और मतदाताओं का फॉर्म पूरा कर उनका पंजीकरण समय से कराए। हम सभी को मिलकर पिछली बार से ज्यादा मतदाताओं का पंजीकरण करना है की आने वाले समय में चुनाव में हम ज्यादा से ज्यादा वोटो से अपने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को विजई बना सके।
बैठक में जिला महामंत्री अशोक बिश्नोई, रविंद्र सिंह रवि, सतनाम सिंह, चुनाव संयोजक विकास दीक्षित, जिला मीडिया प्रभारी अर्जुन रस्तोगी, जिला उपाध्यक्ष महेश मौर्य, अनुज सक्सेना, संजय पाठक, देवेंद्र चौधरी, श्रीपाल ठाकुर, नवनीत चौधरी, अजय ठाकुर, प्रदीप गुप्ता, दीपक गुप्ता, आशीष गंगवार, सचिन ठाकुर, आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# जितेन्द्र कमल आनन्द को साहित्यिक संस्था मुरादाबाद ने किया सम्मानित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** प्रतिष्ठित साहित्यकार जितेन्द्र कमल आनन्द को हिन्दी साहित्य में उल्लेखनीय योगदान के लिए अंगवस्त्र, मानपत्र, श्रीफल भेंट कर दिग्गज मुरादाबादी स्मृति सम्मान से अलंकृत किया गया। उन्हें यह सम्मान मुरादाबाद मंडल के साहित्य के प्रसार एवं संरक्षण को पूर्ण रूप से समर्पित संस्था साहित्यिक मुरादाबाद की ओर से साहित्यकार स्मृतिशेष दिग्गज मुरादाबादी की पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर आयोजित सम्मान समारोह एवं संगोष्ठी में कल प्रदान किया गया। वंदेभारत संस्था की ओर से भी उन्हें भारत माता का चित्र भेंट किया गया। मुरादाबाद के दयानंद आर्य कन्या महाविद्यालय में आयोजित समारोह में वरिष्ठ साहित्यकार राम किशोर वर्मा ने सम्मानित विभूति जितेन्द्र कमल आनन्द के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला ।साहित्यिक मुरादाबाद के संस्थापक डॉ मनोज रस्तोगी ने स्मृति शेष दिग्गज मुरादाबादी का जीवन परिचय प्रस्तुत किया। संयोजक राजीव सक्सेना ने कहा कि दिग्गज मुरादाबादी एक अद्वितीय बालकवि थे। सह संयोजक मनोज वर्मा मनु ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की।
इस अवसर पर दिग्गज मुरादाबादी की रचनाओं की सस्वर प्रस्तुति भी की गई। गुरु जितेन्द्र कमल आनंद को मुरादाबाद में सम्मानित किए जाने पर डॉ. गीता मिश्रा श्गीतश, राम किशोर वर्मा, राम रतन यादव, सुबोध कुमार शर्मा श्शेरकोटीश, डॉ. ममता सिंह, वीनू शर्मा, संतोष कुमार शुक्ल, रवि प्रकाश, पुष्पा शर्मा श्कुसुमश, राजवीर सिंह श्राजश, पूनम दीक्षित, सुभाष राहत बरेलवी, अलका गुप्ता, लक्षेश्वर राजू, रश्मि लहर, उपमेन्द्र सक्सेना एड. डॉ . संगम लाल त्रिपाठी श्भ्रमरश, सोहन लाल भारती आदि ने शुभकामनाएं प्रस्तुत की ।



# टाण्डा में तहसील के सामने गिरा ड्रोन, जांच में जुटी पुलिस

शाह टाइम्स संवाददाता

**टाण्डा/रामपुर।** नगर के मोहल्ला भीमापुरी में तहसील के सामने सब्जी विक्रेता बब्लू की दुकान के पास सोमवार सुबह लगभग 9 बजे एक ड्रोन गिर गया।जिससे खलबली मच गई और मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गयी। ड्रोन गिरने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और ड्रोन को कब्जे में लेकर थाने ले आयी। पुलिस के अनुसार यह टॉय ड्रोन है ,जिसमें कोई इंटरनल मेमोरी नहीं है।पुलिस अब यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इस ड्रोन को कौन उड़ा रहा था।
क्षेत्र में रात्रि के समय ड्रोन की उड़ान को लेकर लोगों में विभिन्न चर्चाएं चल रही हैं। इसी बीच सोमवार सुबह 9 बजे के करीब तहसील के सामने सब्जी की दुकान के पास अचानक एक ड्रोन आ गिरा।जिसे देखने के लिए मौके पर भीड़ एकत्र हो गयी।



सूचना पर कोतवाली पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और अच्छी तरह देखभाल के बाद ड्रोन को कोतवाली ले आयी।
प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि यह टॉय ड्रोन है, जिसमें कोई इंटरनल मेमोरी नहीं है। क्योंकि फिलहाल ड्रोन को लेकर क्षेत्र में विभिन्न अफवाहों का बाजार गरम है।इसलिए बरामद ड्रोन के सम्बंध में विस्तृत जानकारी जुटाई जा रही है।आखिर यह ड्रोन कौन उड़ा रहा था और उसका उद्देश्य क्या था।
उधर अपर पुलिस अधीक्षक अतुल श्रीवास्तव ने बरामद ड्रोन के बारे में बताया कि पुलिस द्वारा ड्रोन के सम्बंध में प्रारंभिक विस्तृत तकनीकी जांच की गई तो यह तथ्य प्रकाश में आया कि यह एक टॉय ड्रोन है,जो सभी ऑनलाइन ट्रेड पर लगभग तीन साढ़े तीन हजार रुपए में उपलब्ध है। जिसमें किसी तरह रिकॉर्डिंग करने के लिए कोई इंटरनल मेमोरी नहीं है।यह ड्रोन गली में उड़ाया जा रहा था, जिससे प्रतीत होता है कि इसे कोई आम व्यक्ति या बच्चा उड़ा रहा होगा और अनियंत्रित होने के कारण ड्रोन गिर गया।अब तक की जांच में किसी आपराधिक घटना में इसकी संलिप्तता नहीं पाई गई है।



# स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ हो कानूनी कार्यवाही : शंखधर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मिलक/रामपुर।** अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष आदेश शंखधार ने पुलिस अधीक्षक को पत्र भेज कर स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कठोरतम कार्यवाही करने की मांग की है। आदेश शंखधार ने बताया कि कल 20 जुलाई को हमें सोशल मीडिया फेसबुक एवं यूट्यूब पर एक वीडियो दिखाई दिया और सुना जिसमें कि पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा भगवान भोलेनाथ के अति प्रिय भक्त कांवड़ियों को लेकर अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया जा है। जिसमें कहा गया है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संरक्षण प्राप्त कांवड़ियों के भेष में गुंडा, माफिया, मवाली, दंगाई, अपराधी हैं यह भगवान भोलेनाथ के भक्त नहीं हैं। जबकि सम्पूर्ण सनातन हिन्दू धर्म को मानने वाले लोगों के आराध्य भगवान भोलेनाथ हैं और भगवान भोलेनाथ में हम सभी की अटूट श्रद्धा और विश्वास है। इसलिए अपने प्रभु की आराधना एवं जलाभिषेक करने हेतु करोड़ों लोग मां गंगा का पवित्र गंगाजल लाकर अपने आराध्य भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर सुखी जीवन का कामना करते हैं। इसी कारण प्रत्येक वर्ष श्रावण माह में अधिकांश सनातनी हिन्दू धर्म के लोग कांवड़ यात्रा पर जाते हैं। ऐसे में श्रावण माह में ही स्वामी प्रसाद मौर्य के उक्त ब्यान से सम्पूर्ण सनातन हिन्दू धर्म की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं और उनके इस ब्यान से सम्पूर्ण सनातन हिन्दू धर्म में रोष पनप रहा है। इसलिए पुलिस अधीक्षक से आग्रह किया गया है कि जो व्यक्ति अपने राजनैतिक हित को पूरा करने के उद्देश्य से सार्वजनिक रूप से भगवान भोलेनाथ के अति प्रिय भक्त कांवड़ियों पर अमर्यादित, अशोभनीय भाषा का प्रयोग कर सम्पूर्ण सनातन हिन्दू धर्म के मानने वाले लोगों की धार्मिक भावनाओं को आहत करने का घृणित कार्य करता है। ऐसे व्यक्ति के खिलाफ नियमानुसार रिपोर्ट दर्ज कराकर कार्रवाई कराई जाए। पत्र पर संजय रस्तोगी, ब्रह्मशंकर पाण्डेय, प्रवीण गौड़, पुष्पेन्द्र गंगवार, शतीश गंगवार, सर्वराज यादव, विक्की यादव आदि कई लोगों के हस्ताक्षर मौजूद हैं।

## हरि सिंह ढिल्लों ने अध्यापकों के साथ की बैठक



शाह टाइम्स संवाददाता

**सैफनी/रामपुर।** सोमवार को शिक्षक विधायक हरि सिंह ढिल्लों ने नगर के श्री गोविंद इन्टर कालेज मे आगामी चुनाव को लेकर एक बैठक की। जिसमें बोलते हुए हरि सिंह ढिल्लो ने कहा कि वित् विहीन शिक्षकों के साथ किसी तरह का भेदभाव नही होने दिया जाएगा और शिक्षको के सम्मान के लिए हर समय कार्य करते रहेंगे। इस अवसर पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष चौधरी संजय सिंह, श्री गोविंद इन्टर कालेज के प्रधानाचार्य विवेक शर्मा, प्रवीण शर्मा, अजव सिंह यादव, राजकुमार सिंह, अशरफ अलो बब्लू उर्फ तौसीब, फौजी सुशील जोशी, शोभित शर्मा, अभिलाष शर्मा आदि रहे।

# अत्यधिक विद्युत कटौती के खिलाफ किसानों ने दढ़ियाल बिजली घर पर किया प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

**टाण्डा/रामपुर।** दढ़ियाल क्षेत्र में नलकूपों वाली लाइन में उचित विद्युत आपूर्ति न मिलने पर सोमवार को पूर्वान्ह किसानों ने बिजली घर पर प्रदर्शन कर अवर अभियंता बीपी शर्मा को ज्ञापन सौंपा। जिसमें नलकूपों वाली लाइन को कम से कम 10 घंटे बिजली आपूर्ति दिए जाने की मांग की गई, अन्यथा दो दिन बाद अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी गई है। बिजली अधिकारियों ने किसानों को उचित बिजली आपूर्ति दिए जाने का आश्वासन दिया है।
सोमवार को पूर्वान्ह भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिला उपाध्यक्ष बलजीत सिंह के नेतृत्व में लगभग दो दर्जन किसान दढ़ियाल बिजली घर पर पहुंचे और नलकूपों वाली लाइन में उचित बिजली आपूर्ति न दिए जाने पर गुस्से का इजहार करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों का कहना था कि उचित बिजली आपूर्ति न मिलने से धानों की रोपाई नहीं हो पा रही है, फसलों को नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने कम से कम 10 घंटे बिजली आपूर्ति की मांग की।
इस दौरान किसान नेता बलजीत सिंह की एसडीओ विद्युत शिवम सिंह से फोन पर वार्ता हुई। उन्होंने किसानों को उचित बिजली आपूर्ति दिए जाने का आश्वासन दिया।
प्रदर्शन करने वालों में भाकियू के जिला उपाध्यक्ष बलजीत सिंह, राजपाल सिंह, जसपाल सिंह, जनरैल सिंह, गुरप्रीत सिंह, बलविंदर सिंह, ओकार सिंह, इंद्रपाल सिंह, दलजीत सिंह, अजमेर सिंह, रणजीत सिंह, पवनदीप सिंह, जावेद अख्तर, फिरासत, सर्वजीत सिंह,सिमरनजीत सिंह, अमरजीत सिंह, गुरवंत सिंह,सुखदीप सिंह संधू आदि किसान मौजूद रहे।



## 25 मोहर्रम : इमामबाड़ा खासबाग में नवेद मियां की हाजिरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** इमाम जैनुल आबेदीन अलैहिस्सलाम की याद में जिलेभर के मुसलमानों में गम का माहौल रहा। विशेष रूप से शिया मुसलमानों ने मजलिस और नौहाख्वानी का आयोजन किया। अलम का जुलूस भी निकाला गया। इमामबाड़ा खासबाग में पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां ने हाजिरी पेश की। उन्होंने इमामबाड़े में रौशनी भी की।
उन्होंने बताया कि 25 मोहर्रम को इमाम जैनुल आबेदीन की शहादत की याद में मनाया जाता है। यह दिन मुसलमानों के लिए महत्वपूर्ण दिन है।



# सरकार बनाने के लिए बूथ का मजबूत होना जरूरी: निरंकारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** सोमवार को बहुजन समाज पार्टी की एक मीटिंग बसपा कार्यालय बाबा दीप सिंह नगर रामपुर में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए, बसपा के जिला अध्यक्ष प्रमोद सागर निरंकारी एडवोकेट ने कहा, अब समय आ गया है सभी कार्यकर्ता मेहनत से बूथ कमेटी का गठन कर लें कहा कि जिस संगठन का बूथ मजबूत होता है। तो सरकार बनने में कोई देर नहीं होती ,उन्होंने पिछले काम की पदाधिकारियों की समीक्षा की और कहा जल्द से जल्द बूथ का गठन कर लिया जाए। आगे कहा जब बसपा की सरकार थी किसानों के गन्ने के दाम बहन जी ने सबसे अधिक बढ़ाएं सवा लाख सफाई कर्मचारी की नौकरियां दी ईमानदारी से पुलिस में भर्तियां निकली।
शिक्षा के लिए कई कई मेडिकल कॉलेज बहन जी ने खोलें साथ ही उसे वक्त में तमाम बिजली घर बनवाए गए जिनसे आज प्रदेश में बिजली की आपूर्ति हो रही है। कहा कि आने वाला समय बहुजन समाज पार्टी का है, और बहन जी इस प्रदेश की पांचवीं बार मुख्यमंत्री बनेगी और गरीबों दलित अल्पसंख्यकों का भविष्य जागेगा और प्रदेश प्रगति के पथ पर चलेगा। इस अवसर पर मौजूद रहे दीपक सागर मंडल प्रभारी सुरेंद्र पाल सिंह गंगवार जिला संयोजक भाईचारा कमेटी, दिलीप सागर जिला संयोजक बी बी एफ,इसरार अली एडवोकेट जिला उपाध्यक्ष, रमेश श्रीवास्तव जिला महासचिव, ओंकार सिंह लेखपाल, हरनन्दन सागर विधान सभा अध्यक्ष,राजू सागर विधानसभा, अध्यक्ष राकेश सागर ,दिनेश सागर विधानसभा अध्यक्ष, नवनीत यदुवंशी विधानसभा प्रभारी ,बख्तावर अली विधानसभा प्रभारी ,शेर सिंह विधानसभा प्रभारी, अमित रामपुरी जिला प्रभारी बख्तावर अली, विधानसभा प्रभारी, यूनुस अली, इस अवसर पर नवनियुक्त दीपक सागर मंडल प्रभारी मुरादाबाद का फूलमाला पहनकर स्वागत किया गया। डॉक्टर सद्दाम हुसैन जिला कार्यकारिणी सदस्य का भी फूलमाला पहनकर स्वागत किया गया।
विधानसभा अध्यक्ष राजू सागर का भी फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया । इस अवसर पर तमाम लोग उपस्थित रहे।



# अथर अली खान बने बिलासपुर नगर पालिका के सांसद प्रतिनिधि

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिलासपुर/रामपुर।** नगर के शमा मैरिज हॉल में समाजवादी पार्टी की एक जनसभा का आयोजन किया गया जिसमें पार्टी के प्रमुख नेताओं और स्थानीय कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस अवसर पर रामपुर से सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी ने अथर अली खान को बिलासपुर नगर पालिका क्षेत्र का प्रतिनिधि नियुक्त किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि नगर पालिका से जुड़ी जनसमस्याओं का निस्तारण अब उनके माध्यम से अथर अली खान द्वारा कराया जाएगा।
मौलाना नदवी ने जोर देकर कहा कि अथर अली खान उनके विश्वासपात्र हैं और वे बिलासपुर क्षेत्र के विकास तथा जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध हैं।
उन्होंने कहा कि नगर पालिका से संबंधित मुद्दों को प्राथमिकता के साथ हल किया जाएगा और अथर अली खान इस प्रक्रिया में उनके सीधे प्रतिनिधि के रूप में कार्य करेंगे। यह नियुक्ति समाजवादी पार्टी के स्थानीय स्तर पर मजबूत नेतृत्व विकसित करने की रणनीति का हिस्सा है। मौलाना नदवी ने कहा कि पार्टी जनता के हितों के लिए प्रतिबद्ध है और अथर अली खान की नियुक्ति से बिलासपुर क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी।
इस कार्यक्रम में कई प्रमुख हस्तियों ने भाग लिया, जिनमें शामिल थे तजिन्दर सिंह विर्क, राष्ट्रीय अध्यक्ष, तराई किसान यूनियन हाफिज अब्दुल सलाम, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. जफर खान,अनस खान,आशु खान,फराज खान, फुरकान खान, फैजी खान फैजान खान, नगर पालिका सदस्य यामीन सैफी,मंसू खान, हारिस खान, परवेज मामू ,महबूब पाशा, मीडिया प्रभारी रफी नूरी,अरशद (एडवोकेट), गुलाम मुस्तफा (एडवोकेट), आसिम हुसैन खान, पूर्व सभा सदस्य इस्माइल एवं बाबू शाहजैब आदि मौजूद रहे।





गजरौला। चाकीखेड़ा स्थित चाकेश्वर धाम मन्दिर में जल चढ़ाने को उमड़ी शिवभक्तों की भीड़।

# आस्था के साथ किया भगवान शिव का जलाभिषेक

## भगवान शिव के जयकारों से गूंज उठे शिवालय

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** सावन माह के दूसरे सोमवार को गजरौला क्षेत्र के चाकीखेड़ा में स्थित श्री चाकेश्वर धाम शिव मंदिर सहित अन्य शिवालयों में कांवडियों और स्थानीय शिव भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया और मनोकामनाएं मांगी। यहां पर सुरक्षा व्यवस्था के द्रष्टिगत पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। सीओ अंजलि कटारिया एवं प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने भी मंदिरों का भ्रमण करके सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

सावन माह के दूसरे सोमवार को भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए भोर से ही चाकेश्वर शिव मंदिर पर कांवड़ियों और स्थानीय शिव भक्तों की पंक्तियां लगनी शुरू

**भक्ति में शक्ति**

**सावन के दूसरे सोमवार को भक्तों में रहा उल्लास**

हो गईं थीं। दोपहर के 12 बजे के बाद ही संख्या कम हुई। यहां पर समाजसेवियों द्वारा भंडारे का आयोजन करके प्रसाद का वितरण भी किया। भक्तों ने गंगाजल, दुग्ध, भांग, धतूरा, बेलपत्र आदि से भगवान शिव का जलाभिषे किया और अपने परिवार की सुख, स्मृद्धि की प्रार्थना की। चाकेश्वर मंदिर के महंत लवकुश गिरि ने बताया कि दूसरे सोमवार को कांवड़ियों के साथ साथ स्थानीय भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। वहीं नगर के गंगा प्याऊ शिव मंदिर व चौबारा स्थित प्राचीन शिव मंदिर सहित नगर व क्षेत्र के शिव मंदिरों में जलाभिषेक के लिये भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। नगर के मंदिरों में नगर पालिका परिषद के द्वारा साफ सफाई की विशेष व्यवस्था करके चूना आदि छिड़कवाया गया। ग्रामीण क्षेत्रों के के मंदिरों पर पंचायत विभाग द्वारा सफाई कार्य कराया गया। वहीं भक्तों ने भगवान शिव की भक्ति में लीन होकर उपवास भी रखा।

### कांवड़ियों के आवागमन को लेकर पुलिस सतर्क

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** सावन सोमवार के अवसर पर कांवड़ियों के सुगम और सुरक्षित आवागमन को लेकर नगर में पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रही। विशेष रूप से बिजनौर रोड पर बड़े मालवाहक और सवारी वाहनों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध रहा। दिनभर पुलिस कर्मी विभिन्न चौराहों, मार्गों और तीर्थ स्थलों के पास तैनात रहे। यातायात को सुचारु बनाए रखने के लिए वैकल्पिक मार्गों का सहारा लिया गया। कांवड़ यात्रा में किसी प्रकार की बाधा न हो, इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर लगातार निगरानी रखी गई।

# बम भोले के जयकारों के साथ किया जलाभिषेक

## दूसरे सोमवार को वासुदेव तीर्थ पर शिवभक्तों का उमड़ा सैलाब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सावन माह के दूसरे सोमवार को नगर के प्रसिद्ध वासुदेव तीर्थ स्थल पर श्रद्धा और आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही शिव भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं, जो हाथों में गंगाजल, बेलपत्र, और दूध लिए भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए पहुंचते रहे।

भक्तों ने 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस पावन अवसर पर महिलाओं, युवाओं और बच्चों में विशेष उत्साह देखा गया। सभी ने अनुशासित ढंग से लाइन में लगकर जलाभिषेक किया और भोलेनाथ से सुख-समृद्धि की कामना की।श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। मंदिर प्रांगण और आसपास के क्षेत्र में पुलिस बल तैनात रहा, जिससे पूरे आयोजन को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराया गया। इस बार सावन के सोमवारों में भक्तों की संख्या में विशेष वृद्धि देखने को मिल रही है। मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया था और शिवलिंग पर जलाभिषेक का क्रम देर शाम तक चलता रहा।

### त्रिशूल व डमरू लाइटों से कांवड़ मार्ग हुआ रोशन



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** सावन माह में कांवर यात्रा के चलते नगर पालिका परिषद अमरोहा ने कांवरियों के स्वागत और सुविधा के लिए विशेष सजावट की है। नगर के कांवर मार्ग पर स्थित स्ट्रीट लाइट व डिवाइडर पोलों पर भगवान शिव के त्रिशूल और डमरू की सुंदर इलेक्ट्रिक लाइटें लगाई गई हैं, जो शाम होते ही मार्ग को भक्तिमय आभा से भर देती हैं। पालिका के उप नगर आयुक्त / अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार ने बताया कि यह सजावट नौगवां रोड, लकड़ा चौराहा, अटल चौक, टी.पी. चौराहा, रेलवे ओवरब्रिज से लेकर बम्बूगढ़ चौराहा और जोया रोड तक की गई है। जिलाधिकारी के निर्देशों और पालिका अध्यक्ष श्रीमती शशि जैन के मार्गदर्शन में यह कार्य संपन्न हुआ। टी.पी. चौराहा से लेकर बिजनौर मार्ग तक लगाए गए डेकोरेटिव लाइट पोल और त्रिशूल-डमरू की रंगीन झलक न सिर्फ श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रही है बल्कि पूरे मार्ग को एक भक्तिमय त्योहार का रूप दे रही हैं।



गजरौला। शिव महापुराण कथा में हिस्सा लेती महिलाएं।

### बछरायूं पुलिस की मुस्तैदी से टली अनहोनी, शराब पीकर दौड़ा रहे थे कार

# दिल्ली के युवकों ने कांवड़ रूट पर मचाया तांडव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बछरायूं।** सावन के पवित्र महीने में जब पूरा प्रदेश शिवभक्ति में डूबा है, उस वक्त दिल्ली के दो युवक शराब के नशे में कांवड़ यात्रा के दौरान हुड़दंग मचाते नजर आए। बछरायूँ में तैनात पुलिसकर्मियों ने जब इनकी गाड़ी को रुकने का इशारा किया, तो दोनों युवकों ने न सिर्फ आदेश की अनदेखी की, बल्कि बैरियर तोड़कर फरार होने की कोशिश की। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए गजरौला के जोगीपुरा बैरियर पर फिल्मी अंदाज में घेरा. बंदी कर दोनों को दबोच लिया।

गाड़ी से दुर्गंध आई, ब्रीथ एनालाइजर से हुई पुष्टि। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आयुष कैला पुत्र सुनील कैला निवासी राम नगर, तिलक नगर, नई दिल्ली और करण पुत्र राम अवतार निवासी हरि नगर, पश्चिमी दिल्ली के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके पर ही ब्रीथ एनालाइजर मशीन से जांच की जिसमें आयुष में शराब सेवन की पुष्टि हुई। इस घटना के समय कांवड़ रूट पर भारी भीड़ थी और दोनों युवकों की तेज रफ्तार गाड़ी किसी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती थी। पुलिस द्वारा गाड़ी को मोटर वाहन अधिनियम की धाराओं में सीज कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक दोनों युवक गिरफ्तारी के समय भी झगड़ने लगे। नशे में धुत दोनों युवकों ने न सिर्फ कानून का उल्लंघन किया बल्कि मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों के साथ भी अभद्रता की। आखिरकार बीएनएस की धारा 170/126/135 के तहत दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां उन्हें अधिकतम धनराशि के मुचलके पर पाबंद करने की सिफारिश की गई है। टीम में जांबाज पुलिसकर्मी उपनिरीक्षक विकास त्यागी, कांस्टेबल गौरव भाटी, कांस्टेबल तनिष्क चौधरी, थाना बछरायूँ की तत्परता से जहां एक बड़ा हादसा टल गया, वहीं इस कार्रवाई ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि कांवड़ यात्रा में कोई भी हुड़दंग अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

## व्यापारियों ने की शिवभक्तों की सेवा

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** सावन मास में गंगा जल लेकर आ रहे शिव भक्तों की सेवा के लिए व्यापारियों द्वारा शि. विर का आयोजन किया गया। शिविर में शिव भक्तों की व्यापारियों द्वारा सेवा की गई। शिव भक्तों ने शिविर में भोले के भजनों पर जमकर नृत्य किया। गुड गल्ला व्यापार मंडल हसनपुर के सक्रिय पदाधिकारी व शिव भक्त अंकुर अग्रवाल ने बताया कि गुड गल्ला व्यापार मंडल पिछले 7 वर्षों से खान कोल्ड स्टोर के प्रांगण में शिव भक्तों की सेवा में निरंतर शिव भंडारे का आयोजन करता आ रहा है। इस अवसर पर अंकुर अग्रवाल,नरेश चौहान,उमेश चौहान,सुनील गर्ग, शोभित गर्ग, वैभव अग्रवाल,जागेश चौहान आदि मौजूद रहे।

# शिव लीलाओं में डूबे श्रद्धालु

## श्री राम जानकी बालाजी मन्दिर में शिव महापुराण कथा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** नगर के श्री राम जानकी बालाजी मंदिर में चल रही शिव महापुराण कथा के पांचवें दिन श्रद्धालुओं ने सती की लीलाओं और भक्ति के भाव में डूबकर आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति की। कथा व्यास आचार्य पंडित श्री हित आकाश जी महाराज ने सती के बाल्यकाल की लीलाओं का वर्णन करते हुए बताया कि सती बचपन में अपनी सखियों के साथ गंगा तट पर जाकर मिट्टी के शिवलिंग बनाती थीं और भक्ति भाव से उन पर जल चढ़ाकर नमः शिवाय, ओम नमः शिवाय का उच्चारण करती थीं। उन्होंने भावविभोर कर देने वाले गीतों के माध्यम से सती की भक्ति का चित्रण किया, जिससे मंदिर परिसर गूंज उठा और श्रद्धालु झूमने लगे। सती ने लिया सीता का रूप, श्रीराम ने कहा माता कथा के दौरान उस रोचक प्रसंग का भी वर्णन हुआ जब सती ने श्रीराम की परीक्षा लेने के लिए माता सीता का रूप धारण किया। आचार्य पंडित हित आकाश ने बताया कि भगवान श्रीराम ने सती को तुरंत पहचान लिया और उन्हें माता के रूप में प्रणाम किया। इस दौरान कुसुम सिंहल मीना आर्य रजनी सारस्वत, सरोज अग्रवाल, रजनी दिल्ली वाली कृष्ण गर्ग , बबीता अग्रवाल,हेम अग्रवाल, उमा अरोड़ा ,राकेश वर्मा लक्ष्मी अग्रवाल, निम्मी अग्रवाल ,सिम्मी अग्रवाल,रैनूका अग्रवाल मंजू अग्रवाल, अंजू अग्रवाल सुषमा अग्रवाल, ममता सिंहल ,पूनम सिंहल, श्वेता सिंहल, चुनमुन अग्रवाल ,बीना अग्रवाल सोनिया अग्रवाल, राजबाला अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर के नीचे दबकर फैक्ट्री कर्मी की मौत

## परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** घर के भराव के लिए मिट्टी लेने जाते समय ट्रैक्टर के नीचे दबकर घायल हुए फैक्ट्री कर्मी की मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां उपचार के दौरान रविवार रात मौत हो गई।

घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव पूरनपुर में शाम सात बजे की है। यहां पर छोटे सिंह का परिवार रहता है। रविवार को उनका बेटा मुकेश से घर में भराव के लिए पूरनपुर से चुबका मार्ग पर ट्रैक्टर से मिट्टी लेने जा रहा था। जैसे ही वह चुबका की पुलिया पर पहुंचा तो ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर खेत में पलट गया, जिसके नीचे दबकर मुकेश (35) वर्ष गंभीर घायल हो गया। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे, ग्रामीणों की मदद से ट्रैक्टर



के नीचे दबे मुकेश को निकालकर आनन-फानन में निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां रविवार रात इलाज के दौरान मुकेश की मौत हो गई। मुकेश के परिवार में पत्नी शीतल के अलावा एक बेटा व एक बेटी है। मां की जिम्मेदारी भी उसके कंधों पर थी।मुकेश क्षेत्र की एक फैक्ट्री में मजदूरी करता था। परिजनों ने बिना किसी कानूनी कार्रवाई शव का अंतिम संस्कार कर दिया है।

# फर्नीचर गोदाम व जूते के शोरूम में लगी आग

## लाखों का नुकसान, दमकल ने पाया काबू, मौहल्ले में अफरा तफरी का माहौल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** दो अलग-अलग स्थानों पर आग लगने की घटनाओं से अफरा-तफरी मच गई। पहली घटना मुरादाबादी गेट के पास कैलसा रोड स्थित एक फर्नीचर गोदाम में घटी, जबकि दूसरी घटना कस्बा जोया में एक जूते-चप्पल के शोरूम में हुई। दोनों मामलों में आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया और लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक भारी नुकसान हो चुका था।

पहली घटना शहर के मोहल्ला मुरादाबादी गेट से सटे कैलसा रोड पर हुई। कैलसा बाईपास निवासी फर्नीचर कारोबारी कमरुद्दीन ने यहां अपना एक गोदाम बना रखा है, जहां फर्नीचर का स्टॉक रखा रहता है। कारीगरों के



जाने के बाद रविवार रात वह गोदाम बंद कर घर चले गए थे। रात में लगभग 11:30 बजे गोदाम में अचानक आग लग गई। धुआं के साथ लपटें उठती देख स्थानीय लोगों ने कमरुद्दीन को सूचना दी। कमरुद्दीन जब तक मौके पर पहुंचे लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। शुरुआत में स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। लपटों ने अंदर रखे डबल बेड व सोफा सेट को अपनी चपेट में लेकर विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना मिलने पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पीड़ित कारोबारी कमरुद्दीन के मुताबिक आग लगने का कारण शार्ट सर्किट होना रहा। अग्निकांड में बना-अधबना सारा फर्नीचर जलकर राख हो गया। वहीं आग लगने की दूसरी घटना कस्बा जोया की है। मोहल्ला इकबाल नगर निवासी इरफान सैफी का यहां जूते-चप्पल का शोरूम है। रविवार शाम वह रोजाना की तरह दुकान बंद कर घर चले गए थे। रात करीब 12 बजे अचानक दुकान में आग लग गई। चौराहे पर कांवड़ यात्रा की ड्यूटी कर रहे पुलिस कर्मियों ने दुकान से धुआं निकलते हुए देख फौरन इसकी सूचना दमकल को दे दी। दमकल कर्मी व इरफान सैफी मौके पर आ गए। उस समय तक आग पूरे शोरूम को अपनी जद में ले चुकी थी। बमुश्किल शटर तोड़कर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। अग्निकांड में दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। दोनों घटनाओं में लाखों रुपये की कीमत का माल जलकर राख हो गया वहीं मोहल्लों में अफरातफरी का माहौल बना रहा।

# अन्तर्राज्यीय वाहन चोर गैंग का पर्दाफाश

## तीन गिरफ्तार, 16 बाइकें हुई बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** थाना मंडी धनौरा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।

**खुलासा**

**शामशान घाट में छिपाते थे चोरी की बाइकें**

वाहन चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का खुलासा करते हुए पुलिस ने तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से दिल्ली, बिजनौर और अमरोहा सहित कई जगहों से चोरी की गई 16 मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं। इन वाहनों की अनुमानित कीमत करीब 8 लाख रुपये बताई जा रही है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया के नेतृत्व और क्षेत्राधिकारी अंजली कटारिया के पर्यवेक्षण में की गई। पुलिस टीम ने गश्त के दौरान ग्राम गादीखेड़ा स्थित नव-निर्मित श्मशान घाट से तीन अभियुक्तों को पकड़ा, जिनकी पहचान रोहित पुत्र ब्रह्म सिंह, प्रिंस पुत्र सूरज सिंह, और अंकुल पुत्र राजपाल सिंह (सभी निवासी मो. हनपुर, थाना बछरायूं, जनपद अमरो. हा) के रूप में हुई। इनके एक अन्य साथी ऋषिपाल पुत्र नन्हे अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्तों ने पूछताछ में खुलासा किया कि वे चोरी की बाइकें इस श्मशान घाट में छिपाकर रखते थे क्योंकि यह नया बना है और यहां कोई आवा. जाही नहीं होती।

### प्रेम प्रसंग को लेकर बीते साल ढक्का में हुई थी युवक की हत्या

# हत्या में युवती के पिता, भाई, मंगेतर समेत सात दोषी करार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सैदनगली थाना क्षेत्र के कस्बा ढक्का में 2 जनवरी 2024 की रात हुई सनसनीखेज हत्या के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट तृतीय की अदालत ने सात आरोपियों को दोषी करार दिया है। यह हत्या एक युवती के प्रेम प्रसंग और मंगनी के टकराव से जुड़ी थी, जिसमें साजिश रचकर युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। सोमवार को अदालत ने युवती, पिता, भाई, मंगेतर व उसके तीन दोस्तों को दोषी पाया। सभी को न्यायिक हिरासत में बिजनौर जेल भेज दिया गया है। अब अदालत मंगलवार को सजा पर अंतिम फैसला सुनाएगी

यह वारदात दो जनवरी 2024 को सैदनगली थाना क्षेत्र के कस्बा ढक्का की थी। यहां किसान जफरुद्दीन का परिवार रहता है। उनके बेटे उवैस का पड़ोस में रहने वाली अक्सा नाम की एक युवती के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था। भनक लगने पर परिजनों ने अक्सा का रिश्ता मुरसलीन नाम के एक परिर्. चत युवक के साथ कर दिया था लेकिन इसके बाद भी अक्सा की उवैस से बातचीत होती रहती थी। वहीं, अक्सा ने इसका जिक्र अपने मंगेतर मुरसलीन से भी कर दिया था। इसके बाद ही मुरसलीन ने अपने दोस्त अमित, पिंटू, सेठी के

**अदालत आज करेगी सजा का ऐलान**

अलावा अक्सा, उसके पिता इरशाद व भाई नवाजिश के साथ मिलकर उवैस को ठिकाने लगाने की योजना बनाई थी। हत्याकांड वाले दिन रात में अक्सा ने सिम कार्ड देने के बहाने धोखे से उवैस को अपने घर पर बुला लिया था। उसी दौरान उवैस की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले में उवैस के पिता जफरुद्दीन ने इरशाद, अक्सा, नवा. जिश व अयान के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। लेकिन, पुलिस की विचेचना के दौरान गोली मारने वालों में अक्सा के मंगेतर मुरसलीन के अलावा अमित, पिंटू व सेठी का नाम भी सामने आया। वहीं, हत्याकांड में कोई भूमिका नहीं मिलने पर पुलिस ने अयान का नाम चार्जशीट से अलग कर दिया था। बाद में पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया था। इस मामले में हाईकोर्ट ने स्थानीय अदालत को छह महीने के भीतर मुकदमे की सुनवाई पूरी कर फैसला सुनाने के निर्देश दिए थे। मुकदमे की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट तृतीय नसीमा खानम की अदालत में विचाराधीन थी। अभियोजन की ओर से पैरवी अपर जिला शासकीय अधिवक्ता अमित वशिष्ट ने की। सोमवार को पत्रावली के अवलोकन व सबूतों के आधार पर अदालत ने इरशाद, अमित, अक्सा, नवाजिश, मुरसलीन, सेठी व पिंटू को दोषी करार दिया। इसके बाद सभी दोषियों को न्यायिक अभिरक्षा लेते हुए बिजनौर जेल भेज दिया गया। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि दोषियों के सजा के प्रश्न पर अदालत में आखिरी सुनवाई मंगलवार को होगी



मंडी धनौरा। अन्तर्राज्यीय वाहन चोर गैंग का खुलासा करते एसपी अमित कुमार आनन्द।

# फारुख-क्लाइव के नाम ओल्डट्रैफर्ड में स्टैंड होंगे



**● भारत-इंग्लैंड चौथे टेस्ट में सम्मान मिलेगा, लंकाशायर के लिए भारत के पूर्व विकेटकीपर 175 मैच खेले**

**मैनचेस्टर, वार्ता।** भारत के पूर्व विकेटकीपर फारुख इंजीनियर और वेस्टइंडीज के दिग्गज कप्तान क्लाइव लायड के नाम पर अब इंग्लैंड के ऐतिहासिक ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान में स्टैंड होंगे। यह सम्मान उन्हें उनकी पूर्व काउंटी टीम लंक. ाशायर द्वारा दिया जाएगा।

सूत्रों के मुताबिक, यह स्टैंड- नामकरण समारोह भारत और इंग्लैंड के बीच 23 जुलाई से शुरू हो रहे चौथे टेस्ट के पहले दिन आयोजित हो सकता है। इंग्लैंड पांच मैचों की सीरीज में फिलहाल 2-1 से आगे है। इंग्लैंड क्रिकेट के एक अधिकारी ने कहा, यह दोनों दिग्गजों के लिए एक उपयुक्त और सम्मानजनक पहल है। फारुख इंजीनियर ने 1968 से 1976 के बीच लंकाशायर के लिए 175 मैच खेले, जिसमें उन्होंने 5942 रन, 429 कैच और 35 स्टंपिंग कीं। उनके आने से पहले लंकाशायर ने 15 सालों में कोई बड़ा खिताब नहीं जीता था, लेकिन उनकी मौजूदगी में टीम ने 1970 से 1975 के बीच गिलेट कप चार बार जीता।

दो बार के वर्ल्ड कप विजेता कप्तान क्लाइव लायड ने लंक. ाशायर के साथ करीब दो दशक बिताए और टीम के खेल में क्रांतिकारी बदलाव लाए। वे 1970 के दशक में एक विदेशी खिलाड़ी के रूप में क्लब में शामिल हुए थे। 87 साल के फारुख इंजीनियर ने मैनचेस्टर को ही अपना स्थायी निवास बना लिया है। उन्होंने क्लब की वेबसाइट को एक पुराने इंटरव्यू में बताया था, ओल्ड ट्रैफर्ड एक शानदार जगह थी, लोग हमें देखने के लिए दूर-दूर से आते थे। उन्होंने आगे कहा, ड्रेसिंग रूम से हम वारविक रोड रेलवे स्टेशन को देख सकते थे, और मैच से पहले ट्रेनों से भीड़ उतरती थी, उत्साहित आवाजें और हंसी की गूंज सुनाई देती थी। हमारे लाकर आटोग्राफ और पार्टी इन्विटेशन से भरे रहते थे। क्लाइव लायड, हैरी पिलिंग, पीटर लेवर और केन शटलवर्थ जैसे नामों से टीम की खूब चर्चा होती थी।

हम उस दौर की सबसे फेमस वनडे टीम बन गए थे। दिलचस्प बात यह है कि जहां फारुख इंजीनियर ने भारत में ब्रेबार्न स्टेडियम में सबसे ज्यादा क्रिकेट खेला, वहां उनके नाम पर कोई स्टैंड नहीं है। भारत के पूर्व कप्तान दिलीप वेंगसरकर, जो निजी दौरे पर मैनचेस्टर में हैं, इस समारोह में शामिल हो सकते हैं। क्लब के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।




# सुमित ने जीता 60 किग्रा ग्रीको-रोमन वर्ग में रजत पदक

**● टूर्नामेंट में भारत ने तीन स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य सहित कुल 10 पदकों के साथ अभियान खत्म किया**

**बुडापेस्ट, वार्ता।** अंडर-23 एशियाई चैंपियन सुमित ने पॉलीक इमरे और वर्गा जानोस मेमोरियल 2025 कुश्ती चैंपियनशिप के 60 किग्रा ग्रीक. ो-रोमन वर्ग में रजत और अनिल मोर ने 55 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता। टूर्नामेंट में भारत ने तीन स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य सहित कुल 10 पदकों के साथ अपने अभियान का समापन किया। चैंपियनशिप के आखिरी दिन रविवार को हुए फाइनल मुकाबले में भारतीय पहलवान को अजरबैजान के यूरोपीय चैंपियन और गैर-ओलंपिक 60 किग्रा वर्ल्ड चैंपियन निहात माम्मदली से 1-5 से हार के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा। सुमित ने प्री-क्वार्टर फाइनल में सादिक लालाईव को 9-3, क्वार्टर फाइनल में कोरिया के डेहयूम किम को 7-4 से फॉल के जरिए शिकस्त दी थी और सेमीफाइनल में कजाकिस्तान के गालिम कबदुनास्सारोव को 10-1 से हराया। वहीं, भारत के अनिल मोर ने ग्रीको-रोमन 55 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता। उन्होंने उज्बेकिस्तान के इक्थियोर बोटिरोव को 7-4 से हराया। इससे पहले अनिल ने मई में उलानबतार ओपन में इसी कैटेगरी में स्वर्ण पदक जीता था। हालांकि, क्वार्टर फाइनल में अनिल को यूरोपीय चैंपियन एमिन सेफरशायेव से 1-6 से हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन उन्होंने रेपेचेज में मोल्डोवा के अर्तिओम डेलीअनु को 7-0 से हराकर कांस्य पदक मैच में जगह बनाई।

# एशिया कप पाक टीम भारत नहीं आएगी

**● सुरक्षा को लेकर चिंता जताई, भारतीय टीम भी पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी खेलने नहीं गई थी**

**● विश्व चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में भारत-पाक मैच भी रद्द, वालीबाल टूर्नामेंट पाक से उज्बेकिस्तान ट्रांसफर**

**नई दिल्ली/कराची, वार्ता।** पाकिस्तान हॉकी टीम भारत में होने वाले एशिया कप में भाग लेने के लिए नहीं आएगी। पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन (पीएचएफ) ने अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) को बताया कि भारत में मौजूदा हालात और सुरक्षा चिंताओं के कारण यह फैसला लिया है। हॉकी एशिया कप 27 अगस्त से होना है, जो 7 सितम्बर तक बिहार के राजगीर स्टेडियम में खेला जाएगा। इससे पहले भारतीय क्रिकेट टीम इस साल फरवरी-मार्च में हुए चैंपियंस ट्राफी में पाकिस्तान खेलने के लिए नहीं गई थी। भारत ने अपने सभी मैच न्यूट्रल वेन्यू दुबई में खेले थे। पीएचएफ के अध्यक्ष तारिक बुगती ने बताया कि हमारे खिलाड़ी भी भारत में होने वाले एशिया कप में हिस्सा लेने के लिए उत्सुक नहीं हैं। यह टूर्नामेंट वर्ल्ड कप का क्वालिफिकेशन भी है।

बुगती ने यह भी बताया कि एफआईएच और एएचएफ को यह तय करना है कि टूर्नामेंट और पाकिस्तान के मैचों को लेकर क्या करना है। भारत ने साल 2024 में चीन में खेले गए एशियन चैंपियंस ट्राफी के फाइनल में चीन को हराया था। पीएचएफ प्रमुख ने यह भी सवाल उठाया कि भारत में उनकी टीम की सुरक्षा की क्या गारंटी है।

# भारत 'ए' पुरुष हॉकी टीम को नीदरलैंड ने रौंदा



**नीदरलैंड, वार्ता।** भारत ए पुरुष हॉकी टीम को यूरोपीय दौरे के अपने आखिरी मुकाबले में नीदरलैंड के खिलाफ 2-8 से हार का सामना करना पड़ा। रविवार को खेले गए यूरोपीय दौरे अंतिम मैच में भारतीय मिडफील्डर रालजदर सिंह और फॉरवर्ड सेल्वम कार्थी ने अपनी टीम के लिए एक-एक गोल किए। भारत ए ने इससे पहले 18 जुलाई को नीदरलैंड के खिलाफ अपना पिछला मैच 0-3 के स्कोर से गंवा दिया था।

भारत ए ने 8 जुलाई, 2025 को अपने यूरो दौरे की शुरुआत की थी और इस दौरे के दौरान पांच यूरोपीय टीमों के खिलाफ कुल आठ मैच खेले। इस दौरान भारत की ए टीम ने दुनिया की कुछ शीर्ष हॉकी टीमों, जिनमें विश्व की नंबर वन नीदरलैंड और विश्व की नंबर तीन बेल्जियम के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने के लिए तीन शहरों की यात्रा की। इस दौरान भारतीय टीम ने आठ मैचों में से तीन में जीत दर्ज की। भारत ए के कोच शिवेंद्र सिंह ने कहा कि हालांकि इस यूरोपीय दौरे में हमें जीत से ज्यादा हार मिली होगी, लेकिन यह नतीजों के बारे में नहीं था, बल्कि एक टीम के रूप में इस दौरे से मिली सीख और अनुभव के बारे में था। उन्होंने कहा कि भारत ए में सीनियर और जूनियर खिलाड़ियों का मिश्रण था और उन्होंने पिछले दो हफ्तो दौरान बहुत मूल्यवान अनुभव प्राप्त किया। अब जब हम भारत वापस आ रहे हैं, मुझे विश्वास है कि ये सभी खिलाड़ी इस मूल्यवान अनुभव का उपयोग करेंगे और अपने भविष्य के सभी मैचों में अपने खेल को बेहतर बनाने के लिए इसका उपयोग करेंगे।

# बांग्लादेश ने पाकिस्तान को सात विकेट से हराया

**मीरपुर, वार्ता।** तस्कीन अहमद (तीन विकेट) और मुस्तफिजुर रहमान (दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद परवेज हुसैन इमॉन (नाबाद 56 ) मो- तौहीद हृदोय (36) की शानदार पारियों के दम पर बांग्लादेश ने पहले टी-20 मुकाबले में 27 गेंदें शेष रहते पाक को सात विकेट से हरा दिया। 111 रनों के लक्ष्य पीछा करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और उसने सात रन के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिए। तंजिद हसन और कप्तान लिटन कुमार दास एक-एक रन बनाकर आउट हुए। दोनों ही बल्लेबाजों को सलमान मिर्जा ने आउट किया। तीसरे विकेट के रूप में तौहीद हृदोय 37 गेंदों में 36 रन बनाकर आउट हुए। बांग्लादेश ने 15-3 ओवर में तीन विकेट पर 112 रन बनाकर मैच सात विकेट से जीत लिया। परवेज हुसैन ने 39 गेंदों में तीन चौके और पांच छक्कों की मदद से 56 रनों की नाबाद पारी खेली।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### अगले तीन डब्ल्यूटीए फाइनल मैच इंग्लैंड में होंगे

**सिंगापुर, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने इंग्लैंड को 2027, 2029 और 2031 में होने वाले तीन विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की मेजबानी सौंपी है। इससे पहले वह 2021 से लगातार तीनों फाइनल की मेजबानी कर चुका है। आईसीसी की सिंगापुर में हुई वार्षिक बैठक में यह फैसला लिया गया। आईसीसी ने 2027 के फाइनल भारत में स्थानांतरित किए जाने की अटकलों को विराम देते हुए ईसीबी के 'सफल मेजबानी रिकार्ड' का हवाला देते हुए इंग्लैंड को फिर से तीन बार के लिए इसकी जिम्मेदारी दी है। हालांकि यह अभी तय नहीं हुआ है कि भविष्य में भी लॉर्ड्स को प्राथमिक मेजबान के तौर पर बरकरार रखा जाएगा या नहीं।

### अमेरिका ने जीता फीबा अंडर-19 महिला विश्वकप का खिताब

**प्राग, वार्ता।** अमेरिका ने फाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 88-76 से हराकर फीबा अंडर-19 महिला विश्वकप का खिताब अपने नाम किया। चेक गणराज्य के ब्रनो में रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में अमेरिका ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पहले हाफ में 50-40 की बढ़त हासिल की। ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे क्वार्टर में वापसी करते हुए 17-14 से हराकर अंतर कम कर दिया। हालांकि, चौथे क्वार्टर में अमेरिका ने 24-19 की बढ़त बनाकर अपना दबदबा और मजबूत करते हुए चैंपियनशिप पर अपनी पकड़ मजबूत बना ली। अमेरिका की सानिया हॉल ने 25 अंक, नौ रिबाउंड और सात असिस्ट के साथ तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। जैस्मीन ने 21 अंक जोड़े। ऑस्ट्रेलिया की ओर से बोनी डेस ने 13 अंक लिए।

# बैडमिंटन एशिया: जापान ने भारत को हराया



**● करीब से हार के बावजूद भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में दमदार प्रदर्शन किया, भार्गव राम और विश्व तेज गोब्बरू की जोड़ी प्रभावशाली रही**

**इंडोनेशिया, वार्ता।** बैडमिंटन एशिया जूनियर मिक्स्ड टीम चैंपियनशिप के क्वार्टरफाइनल में भारतीय टीम को पूर्व चैंपियन जापान से 110-104 से हार का सामना करना पड़ा। रिले स्कोरिंग प्रणाली के तहत हुए एक करीबी मुकाबले में भारत ने शुरुआती मैच में 11-9 से मिली मामूली हार के बाद शानदार वापसी की।

भार्गव राम अरिगेला और विश्व तेज गोब्बुरू की लड़कों की युगल जोड़ी ने भारत को बढ़त दिलाई। इसके बाद वेन्नाला कलागोटला और रेशिका उथयासूरियन की लड़कियों की जोड़ी ने संयमित जीत हासिल कर भारत को 33-26 से आगे कर दिया। इसके बाद रेशिका ने भव्या छाबड़ा के साथ मिलकर 44-35 की बढ़त बनाए रखी और रौनक चौहान ने एक और शानदार प्रदर्शन करते हुए बढ़त को और मजबूत कर दिया। भारत ने मुकाबले के अधिकांश समय बढ़त बनाए रखी, लेकिन 2023 के चैंपियन जापान ने अंतिम पांच मैच लगातार जीतते हुए बढ़त बना ली।

इनमें से कई मैच बेहद रोमांचक रहे, जो भारतीय टीम के जज्बे को दर्शाता है। करीब से हार के बावजूद भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में दमदार प्रदर्शन किया। उन्होंने हांगकांग, चीन, संयुक्त अरब अमीरात और श्रीलंका पर जीत के साथ ग्रुप डी में शीर्ष स्थान हासिल किया, जिससे एकल और युगल में गहराई और संत. ुलन का प्रदर्शन हुआ। भार्गव-विश्व तेज और रेशिका-वेन्नाला की जोड़ी लगातार प्रभावशाली रही, जबकि सी लालरामसांगा ने भी युगल मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन किया, उन्होंने पुरुष युगल में भव्या और मिश्रित युगल में तारिणी सूरी के साथ जोड़ी बनाई। एकल में, रौनक ने विश्व जूनियर नंबर 5 लाम का टो को हराया और रुजुला रामू ने शीर्ष 20 में शामिल दो खिलाड़ियों पर जीत दर्ज की।

# चोटिल नीतीश रेड्डी इंग्लैंड सीरीज से बाहर



**मैनचेस्टर, वार्ता।** भारतीय ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी घुटने की चोट के कारण एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के शेष मैचों से बाहर हो गए हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को बताया कि नीतीश कुमार रेड्डी को बाएं घुटने में चोट लगी है। यह चोट उन्हें रविवार को मैनचेस्टर में जिम में अभ्यास के दौरान लगी और स्कैन में लिगामेंट डैमेज की पुष्टि हुई है। बुधवार से शुरु होने वाले तीसरे टेस्ट से पहले भारत को नीतीश कुमार के चोटिल होने से एक और झटका लगा है। इससे पहले तेज गेंदबाज आकाश दीप और अर्शदीप सिंह भी चोटिल हैं और इनमें से अर्शदीप चौथे टेस्ट से बाहर हो चुके हैं। इस बीच अंशुल कम्बोज को तेज गेंदबा. जी विकल्प के तौर पर टीम में शामिल किया गया है। लीड्स में पहले टेस्ट से बाहर रहने के बाद रेड्डी ने दूसरा और तीसरा टेस्ट खेला। बर्मिंघम में वह खास असर नहीं छोड़ पाए। उन्होंने मैच में केवल दो रन बनाए और छह ओवर की गेंदबाजी में उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। हालांकि लॉर्ड्स में उन्होंने इंग्लैंड के शीर्षक्रम के विकेट चटकाए। पहली पारी में इंग्लैंड के दोनों सलामी बल्लेबाज बेन डकेट और जैक क्रॉली को एक ही ओवर में आउट किया।

# भारतीय बैडमिंटन मिश्रित टीम ने जीता कांस्य पदक

**जर्मनी, वार्ता।** भारत की मिश्रित टीम ने रविवार को जर्मनी के राइन-रुहर में चल रहे एफआईएसयू वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 में बैडमिंटन में ऐतिहासिक कांस्य पदक अपने नाम किया। यह इस स्पर्धा में भारत का बैडमिंटन में पहला पदक है। एफआईएसयू वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में बैडमिंटन को 2007 से शामिल किया गया था, लेकिन यह पहली बार है जब भारत ने इस खेल में पोडियम पर जगह बनाई है। भारत ने क्वार्टरफाइनल में मलेशिया को कड़े मुकाबले में 3-2 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जिससे कांस्य पदक पक्का हो गया। प्रतियोगिता में दोनों सेमीफाइनल हारने वाली टीमों को कांस्य पदक दिया जाता है। यह इस बार के एफआईएसयू वर्ल्ड विवि गेम्स में भारत का पहला पदक भी है।

# टेस्ट क्रिकेट में दो-डिवीजन सिस्टम की संभावना

**● आईसीसी एनुअल मीटिंग में 8 सदस्यीय टीम बनी चैंपियंस लीग टी-20 की अगले साल वापसी संभव**

**दुबई, वार्ता।** टेस्ट क्रिकेट में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2027 से 2-टियर सिस्टम लागू हो सकता है। इसके लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को एनुअल जनरल मीटिंग (।ळड) में 8 सदस्यीय टीम बनाई हैं। इस समिति की अध्यक्षता आईसीसी के नए सीईओ संजोग गुप्ता कर रहे हैं। टेस्ट टियर सिस्टम में मौजूदा 9 टीमों की जगह 6-6 टीमों की दो डिवीजन बनाई जाएंगी। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया पहले से इस फार्मेट के समर्थन में रहे हैं और चाहते हैं कि ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और भारत आपस में हर तीन साल में दो बार भिड़ें, जो मौजूदा चार साल में दो बार की तुलना में अधिक है। 2009 से 2014 के बीच खेले जाने वाली चैंपियंस लीग टी-20 अगले साल से दोबारा शुरू हो सकती हैं। पिछले साल ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच खेली गई 5 मैचों की बार्डर-गावस्कर ट्राफी में भारी भीड़ देखने को मिली। फैंस के अलावा, ब्राडकास्टिंग और लाइव स्ट्रीमिंग पर भी बड़ी संख्या में फैंस इस सीरीज से जुड़े। बीजीटी ऑस्ट्रेलिया में अब तक की चौथी सर्वाधिक देखी गई सीरीज है। इस सीरीज के 8 लाख से ज्यादा मुकाबले फैंस ने मैदान पर आकर देखे हैं। ये आंकड़े क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अपने सोशल प्लेटफार्म ग पर जारी किए। सबसे बड़ी बात इस बार भारत भी इसके सपोर्ट में है। करीब 10 साल बाद चैंपियंस लीग टी-20 टूर्नामेंट एक बार फिर लौट सकता है। आईसीसी इस अंतर्राष्ट्रीय क्लब आधारित टी-20 प्रतियोगिता को फिर से शुरू करने पर गंभीरता से विचार कर रहा है। भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के क्रिकेट बोर्डों ने इस विषय में चर्चा की है और ।ळड में कई अहम सदस्य देशों से इस प्रस्ताव को समर्थन भी मिला है। पिछली बार यह टूर्नामेंट 2014 में भारत में हुआ था, जहां चेन्नई सुपर किंग्स ने फाइनल में कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर खिताब जीता था। 2009 से 2014 के बीच सीएलटी-20 के 6 सीजन आयोजित हुए थे। चार भारत में और दो दक्षिण अफ्रीका में। चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस ने यह टूर्नामेंट दो-दो बार, जबकि ऑस्ट्रेलिया की न्यू साउथ वेल्स और सिडनी सिक्सर्स ने एक-एक बार जीता था।

# ऑस्ट्रेलिया ने विंडीज को तीन विकेट से हराया

**किंगस्टन, वार्ता।** बेन ड्वारशिवस (चार विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद कैमरन ग्रीन (51) और मिचेल ओवेन (50) की अर्द्धशतकीय पारियों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को पहले टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को सात गेंदे शेष रहते तीन विकेट से हरा दिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। मिचेल ओवेन को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया। 190 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ही ओवर में जेक फ्रेजर-मक्गर्क (दो) का विकेट गवां दिया। ऑस्ट्रेलिया का दूसरा विकेट कप्तान मिचेल मार्श 17 गेंदों में (24) रन के रूप में गिरा। इसके बाद जॉश इंग्लिस आठ गेंदों में (18) रन बनाकर पवेलियन लौट गए। ग्लेन मैक्सवेल (11) रन बनाकर आउट हुए। कैमरन ग्रीन और मिचेल ओव. ेन ने तूफानी बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। दोनों बल्लेबाजों की बीच पांचवें विकेट के लिए 80 रनों की महत्वूपर्ण साझेदारी हुई। 15वें ओवर में गुडाकेश मोती ने कैमरन ग्रीन को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। कैमरन ग्रीन ने 26 गेंदों में पांच छक्के और दो चौके लगाते हुए (51) रन बनाये। मिचेल ओवेन ने 27 गेंदों में छह छक्के लगाते हुए (50) रनों की पारी खेली।

# कोनेरू हम्पी फिडे महिला शतरंज विश्व कप के सेमीफाइनल में



**जॉर्जिया, वार्ता।** भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी ने चीनी खिलाड़ी के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए फिडे महिला शतरंज विश्वकप के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। इसी के साथ हम्पी इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुँचने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बन गईं। हम्पी ने रविवार को खेले गए मुकाबले में चीन की आईएम युक्सिन सोंग के खिलाफ पहले गेम में जीत के बाद, दूसरे गेम में ड्रॉ खेलकर अंतिम चार में जगह बनाई। हम्पी का अब सेमीफाइनल में चीन की लेई लटगजी से मुकाबला होगा।

अंतिम चार में हम्पी के पहुं. चने के साथ यह पक्का हो गया कि उन्हें शीर्ष तीन में पहुंचने के दो मौके मिलेंगे जिससे उन्हें अगले महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में जगह भी मिल जाएगी जिसके लिए शीर्ष तीन खिलाड़ी क्वालिफाई करेंगी। वहीं हरिका और हमवतन दिव्या देशमुख के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा। दोनों खिलाड़ी अब टाई-ब्रेक में भिड़ेंगी।

## सम्पादकीय

मंगलवार, 22 जुलाई 2025

# न्याय की जीत

सोमवार को मुंबई उच्च न्यायालय से एक बड़ा फैसला आया। जिसमें 2006 में हुए मुंबई लोकल ट्रेन सिलसिलेवार बम विस्फोट मामले के सभी 12 आरोपियों को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया। इनमें पांच अभियुक्त वह थे, जिनको निचली अदालत से फांसी की सजा मिल चुकी थी। बाकी सात को आजीवन कारावास की सजा हुई थी। यह फैसला विशेष मौका अदालत ने सितम्बर 2015 में दिया था। जिन लोगों को मौत की सजा सुनाई गई थी, उनमें एक कामिल अंसारी भी था। जिसकी मौत नारको सेंटर जेल में बंद होने के दौरान कोरोना से मौत हो गई थी। यह फैसला हादसे के 19 साल बाद आया। यहां यह बताना भी जरूरी है कि यह घटना 11 जुलाई 2006 में तब हुई थी, जब शाम के व्यस्त समय में मुंबई के उप नगरीय रेलवे नेटवर्क ने पश्चिमी रेलवे की ट्रेनों को प्रथम श्रेणी के डिब्बों को निशाना बनाया गया था। हताहतों की संख्या बढ़ाने के लिए डिजाइन किए गए प्रेशर बमों ने 189 लोगों की जान ले गई थी और सात सौ से अधिक लोग घायल हुए थे।

इस पूरे मामले की जांच महाराष्ट्र के आतंक विरोधी दस्ते ने की थी और उसकी जांच में आतंकी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा और सीमी की संलिप्तता की बात सामने आई थी और 12 लोगों के खिलाफ आरोप तय किए गए थे। निचली अदालत के फैसले को मुंबई उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई थी और इस पूरे मामले की पैरवी आरोपियों की तरफ से महाराष्ट्र की जमीयत उलेमा कमेटी ने की थी। न्यायमूर्ति अनिल किलोर और न्यायमूर्ति श्याम चांडक की विशेष पीठ ने इस मामले की सुनवाई की। निश्चित रूप से मुंबई उच्च न्यायालय के इस फैसले का जहां स्वागत हो रहा है, वहीं कुछ सवाल भी खड़े हो रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल तो यही है कि कोई भी समझ सकता है कि जो लोग 19 साल तक जेल में रहे, वे किस यातना से गुजर रहे होंगे। वह भी निर्दोष होते हुए। सुनवाई कर रही पीठ ने जिस तरह की टिप्पणी अपने फैसले में की है, वह भी जांच एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करती है।

क्योंकि अदालत का कहना है कि विश्वास करना कठिन है कि आरोपियों ने अपराध किया था। पीठ ने अविश्वसीनय गवाहों, संदिग्ध पहचान परेड और यातना देकर इकबालिया बयान लेने के लिए भी जांच दल की आलोचना की। पीठ का साफ कहना है कि इस्तेमाल हुए बम के ब्योरे सहित दूसरे बुनियादी तथ्यों को स्थापित करने में एटीएस विफल रही है। यहां तक कि अपने फैसले में कहा कि जांच एजेंसी आरोपों की पुष्टि के लिए कोई भी ठोस सबूत पेश करने में विफल रही। निश्चित रूप से अदालत का यह फैसला महाराष्ट्र एटीएस के लिए किसी बड़े झटके से कम नहीं है और यह भी बताने के लिए काफी है कि हमारी जांच एजेंसियां बेहद संवेदनशील और महत्वपूर्ण मामले में भी किस तरह अपने काम को अंजाम देती हैं। अब एक सवाल तो यह भी पैदा होता है कि जो मुंबई सीरियल ब्लास्ट केस के आरोपी निर्दोष हो गए तो फिर असली आरोपी कौन हैं। इसका जवाब कौन देगा। शायद कोई नहीं। यह किसी विडंबना से कम नहीं है कि 19 वर्ष तक निर्दोष लोग आतंकवाद का कलंक लेकर जेल की सलाखों के पीछे रहे।

## विपक्ष का नेता हूं, बोलना मेरा अधिकार



विपक्ष का नेता होने के बावजूद उन्हें लोकसभा में बोलने नहीं दिया गया, रक्षा मंत्री और सरकार के अन्य लोगों को बोलने की इजाजत है, लेकिन विपक्षी नेताओं को बोलने नहीं दिया जा रहा, मैं विपक्ष का नेता हूं, बोलना मेरा अधिकार है, मुद्दे उठाना मेरा काम है, लेकिन वे मुझे बोलने नहीं दे रह, सरकार एक नया तरीका अपना रही है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदन से चले गए, अगर वे अनुमति दें तो चर्चा हो सकती है, लेकिन मुद्दा यह है कि संसदीय परंपरा कहती है कि अगर सरकार के नेताओं को बोलने की अनुमति है, तो हमें भी जगह दी जानी चाहिए, हम बोलना चाहते थे, लेकिन हमें अनुमति नहीं दी गई।

**-राहुल गांधी**
**नेता विपक्ष, लोकसभा**

## मुंबई ट्रेन ब्लास्ट: 19 साल बाद बाइज्जत बरी

# कौन लौटाएगा 19 साल



वसीम अकरम त्यागी

अंग्रेजी की एक लोकप्रिय सूक्ति है जस्टिस डिलेड इज जस्टिस डिनाइड अर्थात न्याय में देरी, न्याय से वंचित होने के समान है आसान शब्दों में कहें तो न्याय में देरी न्याय नहीं अन्याय है। भारत में ऐसे दर्जनों उदाहरण है जहां अदालत से न्याय पाने के लिए नागरिकों ने लंबी लड़ाई लड़ी हैं।

बीती 21 जुलाई को मुंबई हाईकोर्ट से 19 साल बाद न्याय पाने वाले 12 तथाकथित आतंकी शायद इस सूक्ति को ना कह पाएं क्योंकि उन्होंने अपने आपको निर्दोष साबित करने के लिए लगभग दो दशक लंबी लड़ाई लड़ी, तब जाकर अदालत ने उन्हें दोषमुक्त किया। दरअसल 11 जुलाई 2006 को मुंबई की लोकल ट्रेनों में सीरियल ब्लास्ट हुए थे। ये ब्लास्ट सात जगह पर हुए जिसमें 209 लोगों की जानें गईं, जबकि 714 लोग घायल हुए थे। 19 साल बाद 21 जुलाई को आए बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले ने सभी आरोपितो को बरी कर दिया है। यहां यह उल्लेख जरूरी है कि एंटी टेररिज्म स्क्वैड (एटीएस) ने 20 जुलाई, 2006 से तीन अक्टूबर, 2006 के बीच आरोपितों को गिरफ्तार किया। उसी साल नवंबर में आरोपितों ने कोर्ट को लिखित में जानकारी दी कि उनसे जबरन इकबालिया बयान लिए गए। एटीएस की चार्जशीट में 30 आरोपी बनाए गए। इनमें से 13 की पहचान पाकिस्तानी नागरिकों के तौर पर हुई।

11 सितंबर 2015 को स्पेशल मकोका कोर्ट ने 13 आरोपितों में से 12 आरोपितों को दोषी माना और पांच को फांसी सात को उम्रकैद की सजा सुनाते हुए एक आरोपी को बरी कर दिया था। लेकिन मुंबई हाईकोर्ट ने मकोका कोर्ट का फैसला पलटे हुए तमाम आरोपितों को बरी कर दिया है। मुंबई हाईकोर्ट के हालिया फैसले ने एक बार फिर सुरक्षा जांच एजेंसियों की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या सुरक्षा एजंसियों में कार्यरत अधिकारी पूर्वाग्रह से ग्रस्त नहीं हैं? क्या यह इत्तेफाक है कि सुरक्षा एजंसियां जिन्हें इस तरह के बम ब्लास्ट का आरोपी बनाया, वो सब एक ही समुदाय के हैं। सुरक्षा एजंसियों द्वारा आरोपितों की गिरफ्तारी के वक्त एक जैसी ही कहानियां गढ़ीं गई हैं और वो कहानियां अदालत में न्याय की कसौटी पर खरी ही नहीं उतर पाईं। इस तरह की आतंकी घटना के बाद सुरक्षा एजंसियों ने कुछ उर्दू नामधारी संगठनों पर आरोप लगाया और फिर कुछ युवाओं को गिरफ्तार कर उनके तार पाकिस्तान से जोड़कर अपनी जिम्मेदारी अदा कर ली। इन तथाकथित आतंकियों के बरी होने की यह पहली घटना नहीं है, बल्कि आम नागरिकों को आतंकवाद के आरोप में



फंसाकर उनकी जिंदगी के बेशकीमती वक्त को बर्बाद करने का एक लंबा सिलसिला है, एक लंबा इतिहास है। यहां भारत के तीन राज्यों में हुई बम विस्फोट की तीन घटनाओं की उल्लेख जरूरी है। गुजरात के गांधीनगर स्थित अक्षरधाम मंदिर पर 2002 में हुए आतंकी हमले में 32 लोग मारे गए थे और 80 से ज्यादा घायल हुए थे।

इस हमले के बाद, छह लोगों को दोषी ठहराया गया था, जिनमें से चार ने 11 साल जेल में बिताए थे। सुप्रीम कोर्ट ने बाद में इन सभी को बरी कर दिया। इन्हीं में एक मुफ्ती अब्दुल कय्यूम थे, उन्होंने अपनी बेगुनाही पर ह11 साल सलाखों के पीछे नामी चर्चित पुस्तक भी लिखी। इस पुस्तक में उनके साथ हुई ज्यादती का उल्लेख है। 13 मई 2008 को जयपुर में आतंकी घटना घटी थी। बम ब्लास्ट की इस घटना में 73 लोगों की जान गई थी। इस मामले में निचली अदालत ने 20 सितंबर 2019 को सैफ, सैफुल रहमान, सरवर और सलमान को फांसी की सजा सुनाई थी, लेकिन 29 मार्च 2023 को राजस्थान हाईकोर्ट ने चारों आरोपितों को बरी कर दिया। ये तीन ऐसे मामले हैं, जिनमें निचली अदालतों ने आरोपितों को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई थीं, लेकिन हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालतों के फैसलों को पलटते हुए दोषी ठहराए गए लोगों को बाइज्जत बरी किया है। यहां निचली अदालतों के इंसाफ करने की नीयत संदिग्ध नहीं लगती? आतंकवाद के ऐसे गंभीर मामलों में जिन आरोपितों को निचली अदालत दोषी ठहराती है, वही आरोपी हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में बाइज्जत बरी होते रहे हैं। बाइज्जत बरी। अदालत में इस एक लफ्ज को साबित करने के लिए सुरक्षा एजंसियों और मीडिया ट्रायल द्वारा आतंकवादी बनाए गए बेगुनाहों ने लंबा संघर्ष किया है। यहां अमेरीकी लेखक मैल्कम फीली द्वारा लिखी गई किताब द प्रोसेस इज द पनिशमेंट का उल्लेख प्रासंगिक है। द प्रोसेस इज द पनिशमेंट यानी न्यायिक प्रक्रिया ही सजा है। सोचिए। मुंबई ब्लास्ट के आरोपितों को खुद को बेकसूर साबित करने के लिए दो दशक लंबी लड़ाई लड़नी पड़ी है। जयपुर ब्लास्ट के आरोपितों को खुद को बेकसूर साबित करने के लिए 14 वर्ष लंबी कघनूनी लड़ाई लड़नी पड़ी है। अक्षरधाम मंदिर ब्लास्ट के आरो. पितों को खुद को बेकसूर साबित करने के लिए 11 साल लंबी कानूनी लड़ाई लड़नी पड़ी है। ऐसे दर्जनों उदाहरण हैं, जब बेगुनाह होते हुए भी नागरिकों ने अपनी जिंदगी के बेशकीमती 10, 15, 20 यहां तक की 25 साल जेल की काल कोठरी में बिताए हैं। इन आरोपितों के बरी होने ने एक नहीं कई सवाल खड़े किए हैं। पहला सवाल यह कि ब्लास्ट के पीड़ितों को इंसाफ नहीं मिल पाया। दूसरा उस बम ब्लास्ट को करने के आरोप में अपने ही बेगुनाह नागरिकों की जिंदगी को जेल की काल कोठरी में तबाह करने का गुनाह जांच एजेंसियों ने अपने सर लिया है। तब सवाल यह है कि ब्लास्ट के असली गुनहगार कौन हैं? असली आतंकवादी कौन हैं, क्योंकि जिन्हें गुनहागार और आतंकी बताकर देश के सामने लाया गया, झूठी कहानियां गढ़-गढ़ कर जिनका मीडिया ट्रायल किया उन तथाकथित आतंकियों को तो अदालत बरी कर चुकी है। तब असल गुनहागर कौन हैं? यह सवाल सिर्फ मुंबई ट्रेन ब्लास्ट का ही नहीं, अक्षरधाम मंदिर ब्लास्ट का भी है कि गुनहगार कौन हैं? सिर्फ अक्षरधाम मंदिर ब्लास्ट ही नहीं बल्कि सवाल यह भी है कि जयपुर ब्लास्ट के गुनहगार कौन हैं? इसके अलावा दर्जनों ऐसी घटनाएं हैं, जिनके सभी आरोपी अदालत से बरी हुए हैं। मुंबई हाईकोर्ट के फैसले पर ओडिशा हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रहे जस्टिस एस. मुरलीधर ने सुरक्षा एजेंसियों की कार्यशैली और नीयत दोनों पर ही गंभीर सवाल खड़े किए हैं। जस्टिस मुरलीधर ने कहा, इस मामले में जानबूझकर पक्षपातपूर्ण जांच की गई। बेगुनाह लोगों को जेल भेजा गया और जब वे वर्षों बाद बाहर आते हैं, तो उनकी जिंदगी की पुनर्निर्माण की कोई संभावना नहीं बचती। ये 12 लोग 17 साल से सलाखों के पीछे थे। उनकी पूरी जवानी और जिंदगी का सबसे अहम हिस्सा खत्म हो चुका है। ऐसे मामलों में जहां जनभावनाएं उबलती हैं, वहां पुलिस अफसर गुमराह किए जाते हैं और फिर मीडिया ट्रायल के जरिए दोष तय कर दिए जाते हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंसें पहले होती हैं, सबूत बाद में ढूंढे जाते हैं। क्या किसी ने सोचा है कि आतंकवाद के मामलों में आरोपी बनाए गए लोग और उनके परिवार किस मानसिक प्रताड़ना से गुजरते हैं। परिवार तो छोड़िए रिश्तेदार और दोस्तों तक मीडिया ट्रायल होता है। आरोप लगते है जिस तरह मीडिया ने सूत्र का हवाला देकर कैसी कैसी कहानियां बनाई हैं, उससे तो सभी वाकिफ हैं। अब मीडिया की नैतिकता पर भी सवाल है। जिन एंकर्स जिन चैनल्स, अखबारात ने अदालत के फैसले से पहले ही इन बेगुनाहों को आतंकी कहकर लिखकर प्रचारित प्रसारित किया था, क्या अदालत के फैसले के बाद वो अपने उस गुनाह की नैतिक जिम्मेदारी लेकर इन बेगुनाहों से माफी मांगेंगे? निर्दोष साबित होने तक दोषी मानने की धारणा ने कितने ही बेगुनाहों से उनके अपनों को दूर किया है। अदालत को ऐसे मामलों में सिर्फ मुकम्मल इंसाफ देना चाहिए, जिन अफसरों ने नागरिकों को झूठे इलजाम में फंसाया है, उन्हें सजा भी देनी चाहिए और जिन नागिरकों ने बेकसूर होते हुए भी जेल काटी है, उन्हें इसका मुआवजा मिलना चाहिए, मुआवजा की यह रकम उन्हें फंसाने वाले अधिकारियों से वसूल करनी चाहिए।

(लेखक पत्रकारिता से जुड़े हैं, ये उनके निजी विचार हैं)

# भारत की एकता, साहस व आकांक्षाओं का प्रतीक तिरंगा



श्वेता गोयल

विश्व में प्रत्येक राष्ट्र का अपना-अपना राष्ट्रीय ध्वज है। राष्ट्रीय ध्वज ही उसकी मर्यादा और अस्मिता से जुड़ा होता है, लेकिन इस मायने में हमारा राष्ट्र ध्वज तिरंगा अन्य राष्ट्र ध्वजों के मुकाबले अनेक विशेषताएं धारण किए हुए है। चूंकि अंग्रेजों से भारत की मिली आजादी के चंद दिन पहले ही 22 जुलाई 1947 को संविधान सभा ने वर्तमान भारतीय तिरंगे को देश के आधिकारिक ध्वज के रूप में अपनाया था, इसीलिए भारत में प्रतिवर्ष 22 जुलाई को राष्ट्रीय ध्वज दिवस मनाया जाता है।

आधिकारिक रूप में तिरंगे को अपनाने के बाद से यह देश की एकता, साहस और आकांक्षाओं का प्रतीक बन गया। राष्ट्रीय ध्वज दिवस भारत की सम्प्रभु राष्ट्र बनने की यात्रा का स्मरण कराता है। तिरंगा भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, स्वतंत्रता के लिए इसके कठिन संघर्ष और एकजुट एवं समृद्ध राष्ट्र के लिए अपने लोगों की आकांक्षाओं का प्रतीक है। हमारा राष्ट्र ध्वज न केवल राष्ट्र की एकता, अखंडता, गरिमा, गौरव, शक्ति, आदर्श और आकांक्षाओं का प्रतीक है बल्कि समूचे विश्व को त्याग की भावना एवं शाति का संदेश भी देता है। यह हमारी स्वतंत्रता का भी प्रतीक है क्योंकि आजादी की लड़ाई में क्रांतिकारियों को एकजुट करने में इसकी बहुत अहम भूमिका रही।

तिरंगे ने ही भारतवासियों को एकता और भाईचारे का संदेश देकर उन्हें एक सूत्र में पिरोकर अंग्रेजों से लोहा लेने को प्रेरित किया था। तब क्रांतिकारियों के लिए राष्ट्र ध्वज का सम्मान अपने प्राणों से भी बढ़कर होता था, इसीलिए अंग्रेजों की लाठियां व गोलियां खाते हुए भी उन्होंने इसे कभी झुकने नहीं दिया। तीन रंगों की पट्टियों वाले राष्ट्रीय ध्वज की सबसे ऊपर की केसरिया रंग की पट्टी त्याग, बल और पौरूष की प्रतीक है जबकि बीच वाली सफेद पट्टी शांति और सत्य की प्रतीक है और सबसे नीचे की हरे रंग की पट्टी हरियाली, समृद्धि एवं सम्पन्नता की प्रतीक है। झंडे के बीचों-बीच सफेद पट्टी में स्थित गहरे नीले रंग का अशोक चक्र आत्मनिर्भरता का प्रतीक है।

24 तीलियों वाला अशोक चक्र देश की प्रगति, राष्ट्र के कानून और धर्म के पहिए का प्रतीक है। डा। सर्वपल्ली राधकृष्णन के शब्दों में कहें तो जो लोग इस ध्वज के नीचे कार्य करेंगे, उन्हें सत्य और सदाचार के सिद्धांतों का पालन करना होगा। राष्ट्र ध्वज के नीचे कार्य करने वालों से उनका तात्पर्य सरकारों और नौकरशाहों से था। राष्ट्र कोकिला सरोजिनी नायडू ने भी राष्ट्र ध्वज की महत्ता का उल्लेख करते हुए संविधान सभा में राष्ट्र ध्वज का प्रस्ताव पेश करते समय 22 जुलाई 1947 को कहा था कि नए भारत के सभी नागरिकों को इस राष्ट्र ध्वज को प्रणाम करना होगा और इसके नीचे कोई छोटा-बड़ा नहीं होगा।

राष्ट्र ध्वज का सफर 7 अगस्त 1906 को आरंभ हुआ था। हरे, पीले और लाल रंग की तीन पट्टियों से बना यह राष्ट्रीय ध्वज कलकत्ता के पारसी बागान में फहराया गया था। उस ध्वज पर ऊपर की हरी पट्टी पर एक ही पंक्ति में सफेद रंग के आठ कमल अंकित थे जबकि बीच वाली पीली पट्टी पर देवनागरी में गहरे नीले रंग से वंदेमातरम् लिखा था और नीचे की लाल पट्टी पर बाईं ओर एक सफेद सूर्य और दाईं ओर एक-एक सफेद चन्द्रमा और तारा अंकित थे। 'भारत का झंडा' नामक यह ध्वज हालांकि भारत के सभी धर्मों, सम्प्रदायों और साम्प्रदायिक सद्भावना को मद्देनजर रखते हुए तैयार किया गया था लेकिन यह ध्वज सर्वमान्य नहीं हो पाया। 1917 में डा. एनी बेसेंट और लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक द्वारा 'होमरूल आन्दोलन' चलाया गया था। उस समय एक नया राष्ट्रीय ध्वज तैयार किया गया, जिसमें लाल और हरे रंग की एक के बाद एक कुल 9 समानान्तर और तिरछी पट्टियां थी। उस ध्वज के बीचों-बीच 7 तारे थे और एक कोने में चांद व तारा अंकित थे जबकि उसके ऊपरी बाएं कोने में 'यूनियन जैक' का चित्र (झंडे का चौथाई भाग) बनाया गया था। झंडे में यूनियन जैक के इस चित्र को सम्मिलित किए जाने के कारण ही यह अधिकांश लोगों द्वारा नापसंद कर दिया गया

तब एक ऐसे ध्वज की आवश्यकता महसूस की गई, जो प्रत्एक धर्म, सम्प्रदाय और विच. ारधाराओं के लोगों का प्रतिनिधित्व करने के साथ देशवासियों के लिए जीवन-मरण का प्रतीक भी बन सके। 1921 में विजयवाड़ा में कांग्रेस के अधिवेशन में आंध्र प्रदेश के पिंगली वैंकैया नामक क्रांतिकारी युवक ने महात्मा गांधी को एक ऐसा ध्वज भेंट किया, जिसमें लाल व हरे रंग की केवल दो पट्टियां थी लेकिन पंजाब के एक बुजुर्ग नेता रायजादा पंडित हंसराज ने गांधी जी को सुझाव दिया कि इस ध्वज में चरखे को भी अंकित किया जाए और तब गांधी जी ने यह सुझाव स्वीकारते हुए हिन्दुओं के लिए केसरिया रंग, मुस्लिमों के लिए हरा रंग तथा अन्य सम्प्रदायों के लिए ध्वज में सफेद रंग को भी शामिल किया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# कैराना सांसद इकरा हसन सद्भाव व सेवा की नई मिसाल



मौ. आसिफ कुरैशी

देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था और महिला सम्मान को ठेस पहुंचाने वाली एक बेहद दुर्भाग्यपूर्ण घटना सामने आई है। कैराना लोकसभा क्षेत्र की सांसद इकरा हसन के खिलाफ की गई आपत्तिजनक और अशोभनीय टिप्पणी न केवल एक जनप्रति. निधि का अपमान है, बल्कि यह देश की समस्त महिलाओं के सम्मान पर सीधा प्रहार है।

जिस तरह से राजनीतिक विरोध की आड़ में महिला सांसद को निशाना बनाया गया है, वह भारत जैसे संवैधानिक लोकतंत्र में किसी भी दृष्टि से स्वीकार्य नहीं हो सकता। लोकतंत्र में मतभेद की गुंजाइश हमेशा रहती है परंतु किसी के विरुद्ध इस प्रकार की भाषा का प्रयोग, विशेषकर एक महिला नेता के लिए, हमारे समाज की गिरती राजनीतिक मर्यादा का प्रतीक है। इकरा हसन एक शिक्षित, सक्रिय और जनसरोकारों से जुड़ी हुई सांसद हैं, जो लगातार अपने क्षेत्र और देशहित में कार्य कर रही हैं। उनके विरुद्ध की गई टिप्पणी यह दर्शाती है कि कुछ तत्व सांप्रदायिकता को बढ़ावा देकर अपनी रोटियां सेकने और सस्ती लोकप्रियता को हासिल की होड़ में लगे है,जो समाज के लिए हानिकारक है। ऐसे सोच रखने वाले व्यक्तियों को समाज के लोगों को आगे आकर लोकतांत्रिक रूप से विरोध करना चाहिए।

हम इस अभद्र और दुर्भावनापूर्ण टिप्पणी की घोर निंदा करते हैं और संबंधित व्यक्तियों से तत्काल माफी की मांग करते हैं। साथ ही प्रशासन से अपेक्षा करते हैं कि वह ऐसे मामलों को गंभीरता से लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करे, ताकि भविष्य में किसी भी जनप्रतिनिधि, विशेषकर महिला नेताओं को इस प्रकार की अपमानजनक स्थिति का सामना न करना पड़े।

आज जरूरत इस बात की है कि हम राजनीति में भाषा की मर्यादा बनाए रखें और महिलाओं के सम्मान की रक्षा करें। इकरा हसन पर की गई टिप्पणी न केवल उनके व्यक्तिगत सम्मान को ठेस पहुंचाने वाली है, बल्कि यह पूरे देश की महिलाओं के आत्मसम्मान के विरुद्ध है। आज कल पूरे देश में सांसद इकरा चौधरी के साथ एडीएम द्वारा किए गए दुर्व्यवहार को लेकर माहौल गरमाया हुआ है, जबकि सांसद महोदया के साथ हुए दुर्व्यवहार को लेकर प्रदेश के नेताओं ने मोर्चा संभालते हुए इकरा चौधरी का समर्थन किया है।

उत्तर प्रदेश की कैराना लोकसभा सीट, जो कभी सामाजिक तनाव और राजनीतिक उथल-पुथल के लिए चर्चा में रही, आज एक नई पहचान बना रही है। इस बदलाव की प्रेरणा हैं समाजवादी पार्टी की युवा सांसद इकरा चौधरी, जिन्होंने अपनी शिक्षा, संवेदनशील नेतृत्व, और जनसेवा के प्रति समर्पण से न केवल कैराना को नई दिशा दी है, बल्कि भारतीय राजनीति में एक प्रेरणादायक व्यक्तित्व के रूप में अपनी जगह बनाई है। उनकी सादगी, सर्वधर्म समभाव, और जमीन से जुड़ा दृष्टिकोण उन्हें न केवल कैराना की जनता की पसंदीदा नेता बनाता है, बल्कि देशभर में एक नई उम्मीद का प्रतीक भी बनाता है।

26 अगस्त 1994 को जन्मी इकरा चौधरी एक प्रतिष्ठित राजनीतिक परिवार से ताल्लुक रखती हैं। उनके दादा स्वर्गीय अख्तर हसन ओर पिता, स्वर्गीय



चौधरी मुन्नवर हसन, और माता, बेगम तबस्सुम हसन, सांसद रह चुके हैं, लेकिन इकरा चौधरी ने अपनी पहचान केवल इस विरासत के सहारे नहीं बनाई। बल्कि उनकी शैक्षिक उपलब्धियां और विचारशीलता ने उन्हें एक विशिष्ट नेता के रूप में स्थापित किया है।

इकरा चौधरी ने दिल्ली विश्वविद्यालय के लेडी राम कॉलेज से स्नातक की डिग्री हासिल की, जो देश के शीर्ष शिक्षण संस्थानों में से एक है। इसके बाद उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन से अंतर्राष्ट्रीय कानून और राजनीति में मास्टर डिग्री प्राप्त की। उनकी यह शैक्षिक पृष्ठभूमि उनके भाषणों, संसदीय चर्चाओं, और नीतिगत दृष्टिकोण में स्पष्ट रूप से झलकती है वे शिक्षा को केवल व्यक्तिगत विकास का साधन नहीं मानतीं, बल्कि इसे सामाजिक उत्थान और समावेशी विकास का आधार मानती हैं। यही कारण है कि वे अपने क्षेत्र में शिक्षा के प्रसार को प्राथमिकता देती हैं, विशेषकर महिलाओं और वंचित वर्गों के लिए। उनकी यह सोच उनके द्वारा उठाए गए शिक्षा से संबंधित मुद्दों में स्पष्ट दिखती है, जैसे कैराना में महिला डिग्री कॉलेज की स्थापना और अल्पसंख्यक व दलित छात्रों के लिए तकनीकी शिक्षा संस्थानों की मांग। 2024 के लोकसभा चुनाव में इकरा चौधरी ने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी प्रदीप चौधरी को लगभग 69,000 वोटों के अंतर से पराजित किया। यह जीत केवल एक राजनी. तिक सफलता नहीं थी, बल्कि यह उनकी जनता से गहरे जुड़ाव, उनकी सादगी, और हर वर्ग के साथ संवाद करने की कला की जीत थी। चुनाव प्रचार के दौरान इकरा चौधरी ने बड़े-बड़े वादों के बजाय जनता की वास्तविक समस्याओं को समझने और उनके समाधान का भरोसा दिलाने पर ध्यान दिया। उन्होंने कैराना, गंगोह, नकुड़, थानाभवन और शामली विधानसभाओं के क्षेत्रों में पैदल यात्राएं कीं, गांव-गांव जाकर लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को न केवल सुना, बल्कि उन्हें हल करने के लिए ठोस योजनाएं भी बनाईं। उनकी यह शैली, जिसमें वे हर समुदाय चाहे वह मुस्लिम, हिंदू, सिख, दलित, या पिछड़ा हो के साथ सहजता से संवाद करती थीं, जिसने उन्हें जनता का चहेता बना दिया। उनके प्रचार का एक अनोखा पहलू यह भी था उनकी सुलभता। वे न तो बड़े काफिलों के साथ चलीं और न ही अनावश्यक प्रचार पर ध्यान दिया। उनकी सभाओं में लोग उनकी सादगी और स्पष्टता से प्रभावित होते थे। मीडिया को एक स्थानीय निवासी ने कहा, था इकरा जी हमें अपनी बेटी जैसी लगती हैं। वे हमारी बात सुनती हैं और उसे संसद तक ले जाती हैं। जो क्षेत्र में उनकी बड़ी पहचान बनी हुई है। वो अपनी लोकसभा की पांचों विधानसभाओं में जनता दरबार लगाती रहती है,ओर लोकसभा क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका प्राथमिकता से निस्तारण कराती है। सांसद बनने के बाद इकरा चौधरी ने संसद में अपनी सक्रियता और स्पष्टवादिता से सभी का ध्यान आकर्षित किया है। उनकी संसदीय कार्यशैली में एक अनुशासित और तथ्यपरक दृष्टिकोण दिखता है, जो उनकी शैक्षिक पृष्ठभूमि और जनता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का परिणाम है। वे न केवल अपने क्षेत्र की समस्याओं को मजबूती से उठाती हैं, बल्कि राष्ट्रीय मुद्दों पर भी अपनी राय रखने में पीछे नहीं रहतीं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

### सीरिया पर हमले से अमेरिका गुस्साया

# व्हाइट हाउस ने नेतन्याहू को बताया 'पागल'

**वाशिंगटन।** इजरायल के सीरिया पर हमले से ट्रम्प नाराज हैं। एक्सियोस की एक रिपोर्ट के मुताबिक व्हाइट हाउस, इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के बर्ताव पर नाखुशी जाहिर की है। व्हाइट हाउस के अधिकारियों ने नेतन्याहू को 'पागल' और 'ऐसा बच्चा जो सही व्यवहार नहीं करता' तक कह दिया है। व्हाइट हाउस का मानना है कि नेतन्याहू बेकाबू हो गए हैं और इस तरह काम कर रहे हैं, जैसे उनके पीछे कोई राजनीतिक एजेंडा हो। एक वरिष्ठ अधिकारी ने एक्सियोस को बताया कि नेतन्याहू पागलों जैसी हरकतें कर रहे हैं। वह हर जगह बम गिरा रहे हैं।



- इजरायली प्रधानमंत्री की हरकतों से ट्रम्प की शांति कायम करने की कोशिशें कमजोर हो रही हैं
- इजरायल ने सीरिया के डूज (शिया) बहुल शहर स्वेदा में सीरियाई सेना के टैंकों पर हमला किया था
- इजरायल ने बुधवार को राजधानी दमिश्क पर भी हमला किया था

इससे ट्रम्प की शांति कायम करने की कोशिशें कमजोर हो रही हैं। इजरायल ने सीरिया के ड्रूज (शिया) बहुल शहर स्वेदा में सीरियाई सेना के टैंकों पर हमला किया था, क्योंकि वहां स्थानीय सरकार पर नागरिकों की हत्या के आरोप लगे थे। इसके बाद इजरायल ने बुधवार को राजधानी दमिश्क पर भी हमला किया और कई इमारतों को निशाना बनाया। इजरायल ने 16 जुलाई को सीरिया की राजधानी दमिश्क में कई इमारतों पर हमला किया। अमेरिका, गाजा के चर्च पर हमले से भी नाराज इससे पहले गाजा में इजरायली टैंक की बमबारी में एकमात्र कैथोलिक चर्च पर हमला हुआ था, जिसमें तीन लोगों की मौत हुई थी। इजरायली सेना ने इसे 'गलती' बताया, लेकिन अमेरिकी प्रशासन में इससे गुस्सा फैल गया। एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि हर दिन कुछ नया हो रहा है। ये सब क्या बकवास है? रिपोर्ट में कहा गया है कि सीरिया पर इजरायली हमला ट्रम्प प्रशासन के लिए पूरी तरह 'चौंकाने वाला' था। एक अन्य अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि गाजा के चर्च पर हुए हमले के बाद ट्रम्प ने नेतन्याहू को फोन कर जवाब मांगा। हालांकि राष्ट्रपति ट्रम्प ने इस चर्च हमले पर कोई सार्वजनिक बयान नहीं दिया, लेकिन उन्होंने नेतन्याहू को फोन किया और नाराजगी जताई। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री को इस हमले पर माफी मांगनी चाहिए, जिसके बाद नेतन्याहू ने एक बयान जारी किया। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि इस घटना पर ट्रम्प खुश नहीं हैं। सीरिया पर हमला व्हाइट हाउस के लिए इसलिए भी समस्या बन गया क्योंकि ट्रम्प उस देश में शांति लाना चाहते हैं और वहां पुनर्निर्माण के लिए अमेरिका की बड़ी भूमिका की घोषणा भी कर चुके हैं।

## इजरायली पीएम नेतन्याहू को फूड प्वाइजनिंग, 3 दिन वर्क फ्रॉम करेंगे

**तेल अवीव।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को फूड पाइजनिंग और शरीर में पानी की कमी यानी डिहाइड्रेशन की वजह से तबीयत खराब हो गई है। पीएमओ ने इसकी जानकारी दी। इसमें बताया गया है कि पीएम की हालत अब स्थिर है। नेतन्याहू अब 3 दिन घर पर रहकर ही आराम करेंगे। इस दौरान वे वर्क फ्राम होम यानी कि घर से ही अपना कामकाज संभालेंगे। नेतन्याहू रविवार सुबह होने वाली अपनी साप्ताहिक कैबिनेट बैठक में नहीं पहुंचे थे। इसके बाद से ही उनके स्वास्थ्य को लेकर सवाल उठने लगे। द टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट के मुताबिक, पीएमओ ने बताया कि नेतन्याहू की शनिवार रात ही तबीयत खराब लगने लगी थी। इसके बाद डाक्टर ने उनके घर पर पहुंचकर जांच की। डाक्टरों ने बताया कि नेतन्याहू को खाने की वजह से आंतों में सूजन हो गई थी।



नई दिल्ली। संसद भवन स्थित सीपीपी कार्यालय में उनके जन्मदिन समारोह के दौरान पार्टी कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को बधाई देते पार्टी नेता।

## ईरान ने प्रतिबंध लगाए जाने के मामले में दी चेतावनी

**तेहरान।** ईरानी विदेश मंत्री सईद अब्बास अरागची ने कहा है कि उनके देश पर प्रतिबंध लगाने के मामले में ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी (ई3) देशों को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की विश्वसनीयता को कम नहीं करना चाहिए। उन्होंने रविवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि ई3 देशों के पास 2015 के परमाणु समझौते के प्रावधानों या यूएनएससी प्रस्ताव 2231 को लागू करने के लिए 'कानूनी, राजनीतिक और नैतिक आधार' का अभाव है। यह आधार ही ईरान के समझौते का पालन न करने पर उस पर फिर से अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंध लगाने की अनुमति देता है। उन्होंने कहा कि 2018 में अमेरिका के संयुक्त व्यापक कार्य योजना से हटने के बाद, ईरान ने सुधारात्मक उपाय करने से पहले विवाद समाधान तंत्र का उपयोग किया, जबकि ई3 अपनी प्रतिबद्धताओं का पालन करने में विफल रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### सीरिया के सुवैदा में विरोधी गुटों में फिर हुई झड़पें

**दमिश्क।** दक्षिणी सीरिया के सुवैदा प्रांत के ग्रामीण इलाकों में रविवार को द्रूज समुदाय के लड़ाकों और अंतरिम सरकार समर्थित बद्दू आदिवासियों के बीच भीषण झड़पें हुईं, जिससे क्षेत्र में युद्धविराम की नाजुक स्थिति और भी खतरे में पड़ गई है। ब्रिटेन स्थित सीरियन ऑब्ज़र्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा कि द्रूज आबादी वाले इलाकों पर धावा बोलने की तैयारी के संकेतों के बीच, बुस्तान, दामा और नज़रान गांवों में आदिवासी लड़ाकों की ओर से बड़ी संख्या में बंदूकधारी इकट्ठा हो गए हैं।

### रूस में बस हादसे में 14 लोगों की मौत

**व्लादिवोस्तोक।** रूस के साखा राज्य में सोमवार तड़के एक बस के खाई में गिर जाने से 14 लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। राज्य के गृह विभाग की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि दुर्घटना स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 3:20 बजे डेनिसोव्स्की माइनिंग एंड प्रोसेसिंग प्लांट द्वारा संचालित एक सड़क पर हुई। इस बस में 30 से अधिक लोग सवार थे और यह सड़क से उतर कर नीचे 25 मीटर खाई में गिर गई।

### रूस शर्तों के साथ यूक्रेन से बातचीत को तैयार

**मॉस्को।** रूसी संसद क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने रविवार को कहा कि यूक्रेन से समझौते की दिशा में रूस तेज़ी से आगे बढ़ने के लिए तैयार है, लेकिन इस समझौते में लक्ष्यों को हासिल करने की बात होनी चाहिए। पेसकोव ने सरकारी टेलीविजन को दिए साक्षात्कार में कहा कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बार-बार यूक्रेनी समझौते को जल्द से जल्द शांतिपूर्ण निष्कर्ष पर पहुंचाने की अपनी इच्छा व्यक्त की है। यह एक लंबी प्रक्रिया है, इसके लिए प्रयास की आवश्यकता है, और यह आसान नहीं है।

### पोलैंड की वायु सेना अलर्ट पर

**मॉस्को।** पोलैंड ने यूक्रेन में कथित रूसी गतिविधियों के बीच अपनी और सहयोगी वायु सेनाओं को सक्रिय कर दिया है। पोलिश सशस्त्र बल परिचालन कमान ने कहा है कि उनके देश और सहयोगी वायु सेनाओं ने अभियान शुरू कर दिया है और वायु रक्षा और रडार टोही प्रणालियों को हाई अलर्ट पर रखा गया है।

# ट्रम्प ने ओबामा की गिरफ्तारी का AI वीडियो किया शेयर

## एफबीआई ने कॉलर पकड़कर गिराया

- हथकड़ी लगाई, पास में बैठे मुस्कुराते दिखे अमेरिकी प्रेसिडेंट
- वीडियो के अंत में ओबामा जेल की पोशाक में एक सेल के अंदर नजर आए

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा की गिरफ्तारी का एआई से बना वीडियो पोस्ट किया है। इस वायरल वीडियो में दिखाया गया है कि बराक ओबामा को एफबीआई एजेंट व्हाइट हाउस के ओवल आफिस में गिरफ्तार कर रहे हैं।

वीडियो में ओबामा को ट्रम्प के पास बैठे दिखाया गया है। इसके बाद 3 एजेंट्स आते हैं। एजेंट्स ओबामा का कालर पकड़कर उन्हें धक्का देकर नीचे गिरा देते हैं और उनके हाथों में हथकड़ियां लगाते हैं। पास में ही बैठे ट्रम्प यह सब देखकर मुस्कुरा रहे हैं। वीडियो के अंत में ओबामा जेल की पोशाक में एक सेल के अंदर नजर आते हैं। वीडियो की शुरुआत ओबामा के एक पुराने बयान से होती है, जिसमें वे कहते हैं कि कोई भी, खासकर राष्ट्रपति भी कानून से ऊपर नहीं है। इसके बाद कई डेमोक्रेटिक नेताओं की क्लिप जोड़ी गई है, जिनमें जो बाइडेन भी शामिल हैं, जो दो. हराते हैं कोई भी कानून से ऊपर नहीं है। इस वीडियो को लेकर ट्रम्प की ओर से कोई सफाई नहीं दी गई है कि यह वीडियो फर्जी है। उन्होंने यह नहीं बताया कि यह सिर्फ एक काल्पनिक दृश्य है। इस वीडियो की वजह से ट्रम्प की खूब आलोचना हो रही है। कई लोगों ने इसे 'उकसाने वाला' बताया और कहा कि एक राष्ट्रपति का इस तरह के फर्जी वीडियो शेयर करना लोकतंत्र के लिए खतरनाक हो सकता है। कुछ का यह भी कहना है कि यह एपस्टीन केस से ध्यान भटकाने की कोशिश है। ट्रम्प ने कुछ हफ्ते पहले ही ओबामा पर प्रशासन पर 2016 के चुनाव में उनके खिलाफ चुनावी धोखाधड़ी की साजिश रचने का आरोप लगाया था। इससे पहले अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने भी ट्रम्प पर 2016 के चुनाव में गड़बड़ी का आरोप लगाया। गबार्ड ने कहा कि ओबा. मा और उनके प्रशासन के कई सीनियर अधिकारियों ने मिलकर एक देशद्रोही साजिश रची थी। इनका मकसद यह साबित करना था कि ट्रम्प की 2016 की राष्ट्रपति चुनाव में जीत रूस की मदद से हुई थी।

### बांग्लादेश एयरफोर्स का विमान ढाका में स्कूल पर गिरा

# पायलट समेत 19 की मौत, 164 घायल

**ढाका।** बांग्लादेश की वायुसेना का ट्रेनर विमान सोमवार को ढाका के स्कूल पर गिर गया। एपी की रिपोर्ट के मुताबिक हादसे में 19 लोगों की मौत हो गई है। मरने वालों में 16 छात्र, दो शिक्षक और एक पायलट शामिल हैं।

हादसे में 164 से ज्यादा लोग घायल हैं। 60 से ज्यादा घायलों को बर्न इंस्टीट्यूट रेफर कर दिया गया है। मामूली रूप से घायल कई लोगों का उत्तरा मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। घायलों को हाथ ठेले पर अस्पताल ले जाने का एक वीडियो भी सामने आया है।

कई घायल बच्चों को हेलीकॉप्टर से अस्पताल पहुंचाया गया। सरकार ने एक दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। हादसे के समय स्कूल में क्लासेस चल रही थीं और सैकड़ों छात्र वहां मौजूद थे। बांग्लादेशी सेना ने वायुसेना का



एफ-7 बीजीआई विमान के क्रैश होने की पुष्टि की है। यह विमान चीन में बना था। हादसे के बाद बांग्लादेशी सेना स्कूल कैंपस में तैनात है।

सेना राहत और बचाव कार्य में भी जुटी है। अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने इस घटना पर दुख जताया है। उन्होंने एक फेसबुक पोस्ट में लिखा इस विमान हादसे में वायुसेना के सदस्य, माइलस्टोन स्कूल एंड कॉलेज के छात्र, अभिभावक, शिक्षक और कर्मचारी सहित जिन लोगों को नुकसान हुआ है, वह अपूरणीय है।

यह देश के लिए एक बेहद दुखद क्षण है। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं, यूनुस ने स्थिति को संभालने के लिए अस्पतालों और अधिका. रियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने घायलों की हर संभव मदद करने और हादसे की जांच कराने की बात भी कही। दूसरी तरफ फायर सर्विस ने बताया है कि यह घटना दोपहर 1:18 बजे हुई और उनके यूनिट 1:22 बजे मौके पर पहुंच गए। राहत और बचाव कार्य में उत्तरा, टोंगी, पल्लबी, कूर्मिटोला, मीरपुर और पूर्वांचल के आठ फायर स्टेशन के दल शामिल हैं।

# काबुल में बुर्का न पहनने पर दस महिलाएं गिरफ्तार

**काबुल।** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में पुलिस ने दस से अधिक ऐसी युवतियों को गिरफ्तार किया है जिन्होंने बुर्का या हिजाब पहनने संबंधी नियमों का कथित तौर पर पालन नहीं किया था।

अफगानिस्तान इंटरनेशनल मीडिया ने रविवार को बताया ये गिरफ्तारियां कथित तौर पर बीते दो दिनों में काबुल के इलाकों में हुईं। महिलाओं को रेस्टोरेंट, सड़कों और बाजारों से उठाकर अज्ञात जगह ले जाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि नैतिकता कानून संबंधी ये पुलिस अधिकारी पुरुष थे और उन्होंने लड़कियों के साथ मारपीट भी की। रिपोर्ट में कहा गया है कि महिलाओं को बिना किसी स्पष्टीकरण के ले जाया गया,



उनमें से कुछ को पुलिस की गाड़ियों में जबरन बिठाने से पहले पीटा गया। इन पर इस्लामी तरीके का हिजाब या हिजाब से संबंधित ड्रेस कोड का उल्लंघन करने का आरोप है। इसके अलावा मध्य और पश्चिमी काबुल में रविवार को लगभग 100 महिलाओं को गिरफ्तार किया गया। इन सभी को बाज़ार, सड़कों और यहां तक कि अस्पताल से भी उठा लिया गया। अफगानिस्तान इंटरनेशनल ने कहा कि अधिकारियों ने अभी तक गिरफ्तारियों के बारे में कोई बयान जारी नहीं किया है। अफगानिस्तान में कार्यरत संयुक्त राष्ट्र मिशन ने तालिबान अधिकारियों के लड़कियों को मनमाने ढंग से गिरफ्तार करने और हिरासत में लेने को लेकर चिंता जताई है। गौरतलब है कि अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) इस साल जुलाई में अफगानिस्तान में महिलाओं से दुर्व्यवहार के आरोप में दो शीर्ष तालिबान नेताओं के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर चुकी है। आईसीसी न्यायाधीशों ने कहा था कि तालिबान के सर्वोच्च नेता हैबतुल्लाह अखुनज़ादा और मुख्य न्यायाधीश अब्दुल हकीम हक्कानी पर लैंगिक उत्पीड़न का संदेह करने के 'उचित आधार' मौजूद हैं। आईसीसी न्यायाधीशों ने कहा कि तालिबान ने महिलाओं को शिक्षा, निजता, पारिवारिक जीवन के अधिकारों से 'गंभीर रूप से वंचित' किया है।

## अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के छह महीने पूरे

**वाशिंगटन।** 20 जनवरी 2025 को अमेरिका के राष्ट्रपति बने डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार को अपने कार्यकाल के 6 महीने पूरे कर लिए। चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने वादा किया था कि वे गाजा और यूक्रेन युद्ध को '24 घंटे में खत्म' करा देंगे, लेकिन अब तक न तो रूस-यूक्रेन युद्ध थमा है और न ही गाजा पट्टी में इजरायल-हमास संघर्ष। यूक्रेन में अब भी लड़ाई जारी है, जबकि गाजा में अभी तक 58 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। राष्ट्रपति बनने के बाद पहले छह महीनों में ट्रम्प का मुख्य फोकस वैश्विक व्यापार नीति पर रहा। उन्होंने चीन पर 60 प्रतिशत टैरिफ, वियतनाम पर 25 प्रतिशत, और यूरोपीय कारों पर 40 प्रतिशत टैक्स लगाया।

# जापान में पीएम इशिबा की पार्टी ऊपरी सदन में हारी

- 1955 के बाद पहली बार दोनों सदनों में बहुमत नहीं पीएम पर इस्तीफे का दबाव

**टोक्यो।** जापान में प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा की लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी और उसके सहयोगी दल ने देश के ऊपरी सदन में अपना बहुमत खो दिया है। हालांकि उन्होंने साफ कर दिया है कि वो प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देंगे।

जापानी संसद के उच्च सदन में कुल 248 सीटें हैं। इशिबा के गठबंधन के पास पहले से 75 सीटें थीं। बहुमत बनाए रखने के लिए उन्हें इस चुनाव में कम से कम 50 नई सीटों की जरूरत थी, लेकिन उन्हें केवल 47 सीटें ही मिल पाईं। इनमें से अकेले एलडीपी को 39 सीटें मिली हैं। एक सीट का नतीजा अभी आना बाकी है। यह हार पीएम इशिबा के लिए दूसरी बड़ी राजनीतिक असफलता है। इससे पहले अक्टूबर में निचले सदन का चुनाव हारने के बाद अब यह गठबंधन दोनों सदनों में अल्पमत में चला गया है। एलडीपी की स्थापना 1955 में हुई थी, और यह पहला मौका है जब उसने दोनों सदनों में बहुमत खो दिया है। टोक्यो में ऊपरी सदन के चुनाव के लिए रविवार को एक काउंटिंग सेंटर में अधिकारी वोटों की गिनती करते हुए। यह चुनाव उस वक्त हुआ जब जापान में मंहगाई बढ़ रही है और अमेरिका द्वारा लगाए जा सकने वाले टैरिफ को लेकर लोगों में चिंता है।

## ईरान और यूरोपीय शक्तियों के बीच 25 को होगी परमाणु वार्ता

**तेहरान।** ईरान, फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन शुक्रवार (25 जुलाई) को इस्तांबुल में परमाणु वार्ता करेंगे। तीन यूरोपीय देशों ने चेतावनी दी है कि वार्ता फिर से शुरू नहीं करने पर ईरान पर अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंध फिर से लगा दिया जाएगा। आईआरआईबी एजेंसी ने ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई के हवाले से कहा कि यह वार्ता शुक्रवार को इस्तांबुल में उप विदेश मंत्रियों के स्तर पर होगी जिसमें ईरानी उप विद. ेश मंत्री माजिद तख्त-रवांची और ईरानी अंतर्राष्ट्रीय मामलों के उप विदेश मंत्री काज़म ग़रीबाबादी हिस्सा लेंगे। वार्ता की तारीख की घोषणा ई3 देशों के विदेश मंत्रियों और यूरोपीय संघ के विदेश नीति प्रमुख के साथ पिछले गुरुवार को ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची की पहली बातचीत के बाद की गई। यह बातचीत इजरायल और अमेरिका द्वारा एक महीने पहले ईरानी परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमला किए जाने के बाद हुई है। गौरतलब है कि अमेरिका ने 2018 में तत्कालीन ट्रम्प प्रशासन के अंतर्गत इस समझौते से खुद को अलग कर लिया था और प्रतिबंधों को फिर से लागू कर दिया था तथा कूटनीतिक तनाव को फिर से भड़का दिया था।

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

प्रवेश सूचना- पैरामैडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open
10th व 12th (Open Board) से करें (विषय- साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th हेतु- 10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS (शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (एक्स-रे टैक.), CCH (एलोपैथिक), CAT (आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक.), CHD (होम्योपैथिक), ECCE (प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTP, CCA (कम्प्यूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
-: प्रवेश हेतु सम्पर्क करे :-
श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कालोनी, मेन पयैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

ROOP RAKSHAK®
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782, 9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट